संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 17 अंक: 348 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



केंद्रीय मंत्री मीनक्षी लेखी उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन बांटते हुई।

## फास्ट न्यूज

### पंजाब: बिश्नोई और बराड़ गैंग का संचालक गिरफ्तार

**चंडीगढ़:** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सोच के अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए शुरू की गई मुहिम के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (ए.जी.टी.एफ.) ने मोहाली से लॉरेंस बिश्नोयी और गोल्डी बराड़ गैंग के एक संचालक को गिरफ्तार करके राज्य में सनसनीखेज अपराधों को सफलतापूर्वक रोक लगाई। यह जानकारी आज यहाँ डायरैक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए गए संचालक की पहचान विक्रमजीत सिंह उर्फ विक्की निवासी सतिएवाला, फिरोज़पुर के रूप में हुई है। मुलजिम की अपराधिक पृष्ठभूमि है और वह पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में कत्ल, इरादा कत्ल, आरम्ज एक्ट और यूएपीए समेत घृणित अपराधों के कम से कम 20 मामलों में वांछित है।

पुलिस टीमों ने उसके कब्जे से .30 कैलीबर के एक चीनी पिस्तौल समेत 8 जिंदा कारतूस बरामद किए और उसकी टोयोटा फॉर्च्यूनर कार को भी जब्त कर लिया। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि भरोसेयोग्य जानकारी पर कार्यवाही करते हुए एडीजीपी प्रमोद बान के नेतृत्व वाली एजीटीएफ की टीमों ने एआईजी गुरमीत सिंह चौहान और डीएसपी बिक्रमजीत सिंह बराड़ की निगरानी में मुलजिम विक्की का पीछा करते हुए सैक्टर-91, मोहाली स्थित अपार्टमेंट, जहाँ उसने पनाह ली हुई थी, से उसे गिरफ्तार कर लिया।

### नोएडा में सर्दी और कोहरे के चलते 12वीं तक के स्कूल बंद

नोएडा, 28 दिसम्बर (हि.स.)। सर्दी और कोहरे को देखते हुए नोएडा प्रशासन ने नर्सरी से कक्षा 12 तक के शिक्षण संस्थानों में दो दिन का अवकाश घोषित किया है। सभी स्कूल 29 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक बंद रहेंगे। इस समय दिल्ली एनसीआर समेत पूरा उत्तर भारत सर्दी और कोहरे की चपेट में है। धुंध की वजह से कई इलाकों में विजिबिलिटी जीरो हो गई है। हाड़ कपाने वाली ठंड पड़ रही है। सर्द हवाओं के कारण ठिठुरन बढ़ गई है। ऐसे में नोएडा प्रशासन ने अवकाश घोषित किया है।

# 'इंडिया'-एनडीए में विचारधारा की लड़ाई'

## भाजपा के एक सांसद ने मुझसे कहा- बीजेपी में गुलामी चलती है: कांग्रेस सांसद राहुल गांधी

**साधा निशाना**

8 हिंदुस्तान को 90 लोग चलाते हैं। इनमें से ओबीसी कितने हैं, दलित-आदिवासी कितने हैं: राहुल

**टीम एक्शन इंडिया/नागपुर**

**कांग्रेस** के स्थापना दिवस समारोह में राहुल गांधी ने कहा- इंडिया और एनडीए में विचारधारा की लड़ाई है। कुछ दिन पर भाजपा के एक सांसद मुझे लोकसभा में मिले। उन्होंने मुझसे कहा- बीजेपी में गुलामी चलती है... जो ऊपर कहा जाता है, वो बिना सोचे समझे करना पड़ता है। बीजेपी में रहकर सहा नहीं जाता। मैं हूं बीजेपी में, मगर दिल मेरा कांग्रेस में है। मैंने कहा- भाई दिल तेरा कांग्रेस में शरीर बीजेपी में। मतलब, दिल शरीर को कांग्रेस में लाने से डर रहा है, यही हो सकता है। मैंने कहा मन क्यों नहीं बन पा रहा है। आप एमपी हो। आप मुझे हिंट दे रहे हो। मन क्यों नहीं बन पा रहा है।

**भाजपा की विचारधारा राजाओं वाली:** हमारे महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने पीएम से सवाल पूछा- जीएसटी में किसानों का क्या हिस्सा होगा। मोदी जी को सवाल अच्छा नहीं लगा, पटोले जी आउट हो गए। उनकी विचारधारा राजाओं की विचारधारा है। किसी की सुनना ही नहीं। ऑर्डर आएगा, आपको उसका पालन करना पड़ेगा। हमारे कार्यकर्ता मेरे सामने आते हैं और कहते हैं कि राहुल जी आपने जो ये किया अच्छा नहीं किया। मैं बताता हूं कि देखिए ये मैंने इस कारण से किया। मैं उनकी सुनता हूं। उनकी जो आवाज है उसका आदर करता हूं, रिस्पेक्ट करता हूं। कांग्रेस के स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ध्वजारोहण करके किया।

**कांग्रेस की लड़ाई अंग्रेजों के साथ राजा-महाराजाओं के खिलाफ भी थी:** गांधी-नेहरू जेल गए। अंबेडकर ने सालों संघर्ष किया। हमारी विचारधारा कहती है कि देश की लगाम जनता के हाथ में होनी चाहिए। देश को जैसे पहले राजा चलाते थे। वैसे नहीं चलाया जाना चाहिए। हम जनशक्ति, लोकशक्ति की बात करते हैं। आप हमारे सारे के सारे कानून देखिए। आजादी की लड़ाई जनता ने लड़ी थी।

### नागपुर से जन्मी आरएसएस ने देश को बर्बाद कर दिया: मल्लिकार्जुन खड़गे

**राहुल** गांधी ने कहा जातीय जनगणना होनी चाहिए। पता चलना चाहिए ओबीसी कितने हैं। पहले मोदी जी खुद को ओबीसी कहते थे। मेरे सवाल के बाद भाषण बदल जाते हैं। फिर वे कहने लगे कि हिंदुस्तान में तो केवल एक जात है गरीब। जैसे हमारी सरकार दिल्ली में आएगी, हम जातीय जनगणना करवाएंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमारे पीछे आरएसएस का बंगला है। आरएसएस भी यहीं (नागपुर) से पैदा हुई और यहीं



आरएसएस आज देश को बर्बाद कर रही है। मोदी आरएसएस का झंडा लेकर आगे चल रहे हैं और उनके पीछे आरएसएस है। इसलिए आपको सोचना चाहिए जब तक आप नहीं उठेंगे तब तक समानता का झंडा नहीं फहरा सकते। मैं सबसे विनती करूंगा कि पिछले 10 साल में बीजेपी और आरएसएस देश को तंग किए हैं। संघ की सरकार को नहीं रोका तो देश बर्बाद की ओर जाएगा और लोकतंत्र खत्म हो जाएगा।



### कांग्रेस स्थापना दिवस पर मेगा रैली आयोजित

गुरुवार को कांग्रेस 139वां स्थापना दिवस था। इस मौके पर पार्टी ने नागपुर में मेगा रैली का आयोजन किया है।

इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा, कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल के मुख्यमंत्री समेत पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता जुटे।

### सत्ता में आते ही जातीय जनगणना कराएंगे: राहुल

**कांग्रेस** ने गरीब जनता के लिए ये लड़ाई लड़ी थी। अगर आप आजादी से पहले यहां आते तो हिंदुस्तान की जनता को, महिलाओं को कोई अधिकार नहीं थे। दलितों को छुआ नहीं जाता था। ये आरएसएस की विचारधारा है। ये कांग्रेस ने बदला है।

**सत्ता में आते ही जातीय जनगणना कराएंगे:** मैंने संसद में पूछा- हिंदुस्तान को 90 लोग चलाते हैं। इनमें से ओबीसी कितने हैं, दलित-आदिवासी कितने हैं। बीजेपी के लोग चुप हो गए। ओबीसी की 50% आबादी है। 90 में से 3 ओबीसी हैं। इनको कोने में रखते हैं, छोटे विभाग देते हैं। हिंदुस्तान की सबसे बड़ी कंपनी की लिस्ट निकालो, मुझे दिखा दो इनमें कौन ओबीसी, दलित या आदिवासी है।

# कतर ने पूर्व भारतीय नौसैनिकों की फांसी कैद में बदली

## कोर्ट में मौजूद थे भारतीय राजदूत; विदेश मंत्रालय बोला- अपने नागरिकों की रक्षा करते रहेंगे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कतर में** कथित तौर पर जासूसी के आरोपी 8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों की फांसी की सजा पर वहां की अदालत ने रोक लगा दी है। अब सजा-ए-मौत की जगह इन भारतीयों को जेल में रहना होगा। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है। कतर की कोर्ट ऑफ अपील ने फैसला गुरुवार को सुनाया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा- फैसले की डीटेल्स का इंतजार है। इसके बाद ही अगले कदम पर विचार किया जाएगा। सुनवाई के दौरान भारत के एम्बेसडर अदालत में मौजूद थे। उनके साथ सभी 8 परिवारों के सदस्य भी थे। भारत ने इसके लिए स्पेशल काउंसिल नियुक्त किए थे। हालांकि, फैसले की विस्तार से जानकारी अभी नहीं दी गई है। भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से इस बारे में लिखित बयान जारी किया गया है। इसमें सजा-ए-मौत को कैद में बदले जाने की जानकारी दी गई है। बयान के मुताबिक- कतर की कोर्ट ऑफ अपील ने दाहरा ग्लोबल केस में 8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों की सजा में कमी कर दी है। फैसले की डीटेल्स का इंतजार है। बयान के मुताबिक- कतर में हमारे एम्बेसडर और दूसरे अफसर आज अदालत में मौजूद थे। इसके अलावा सभी नौसैनिकों के परिजन भी वहां थे। हम अपने नागरिकों की हिफाजत के लिए शुरू से खड़े रहे हैं और आगे भी कॉन्स्यूलर एक्सेस समेत तमाम मदद दी जाएगी।

**राहत**

8 फैसले की डीटेल्स का इंतजार है। इसके बाद ही अगले कदम पर विचार किया जाएगा: भारतीय विदेश मंत्रालय

# निज्जर हत्या: '2 आरोपी गिरफ्तार होंगे'

**टीम एक्शन इंडिया/कनाडा**

**कनाडा में** खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने 2 आरोपियों की पहचान का दावा किया है। कनाडाई मीडिया ग्लोब एंड मेल ने अपनी रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ हफ्तों में दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकती है। दोनों आरोपियों पर चार्जशीट दायर होने के बाद हत्या की साजिश में भारत सरकार की भूमिका का खुलासा किया जाएगा। ग्लोब एंड मेल की रिपोर्ट में बताया गया है कि निज्जर की हत्या 18 जून 2023 को हुई थी। उसकी हत्या के बाद से दोनों आरोपी एक बार भी



कनाडा से बाहर नहीं गए हैं।

**भारत बोला- कनाडा से मिली जानकारी की जांच करेंगे**

कनाडा की पुलिस पिछले कई महीनों से दोनों संदिग्धों की निगरानी कर रही है, जिसके बाद अब उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं भारत सरकार ने कहा है कि निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा ने जो जानकारी साझा की है, उसकी जांच की जाएगी। दरअसल, 18 सितंबर को कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने अपनी संसद में भारत सरकार पर निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया था। इसके बाद से दोनों देशों में तनाव बढ़ गया। हालांकि, विदेश मंत्रालय ने मामले में कनाडाई सरकार से आरोप और पुख्ता जानकारी देने की मांग की थी।

**दावा**

8 2 आरोपी गिरफ्तार होंगे, पुलिस ने महीनों तक इनकी निगरानी की, भारत की भूमिका पर होगा खुलासा: कनाडा

### दिल्ली-एनसीआर में कोहरे का रेड अलर्ट

**नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर में कोहरे को लेकर रेड अलर्ट है। घनी धुंध के कारण रेलवे, सड़क और एयर रूट प्रभावित हुए हैं। दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में विजिबिलिटी 0-50 मीटर तक रह गई है। 28 दिसंबर की सुबह 5:30 बजे सफदरजंग में 50 मीटर और पालम में 25 मीटर विजिबिलिटी दर्ज की गई। दिल्ली एयरपोर्ट पर 134 फ्लाइट्स लेट हो गईं। इसके अलावा 22 ट्रेनें 8 से 10 घंटे की देरी से चल रही हैं। उधर, यूपी के 32 जिलों में फॉग का रेड अलर्ट है। इन शहरों में विजिबिलिटी कहीं जीरो तो कहीं 5-10 मीटर तक पहुंच गई। 5 जिलों में स्कूल बंद कर दिए हैं।




हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशासनिक सचिवों, जिला उपायुक्तों के साथ राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए।

# ललन सिंह बने रहेंगे जदयू के अध्यक्ष!



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**जनता दल यूनाईटेड के अंदर** चल रहे उठापटक के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने पार्टी अध्यक्ष ललन सिंह पहुंचे। बिहार भवन में दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई। इससे पहले मीडिया से बातचीत करते जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि जदयू अध्यक्ष ललन सिंह ने अध्यक्ष पद से इस्तीफे की खबरों को खारिज करते हुए कहा, "नीतीश कुमार हमारे सर्वोच्च नेता हैं।" जदयू एक है और एक ही रहेगा। इसमें सीएम नीतीश कुमार और राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह भी मौजूद रहेंगे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को दिल्ली में शुरू होने वाले दो दिवसीय पार्टी सम्मेलन से पहले अपनी पार्टी में बड़े संगठनात्मक बदलाव की अफवाहों के बारे में पूछे गए सवालों को टाल दिया।

बता दें कि दिल्ली जाने से पहले सीएम नीतीश कुमार ने पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत में कहा कि ये बैठकें हर साल होती हैं। सब नॉर्मल बता दें कि जब सीएम से पूछा गया कि क्या 29 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली जेडीयू की महत्वपूर्ण बैठक में ललन सिंह द्वारा अपने इस्तीफे की औपचारिक पेशकश करने की संभावना है, तो उन्होंने इसका सीधा जवाब नहीं दिया।

**एनडीए में शामिल होने की अफवाह:** वहीं, सीएम ने एनडीए में शामिल होने की अफवाहों के बारे में पूछे गए सवालों को भी टाल दिया।

**उठापटक**

8 नीतीश कुमार हमारे सर्वोच्च नेता हैं।" जदयू एक है और एक ही रहेगा: जदयू अध्यक्ष ललन सिंह

# ईडी की चार्जशीट में पहली बार प्रियंका गांधी का नाम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) की चार्जशीट में पहली बार कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा का नाम आया है। जांच एजेंसी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत प्रियंका नाम चार्जशीट में शामिल किया है। प्रियंका ने 2006 में हरियाणा के फरीदाबाद में 5 एकड़ की खेती की जमीन खरीदी। प्रियंका ने ये जमीन दिल्ली के रियल एस्टेट एजेंट एचएल पाहवा से खरीदी। फरवरी 2010 में इस जमीन को पाहवा को ही बेच दिया। ईडी के मुताबिक, यह



जमीन फरीदाबाद के अमीपुर गांव में पाहवा से खरीदी गई थी। इसी एजेंट से प्रियंका के पति रॉबर्ट वाड्रा ने भी 2005-2006 में अमीपुर गांव में 40.08 एकड़ जमीन के तीन टुकड़े खरीदे और उसे दिसंबर 2010 में एजेंट को ही बेच दिया।

**प्रियंका का मामला चार्जशीट में क्यों शामिल हुआ:** एजेंट पाहवा वही व्यक्ति है, जिसने एनआरआई कारोबारी सीसी थंपी को भी जमीन बेची थी। एक बड़े मामले में भगोड़ा हथियार डीलर संजय भंडारी भी शामिल है, जिसकी कई एजेंसियां मनी-लॉन्ड्रिंग, विदेशी मुद्रा और कालेधन कानूनों के उल्लंघन और आधिकारिक गोपनीयता कानून (ऑफिशियल सीक्रेट) जांच कर रही है।

**आरोप**

8 फरीदाबाद में 2006 में एजेंट से 5 एकड़ जमीन खरीदी, 2010 में उसी को बेची

# सबसे खराब दौर में पूर्वी लद्दाख क्षेत्रीय सीमा: जयराम रमेश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस** देशभर में अपना 139वां स्थापना दिवस मना रही है। गुरुवार को स्थापना दिवस के मौके पर नागपुर में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया है। 'हैं तैयार हम' महारैली के जरिए कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट चुकी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत कई दिग्गजों ने शिरकत की। कांग्रेस की महारैली में केंद्र सरकार पर जमकर हमले किए गए। इसी बीच, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के जरिए भाजपा की केंद्र सरकार को जमकर घेरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मई 2020 से चीन के सैनिक भारतीय गश्ती दल को पूर्वी लद्धाख के डेपसांग मैदान, डेमचोक तक पहुंच बनाने से रोक रहे हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश अपने छह दशकों में सबसे बुरे क्षेत्रीय संकट से जूझ रहा है।

### राजस्थान में भी उठी 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश की मांग

**जयपुर:** काशी के बाद अब राजस्थान में भी 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे रामलला की प्राण- प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन को लेकर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग उठने लगी हैं। राजधानी जयपुर के व्यापार महासंघ ने प्रदेश सरकार से सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है। महासंघ के कोषाध्यक्ष सौभागमल अग्रवाल ने कहा कि भगवान रामलला अयोध्या में विराजमान होने वाले हैं। यह दिन संपूर्ण भारत के लिए बहुत गौरव व सम्मान का दिन हैं। राजस्थान भी अपने रामलला के इस भव्य आयोजन के एक- एक क्षण को उत्सव की तरह मनाने के लिए बहुत उत्साहित हैं। इसलिए इस दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाना चाहिए।

**समीक्षा बैठक** अब तक लगभग 3438 ग्राम पंचायत/वार्डों में हो चुके हैं कार्यक्रम, लगभग 23 लाख से अधिक लोगों ने की भागीदारी

# विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति में हरियाणा देश में पहले स्थान पर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ -**

**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा राज्य में 30 नवंबर को शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा दिन-प्रतिदिन नागरिकों में नया जोश भर रही है। हर दिन लाखों लोग गांवों और शहरों में यात्रा का स्वागत कर रहे हैं और अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। परिणामस्वरूप यात्रा की प्रगति के मामले में अभी तक हरियाणा देश में पहले स्थान पर है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी जिला उपायुक्तों के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में शहरी



स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता भी उपस्थित थे। लोकसभा सांसद और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री नायब सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। मनोहर लाल ने जिला उपायुक्तों का उत्साहवर्धन किया और निर्देश देते हुए कहा कि हरियाणा का रैंक आगे भी पहले स्थान पर बरकरार रहे, इसके लिए लगातार मेहनत करते रहें। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नागरिकों को उनके घर द्वार पर देना है। साथ ही लोगों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण सुनिश्चित करना है। इसलिए यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान कार्ड, निरोगी हरियाणा इत्यादि फ्लैगशिप योजनाओं के स्टॉल्स की संख्या को बढ़ाया जाए ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके।

मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि परिवार पहचान पत्र और आयुष्मान कार्ड के लिए गठित टीमें हर नागरिक के प्रतिवेदन को स्वीकार करें और उनकी समस्याओं का संपूर्ण समाधान सुनिश्चित करें। 26 जनवरी तक इस यात्रा का संचालन किया जाना है और इस दौरान हम सभी का यह ध्येय होना चाहिए कि अंत्योदय की भावना से पात्र व्यक्ति को हर योजना का लाभ दिया जाए।

**नागरिकों को लाभ**


8 मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने यात्रा को लेकर जिला उपायुक्तों के साथ की अहम बैठक

# 'दिल्ली एक विश्व स्तरीय शहर बनने की राह पर'

## पीएम उदय के तहत दिल्ली की 1,731 अनधिकृत कॉलोनियों के निवासियों को स्वामित्व अधिकार प्रदान करने की प्रक्रिया में भीः पुरी

**योगदान**

**8 यह कुछ हद तक डीडीए के प्रयासों का ही नतीजा है कि दिल्ली एक विश्व स्तरीय शहर बनने की राह पर है**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** विकास प्राधिकरण (डीडीए) का उल्लेखनीय योगदान यह सुनिश्चित करने का प्रयास रहा है कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर समुदाय और वंचित वर्ग एक ऐसा शहर बनाने की महत्वाकांक्षा में पीछे न रह जाएं, जो बदलते समय के साथ तालमेल बनाए रखे। केंद्रीय आवास, शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के 67वें स्थापना दिवस समारोह के मौके पर उक्त उद्गार व्यक्त किए। समारोह का आयोजन द्वारका स्थित यशोभूमि में किया गया था।

पुरी ने कहा कि यह कुछ हद तक डीडीए के प्रयासों का ही नतीजा है कि दिल्ली एक विश्व स्तरीय शहर बनने की राह पर है। उन्होंने कहा कि यथावत स्लम पुनर्वास परियोजना के तहत डीडीए ने सफलतापूर्वक घर उपलब्ध कराए हैं और पीएम उदय के तहत दिल्ली की 1,731 अनधिकृत कॉलोनियों के निवासियों को स्वामित्व अधिकार प्रदान करने की प्रक्रिया में भी है। इस मौके पर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने संबोधित करते हुए कहा कि डीडीए के अध्यक्ष के रूप में पिछले डेढ़ साल से डीडीए की सभी परियोजनाओं में व्यक्तिगत रूप से शामिल रहा और गर्व से कह सकता हूं कि मैं राष्ट्रीय राजधानी को स्वरूप देने में डीडीए की कड़ी मेहनत से बहुत प्रभावित हूं।

उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली एक मिश्रित और जीवंत शहर है। जहां कई एजेंसियां काम कर रही हैं और सरकार तथा इसकी एजेंसियों से लोगों की आकांक्षाएं बहुत बड़ी हैं। इन्हें पूरा करना कोई आसान काम नहीं है लेकिन डीडीए ने शहर के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाई है।

# संसद सुरक्षा चूक मामला: दिल्ली पुलिस ने कोर्ट से मांगी आरोपितों के पॉलीग्राफ टेस्ट की अनुमति

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
संसद की सुरक्षा में चूक के मामले के सभी छह आरोपित गुरुवार को दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किये गए। पेशी के बाद दिल्ली पुलिस ने आरोपितों के पॉलीग्राफ टेस्ट की अनुमति मांगी। कोर्ट दिल्ली पुलिस की इस अर्जी पर 2 जनवरी को सुनवाई करेगा। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट से कहा कि सभी आरोपितों से यह पूछा जाए कि क्या वह पॉलीग्राफी टेस्ट के लिए तैयार हैं। कोर्ट को यह बताया गया कि आरोपितों की ओर से विधिक सहायता प्राधिकार की ओर से उपलब्ध कराए गए वकील अभी दिल्ली में उपलब्ध नहीं हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि

**होंगे खुलासे**

**8 दिल्ली पुलिस ने इन आरोपितों के खिलाफ यूएपीए की धारा 16ए के तहत आरोप लगाए गए हैं**

विधिक सहायता प्राधिकार की ओर से उपलब्ध कराए गए वकील से आरोपितों की बात करना जरूरी है। तब दिल्ली पुलिस ने कहा कि इसकी वजह से हमारी जांच में देरी होगी। पुलिस ने कोर्ट से कहा कि दिल्ली विधिक सहायता प्राधिकार के किसी दूसरे को बुला लिया जाए। इस मामले में आरोपितों सागर शर्मा, नीलम आजाद, महेश कुमावत, ललित झा, डी. मनोरंजन और अमोल शिंदे को पेश किया गया। फिलहाल ये सभी आरोपित 5 जनवरी तक की पुलिस हिरासत में हैं।

दिल्ली पुलिस ने इन आरोपितों के खिलाफ यूएपीए की धारा 16ए के तहत आरोप लगाए गए हैं। दरअसल, 13 दिसंबर को संसद की विजिटर गैलरी से दो युवक लोकसभा में कूदे थे। कुछ ही देर में एक युवक ने डेस्क के ऊपर चलते हुए अपने जूतों से कुछ निकाला और अचानक पीले रंग का धुआं निकलने लगा।

# राम मंदिर का उद्घाटन होने के बाद देश में आर्थिक वृद्धि का अनुमान



**दावा**

**8 कैट ने सभी राज्यों के व्यापारिक संगठनों को साथ लेकर एक बड़े समन्वय का काम अपने जिम्मे लिया है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कन्फेडरेशन** ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर के उद्घाटन के बाद देश में आर्थिक वृद्धि का अनुमान जताया है। कारोबार संगठन कैट की मानें तो भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद जनवरी में करीब 50 हजार करोड़ रुपये का व्यापार होने का अनुमान है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि 22 जनवरी को श्री राम मंदिर के उद्घाटन के बाद भारत में 50 हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यापार होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि इस अतिरिक्त व्यापार की मांग को पूरा करने के लिए सभी राज्यों में व्यापारियों ने व्यापक तैयारियां कर ली हैं। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया और खंडेलवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया है कि 22 जनवरी को ह्राम राज्य दिवसह्न के रूप में घोषित किया जाए, क्योंकि श्री राम भारत की प्राचीन संस्कृति, सभ्यता एवं मयार्दा के प्रतीक हैं। कैट महामंत्री ने कहा कि राम मंदिर के उद्घाटन के बाद जनवरी में भारत में पर्याप्त आर्थिक वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के उद्घाटन के बाद देश में व्यापार के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। खंडेलवाल ने कहा कि बड़ी संख्या में कुर्ता, टी-शर्ट और अन्य वस्त्र तैयार किए जा रहे हैं, जिन पर राम मंदिर के मॉडल की हाथ से कढ़ाई और छपाई हो रही है। देश के सभी बाजारों में बड़ी मात्रा में श्रीराम ध्वजा, श्रीराम अंग्वस्त्र सहित श्रीराम के चित्र से अंकित मालाएं, लाकेट, चाबी के छल्ले, राम दरबार के चित्र, राम मंदिर के मॉडल के चित्र, सजावटी लटकनें, कड़े सहित अनेक प्रकार का सामान दुकानों में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इस पूरे अभियान में सभी वर्गों को व्यापार दिलाने तथा घर घर-दुकान दुकान श्रीराम का जयघोष करने के लिए कैट ने सभी राज्यों के व्यापारिक संगठनों को साथ लेकर एक बड़े समन्वय का काम अपने जिम्मे लिया है।

# मनी लॉन्ड्रिंग: पीएफआई के 5 पदाधिकारी 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के पांच प्रमुख पदाधिकारियों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आज इन आरोपितों की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था। पीएफआई के संस्थापक सदस्यों में से एक एएस इस्माइल, पीएफआई के कर्नाटक के अध्यक्ष मोहम्मद शकीफ, 2020 तक पीएफआई के राष्ट्रीय सचिव रहे अनीस अहमद, पीएफआई को प्रतिबंधित किये जाने तक राष्ट्रीय सचिव रहे अफसर पाशा और पीएफआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे ईएम अब्दुल रहीमान को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया है।

ये सभी प्रतिबंधित संगठन सिमी से भी जुड़े हुए थे। कोर्ट ने 22 दिसंबर को इन आरोपितों को आज तक की ईडी की हिरासत में भेजा था। कोर्ट ने 26 दिसंबर को पीएफआई के केरल के अध्यक्ष मोहम्मद बशीर को चार दिनों की ईडी हिरासत में भेजा था।

# निगम में हंगामे के बाद नेता प्रतिपक्ष समेत 4 सदस्य निलंबित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** नगर निगम (एमसीडी) की गुरुवार की बैठक में हंगामा के बाद दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय ने नेता प्रतिपक्ष सहित चार सदस्यों को 15 दिन के लिए निलंबित कर दिया। इनमें नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह तथा योगेंद्र वर्मा, गजेंद्र सिंह और रवि नेगी शामिल हैं। दिल्ली नगर निगम की सदन की बैठक में भाजपा ने कथित दवाई घोटाले के विरोध में हंगामा किया था। भाजपा पार्षदों के विरोध पर दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय का कहना है कि अगर प्रतिपक्ष के सदस्य सवाल उठाना चाहते हैं तो उठा सकते हैं लेकिन टेबल के ऊपर खड़े होकर बैनर दिखा रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि वे वहां अपना प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हम चर्चा शुरू करते हैं तो राय और इनपुट देते हैं लेकिन कुर्सी पर बैठते ही वे हंगामा शुरू कर देते हैं। यह सब पूर्व नियोजित है।



शैली ओबराय ने कहा कि एमसीडी के नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह 2-3 सत्रों से सत्र शुरू होने से पहले ही हंगामा करना शुरू कर देते हैं और अपने पार्षदों को सदन के अंदर हंगामा करने के लिए उकसाते हैं। वे लोगों के मुद्दों पर चर्चा नहीं चाहते हैं। मेयर ने कहा कि ये ऐसे मुद्दे उठाते हैं, जिसका एमसीडी से कोई लेना-देना नहीं है। शैली ओबराय ने कहा कि राजा इकबाल सिंह, योगेन्द्र वर्मा, गजेंद्र सिंह और रवि नेगी इन चारों सदस्यों को सदन से निलंबित करने से पहले भी कई बार चेतावनी भी दी गई थी। एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह ने कहा कि हमें यह नहीं बताया गया कि आज गुरुवार को सदन क्यों बुलाया गया।

# गणतंत्र दिवस पर किसान संगठन निकालेंगे ट्रैक्टर परेड

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**संयुक्त किसान** मोर्चा (एसकेएम) 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जिला स्तर पर ट्रैक्टर परेड आयोजित करेगा। एसकेएम ने गुरुवार को एक बयान जारी कर कहा कि एसकेएम देश के 500 जिलों में ट्रैक्टर रैली निकालने की तैयारी कर रहा है। संगठन ने किसानों से बड़ी संख्या में इस परेड में शामिल होने की अपील की है। ट्रैक्टर परेड में भाग लेने वाले किसान राष्ट्रीय ध्वज के साथ-साथ घटक संगठनों के झंडे भी लहराएंगे। किसान भारत के संविधान में निहित लोकतंत्र, संघवाद, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद के सिद्धांतों की रक्षा करने का संकल्प लेंगे।



ट्रैक्टर के साथ-साथ अन्य वाहन और मोटर बाइक भी परेड में शामिल होंगे।

एसकेएम ने कहा कि 10 जनवरी से 20 जनवरी, 2024 तक 20 राज्यों में एसकेएम की राज्य इकाइयां घर-घर जाकर और पर्चा वितरित करके बड़े पैमाने पर जन जागरण अभियान चलाएंगी। इस जन अभियान का उद्देश्य भाजपा के नेतृत्व वाली मोदी सरकार की कॉर्पोरेट समर्थक आर्थिक नीतियों को उजागर करना है।

# अरुण जेटली की 71वीं जयंती पर स्मरणोत्सव आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. अरुण जेटली की 71वीं जयंती के मौके पर अरुण जेटली पार्क में एक भव्य स्मरणोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। उपस्थित लोगों ने एक केंद्रीय मंत्री और एक कानूनी विशेषज्ञ के रूप में राष्ट्र के लिए उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद किया। इस मौके पर भाजपा नेता श्याम जाजू, दिल्ली भाजपा के महामंत्री योगेन्द्र चंदौलिया, कमलजीत सहरावत, प्रदेश उपाध्यक्ष योगिता सिंह, विधायक विजेंद्र गुप्ता, ओपी शर्मा, अनिल बाजपेयी, प्रदेश मंत्री हरीश खुराना, रिलेशन विभाग के प्रमुख विक्रम मित्तल, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सुनील यादव, महिला मोर्चा महामंत्री प्रियल भारद्वाज सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



# संजय सिंह हर शुक्रवार को तिहाड़ में रखेंगे व्रत

**नई दिल्ली: राज्यसभा सदस्य संजय सिंह** जेल के अंदर ही भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हर शुक्रवार को उपवास करेंगे। आप नेता ने पार्टी के कार्यकताओं के नाम जेल से भेजे गए संदेश में कहा है कि देश की एकजुटता के लिए यह उपवाश कर रहे हैं।

**सड़क से लेकर जेल तक लड़ना होगा:** संजय सिंह ने कहा है कि संभव हो तो हर जाति–धर्म के लोग हफ्ते में एक दिन भारत माता को माल्यार्पण कर उपवास करें। यह हमारे मनोबल को दृढ़ एवं हमारे संकल्प को मजबूती देगा। देश में लोकतंत्र को बचाने के लिए जेपी जैसे आंदोलन की पुनरावृत्ति होनी आवश्क है। महंगाई, बेरोजगारी, कुशासन एवं तानाशाही से पूरा देश त्रस्त है। इस लड़ाई के लिए हमें सड़क से लेकर जेल तक लड़ना होगा, जिसकी शक्ति हमें हमारी भारत माता, जो हमारी शक्ति माता भी हैं, उनके आशीर्वाद से ही संभव है। उधर संजय सिंह के संदेश पर उत्तर प्रदेश के अंदर हर शुक्रवार को सभी जिलों में भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आप कार्यकर्ता उपवास करेंगे।

# कोहरे के बीच होगा नए साल का स्वागत, यातायात पुलिस ने लोगों के लिए जारी किए सुझाव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** पिछले कुछ दिनों से कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आने वाले सप्ताह के लिए सुबह अधिकांश स्थानों पर घने से बहुत घने कोहरे का पूवार्नुमान जताया है। दिल्ली को पहले ही 'रेड अलर्ट' दिया जा चुका है। दृश्यता सीमा 199 मीटर से 50 मीटर तक या 50 मीटर से भी कम हो सकती है। इस समय घने से बहुत घने कोहरे के पूवार्नुमान के कारण 'सजग' रहने की चेतावनी है। आने वाले दिनों में घने कोहरे के कारण, सभी राहगीरों के लिए दुर्घटनाओं से बचने के लिए कुछ सावधानियां रखना जरूरी है। यातायात पुलिस ने लोगों को कुछ सावधानियां बरतने की सलाह दी है। सड़क पर निकलने से पहले इन बातों का रखें ध्यान,अपने गंतव्य को जानें और अपने मार्ग की योजना निर्धारित करें। वाहन को अच्छी स्थिति में रखें। सुनिश्चित करें कि सब कुछ काम करने के क्रम में है, विशेष रूप से लाइट, ब्रेक, टायर, विंडस्क्रीन वाइपर, रेडिएटर, बैटरी और कार हीटिंग सिस्टम। अपनी खिड़कियों और दर्पणों को साफ रखें।

# 'बाबरी मस्जिद दोबारा बनेगी...', जेएनयू की दीवारों पर लिखे गए स्लोगन

**विवाद**

**8 सुधांशु शेखर ने कहा कि संगठन का नाम काले मार्कर से पहले ही लिखा गया था**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जवाहरलाल** नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में एक बार फिर विवादित स्लोगन लिखने का मामला सामने आया है। भाषा अध्ययन केंद्र की दीवारों पर स्लोगन लिखा गया है। इसमें बाबरी मस्जिद दोबारा बनाने की बात कही गई है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के नाम के ऊपर यह स्लोगन लिखा गया है। एनएसयूआई ने इससे संबंध होने से इनकार किया है। एनएसयूआई के जेएनयू इकाई के अध्यक्ष सुधांशु शेखर ने कहा कि संगठन का नाम काले मार्कर से पहले ही लिखा गया था। स्लोगन रेड मार्कर से बाद में लिखे गए हैं। हमारे संगठन को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। जबकि ऐसे स्लोगन पर कड़ी कार्रवाई की मांग जेएनयू प्रशासन से हम करते रहे हैं। लेकिन, जेएनयू प्रशासन ऐसे मामलों में जांच को आगे नहीं बढ़ाता है। जबकि भाषा अध्ययन केंद्र के नीचे सीसीटीवी लगे हैं, उनके फुटेज खंगालकर भी आरोपितों तक पहुंचा जा सकता है।

**अधिकारी को घटनाक्रम की जानकारी नहीं:** उन्होंने कहा कि लगता नहीं है कि जेएनयू प्रशासन का ऐसा कोई इरादा है। दूसरी ओर, जेएनयू के सुरक्षा अधिकारी नवीन ने घटनाक्रम की जानकारी होने से इनकार किया है। बता दें कि जेएनयू के भाषा अध्ययन केंद्र में ही विवादित स्लोगन लिखे जाते हैं। कुछ महीने पहले भी स्लोगन लिखे गए थे। उससे पहले जाति विशेष को लक्षित करते हुए स्लोगन लिखे थे। लेकिन, इन मामलों में कोई जांच नहीं हुई।

**स्लोगन लिखे जाने पर है 10 हजार का जुर्माना**
भाषा अध्ययन केंद्र के इस स्थान पर सीसीटीवी भी नहीं लगे हैं। ऐसे में उत्पाती तत्व इसका पूरा फायदा उठाते हैं। यह तब है जब कुछ दिनों पहले ही मुख्य प्रॉक्टर ने ऐसे विवादित स्लोगन लिखने पर 10 हजार रुपये तक का प्रविधान कर दिया है। तब भी ऐसे मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।



# सीएम मनोहर ने की राज्य स्तरीय दिशा कमेटी की अध्यक्षता

## सांसदों व विधायकों ने भी लिया हिस्सा, काम में देरी करने पर मुख्यमंत्री ने लिया बड़ा एक्शन, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के ईआईसी व ईसी को दिशा कमेटी की बैठक से किया बाहर, दोनों को 5 दिन की कंपल्सरी लीव पर भेजा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशासनिक सचिवों, जिला उपायुक्तों के साथ राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। जिला प्रशासन के अधिकारी अपने विभागों से संबंधित योजनाओं की निरंतर निगरानी करते रहें ताकि जनता को त्वरित सुविधाएं प्रदान की जा सकें। बैठक की सह-अध्यक्षता विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली ने की। बैठक के दौरान पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा करने के दौरान जब पाइप लाइन बिछाने के कारण खराब हुई सड़कों और गलियों को ठेकेदारों द्वारा बनाने की ज़िम्मेदारी तय करने का विषय रखा गया तो जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों द्वारा दिए गए जवाब से मुख्यमंत्री संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने ईआईसी आशिम खन्ना और ईसी राजीव बतिश को तुरंत ही दिशा कमेटी की बैठक से बाहर किया और साथ ही दोनों को 5 दिन की कंपल्सरी लीव पर जाने के आदेश दिए। इतना ही नहीं, मुख्यमंत्री ने आगे से सही कार्य करने की चेतावनी भी दी। मनोहर लाल ने निर्देश दिए कि इस प्रकार की सड़कों और गलियों को ठेकेदारों द्वारा बनाया जाना सुनिश्चित किया जाए, क्योंकि यह नियम टेंडर दस्तावेज में पहले से ही उल्लिखित होता है।

**दिशा-निर्देश जारी**

**8 सड़कों और गलियों को ठेकेदारों द्वारा बनाया जाना सुनिश्चित किया जाए, क्योंकि यह नियम टेंडर दस्तावेज में पहले से ही उल्लिखित होता है: सीएम**

बैठक में लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, कार्तिकेय शर्मा, विधायक हरविंद्र कल्याण, नयनपाल रावत, नैना चौटाला और श्रीमती सीमा त्रिखा भी मौजूद रहे। इनके अलावा, सांसद डॉ अरविंद शर्मा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान केंद्र और राज्य सरकारों की विभिन्न योजनाओं की



विस्तार से समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला स्तर पर दिशा कमेटी की त्रिमासिक बैठक अवश्य बुलाई जानी चाहिए। यदि किसी कारणवश स्थानीय सांसद बैठक के लिए समय नहीं दे पाते हैं, तो उस स्थिति में जिला उपायुक्त को बैठक बुलाने का अधिकार है। इसलिए सभी बैठक तय समयावधि में होनी चाहिए।

**जल्द ही ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी बनेगी ग्रामीण आवास योजना:** मनोहर लाल ने कहा कि गरीब व जरूरतमंदों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के दृष्टिगत राज्य सरकार ने प्रदेश में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को सिर पर छत उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना बनाई है। इस योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को एक लाख मकान या प्लाट दिए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसी तर्ज पर अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी गरीबों को आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना की रूपरेखा तैयार की जाए।

**खनन कोष से 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों में शिवधाम योजना का कार्य करवाएं उपायुक्त:** मनोहर लाल ने जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के अंतर्गत खनन क्षेत्र वाले जिलों में खनिज कोष से खनन क्षेत्र से 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों में शिवधाम योजना के तहत करवाए जाने वाले कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि चरखी दादरी, भिवानी, यमुनानगर और महेंद्रगढ़ जिलों के पास खनन कोष के रूप में 17-17 करोड़ रुपये से अधिक की राशि उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने भिवानी के जिला उपायुक्त को निर्देश दिए कि खनन के कारण खानक गांव में प्रदूषण की गंभीर समस्या है और ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए खनन क्षेत्र में पानी का छिड़काव करने के साथ-साथ क्रैशर जोन के आस-पास पानी छिड़काव के लिए विशेष संयंत्र लगाने की भी योजना बनाई जाए।

**बुनियाद कार्यक्रम के तहत शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को भी मिलेगी बस पास की सुविधा:** बैठक के दौरान जन प्रतिनिधियों द्वारा बुनियाद कार्यक्रम के तहत शिक्षा ग्रहण करने के लिए लंबी दूरी तय करके स्कूल जाने के कारण बच्चों को हो रही परेशानी का विषय रखा गया। इस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए, यह हमारी जिम्मेवारी है। इसलिए बुनियाद कार्यक्रम के तहत शिक्षा ग्रहण रहे बच्चे, जो लंबी दूरी तय करके स्कूल में जा रहे हैं, उनके बस पास बनाये जाएं और परिवहन विभाग भी फील्ड अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी कर व्यवस्था को सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को स्कूल तक आने-जाने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए, इसके लिए सरकार ने योजना बनाई है। गांव से 1 किलोमीटर की दूरी से अधिक पर स्थित स्कूलों में आने-जाने के लिए सरकार की ओर से बच्चों को परिवहन की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके लिए प्रत्येक स्कूल में एक शिक्षक को स्कूल ट्रांसपोर्ट ऑफिसर के रूप में नामित किया गया है, जिसका कार्य ऐसे बच्चों के साथ समन्वय स्थापित करना है, जिन्हें परिवहन सुविधा की आवश्यकता है।

## न्यूज फ्लैश

### भारत 2047 तक 'आत्मनिर्भर और विकसित' देशों की सूची में होगा शामिल: डा. बनवारी लाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि आजादी के 100वें वर्ष यानी वर्ष 2047 में आत्मनिर्भर और विकसित देशों की सूची में शामिल होगा। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है। सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल वीरवार को जिला रेवाड़ी के बावल विधानसभा के गांव राजगढ़ व टांकड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत करने उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की मुहिम है। विकसित भारत संकल्प यात्रा देश के करोड़ों लोगों को सरकार की अंत्योदय व जनकल्याण को समर्पित योजनाओं की जानकारी एवं सुविधाएं पहुंचाने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर लाभार्थियों को सरकार की 9 साल की उपलब्धियों पर आधारित कैलेंडर व ब्रॉशर का वितरण भी किया गया। लोगों ने ड्रोन के जरिए खेतों में यूरिया और डीएपी का छिड़काव करने की मॉक ड्रिल भी देखी। सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब गरीब और वंचित भी विकास की मुख्यधारा में शामिल होंगे। देश की मोदी और प्रदेश की मनोहर सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री स्वनिधि, उज्ज्वला योजना सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से देश-प्रदेश के अंत्योदय परिवारों को समाज की मुख्यधारा में लाने का कार्य कर रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का एक उद्देश्य यह भी है कि केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का पात्र वंचित लोग लाभ उठा सकें। सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्द्र बनाने का संकल्प लेते हुए प्रतिज्ञा ली कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। अब सरकारी योजनाओं का लाभ लेना हुआ आसान: विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गांवों में किसानों व ग्रामीणों ने देखा कि कैसे ड्रोन का उपयोग कृषि कार्य में किया जा सकता है। ड्रोन का फायदा यह भी है कि किसानों को फसल के बीच जाने की आवश्यकता नहीं है और दवाई का फसल के पत्तों पर सही ढंग से छिडकाव हो सकता है, साथ ही पानी और समय की भी बचत होती है। इस दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे लाभार्थियों ने योजनाओं की खासियत बताई। सहकारिता मंत्री ने अपनी कहानी बताते हुए नागरिकों को समझाया कि योजनाओं का लाभ लेने के लिए अब किसी दफ्तर के चक्कर काटने की जरूरत नहीं बल्कि अधिकतर योजनाएं व सेवाएं अब सरल हरियाणा पोर्टल पर ऑनलाइन उपलब्ध है। नागरिक अपने खुद के मोबाइल या कंप्यूटर अथवा किसी भी नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर योजनाओं के लिए आवेदन कर सकता है। अब योजनाओं का लाभ लेना बहुत ही आसान हो गया है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा से प्रतिदिन जुड़ रहे प्रदेश के हजारों लोग

**चंडीगढ़:** केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और विकसित भारत के संकल्प को लेकर निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा से प्रतिदिन प्रदेश के हजारों लोग जुड़ रहे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस यात्रा को जनसंवाद के साथ जोड़ कर एक अनूठा रूप दिया है जिससे लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। इस यात्रा के दौरान न केवल विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही बल्कि पात्र नागरिकों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। इसके अलावा लोगों के स्वास्थ्य की जांच भी की जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के पूरे प्रदेश में आज तक 3605 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। यात्रा के दौरान आज तक पूरे प्रदेश में 25 लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया।

यात्रा के दौरान आज तक 4 लाख 81 हजार से ज्यादा लोगों ने हेल्थ कैंपों में पहुंचे और अपनी स्वास्थ्य संबंधी स्क्रीनिंग करवाई। 3 लाख 23 हजार से अधिक लोगों की टीबी की स्क्रीनिंग की गई। यात्रा के दौरान 5 लाख 92 हजार से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड व 5956 किसान क्रेडिट कार्ड जारी किये गए। आयुष्मान चिरायु योजना के तहत एक लाख 28 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। 22531 स्वामित्व कार्ड बांटे गए। 7370 लोगों ने पीएम स्वनिधि योजना के लिए जानकारी ली। इस दौरान 6809 लोगों आधार कार्ड कैंप में पहुंचे और 3038 लोगों ने नेचुरल फार्मिंग से संबंधित जानकारी ली।

## 'जरूरतमंदों के दरवाजे तक पहुंच रहा मोदी की गारंटी का रथ'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा की महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि सुशासन के साथ अंतिम पात्र व्यक्ति तक जन कल्याणकारी नीतियों का लाभ पहुंचाना ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मोदी की गारंटी के रथ गांव-गांव जरूरतमंदों के द्वार तक पहुंच रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल करने का आधार साबित होगी। प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में हर वर्ग का कल्याण हो रहा है और वास्तविक लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। कमलेश ढांडा आज जिला कैथल के माजरा रोहेड़ा और रोहेड़ा गांवों में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों में ग्रामीणों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कार्यक्रम में स्टॅालों का निरीक्षण किया, लाभार्थियों से सीधा संवाद किया, मौजूद नागरिकों को विकसित भारत बनाने के संकल्प की शपथ दिलाई। पात्र लाभार्थियों और होनहार छात्रों को सम्मानित भी किया। इसके साथ ही उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस कनैक्शन भी वितरित किए।

## विज के आवास पर प्रतिदिन जुट रहे सैकड़ों फरियादी

### गृह मंत्री ने अलग-अलग मामलों की जांच के लिए एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के अंबाला स्थित आवास पर प्रतिदिन प्रदेशभर से फरियादियों का तांता लग रहा है। गुरुवार उन्होंने अपने आवास पर प्रदेश के कोने-कोने से आए लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिश-निर्देश दिए। विज ने फरियादियों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए। सिरसा से आए फरियादी ने बताया कि उसकी पौती के मृत्यु के मामले में पुलिस ने अब तक ठोस कार्रवाई



नहीं की है, उन्होंने बताया कि उनकी पोती बहू बेटे की मृत्यु के बाद अलग रह रही थी और अब उन्हें जानकारी मिली की पोती की मौत हो गई है। पुलिस ने इस संबंध में हत्या का मामला तो दर्ज किया, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई है। गृह मंत्री अनिल विज ने मामले की छानबीन के लिए एसआईटी गठित करने के दिशा-निर्देश दिए। इसी तरह, हिसार से आए फरियादी ने बताया कि उसके बेटे की कुछ दिनों पूर्व उसके ही दोस्तों ने नशा देकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने केस दर्ज करने के बावजूद अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। गृह मंत्री ने एसपी हिसार को मामले में एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए, साथ ही इस मामले में नॉरकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को छानबीन के निर्देश दिए।

**आढ़ती के मुनीम ने की डेढ़ करोड़ की ठगी, गृह मंत्री अनिल विज ने सीआईए को सौंपी जांच:** करनाल से आए सब्जी मंडी के आढ़ती ने बताया कि उसके पास काम करने वाले मुनीम ने उसके साथ ही डेढ़ करोड़ रुपए की ठगी की है। उसने बताया कि अलग-अलग दिनों में कंपनी की पेमेंट जालसाजी कर मुनीम ने निकलवाई।

## 'विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम से प्रतिदिन जुड़ रहे प्रदेश के हजारों लोग'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**केंद्रीय** ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और विकसित भारत के संकल्प को लेकर निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा से प्रतिदिन प्रदेश के हजारों लोग जुड़ रहे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस यात्रा को जनसंवाद के साथ जोड़ कर एक अनूठा रूप दिया है जिससे लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। इस यात्रा के दौरान न केवल विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही बल्कि पात्र नागरिकों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। इसके अलावा लोगों के स्वास्थ्य की जांच भी की जा रही है। कृष्ण पाल गुर्जर आज फरीदाबाद में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत की आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर लोगों को संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के पूरे प्रदेश में आज तक हजारों की संख्या में कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। यात्रा के दौरान आज तक पूरे प्रदेश में 25 लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की परिकल्पना है कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र में तब्दील हो जाए। यह एक बड़ा और व्यापक अभियान है। देश के प्रत्येक नागरिक और सभी वर्ग के लोगों को इस अभियान से जुडा चाहिए।

## विकसित भारत जन संकल्प यात्रा कार्यक्रम में पहुंचे स्कूल शिक्षा मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में सभी जगहों पर समान रूप से विकास कार्यों को करवाने का काम किया जा रहा है। आज देश व प्रदेश निरंतर उन्नति के पथ की ओर अग्रसर हो रहा है। सरकार ने हर वर्ग के लिये चाहे वह किसान हो, मजदूर, महिलाएं हों, व्यापारी हो, कामगार हो, के लिये कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित करके उन्हें धरातल पर लागू किया है।

## एसवाईएल निर्माण के मुद्दे पर सीएम मनोहर और मान के बीच तीसरी वार्ता भी बेनतीजा रही

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के बीच गुरुवार को एस वाई एल नहर निर्माण के मुद्दे पर तीसरी वार्ता भी बेनतीजा रही। तीसरी बैठक केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की मौजूदगी में हुई। दशकों से पंजाब और हरियाणा के बीच सतलुज-यमुना लिंक नहर का मुद्दा अनसुलझा है। गुरुवार को चंडीगढ़ में इस मुद्दे पर हरियाणा के सीएम मनोहर लाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के बीच तीसरी बैठक हुई। पिछली दो बैठकों की तरह यह बैठक भी बेनतीजा रही। पंजाब सरकार इस बात पर अड़ी है कि उसके पास दूसरे राज्यों को देने की खातिर एक बूंद भी पानी नहीं है। वहीं हरियाणा सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार नहर निर्माण की मांग कर रही है।

हरियाणा सरकार का कहना है कि मामला नहर निर्माण का है। पानी के बंटवारे का मुद्दा ट्रिब्यूनल हल करेगा। इस पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का कहना है कि जब पंजाब में पानी नहीं है तो नहर निर्माण से क्या मिलेगा? चंडीगढ़ में आयोजित बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने की। इस दौरान दोनों राज्यों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

**वार्ता विफल**

**8 दशकों से पंजाब और हरियाणा के बीच सतलुज-यमुना लिंक नहर का मुद्दा अनसुलझा है**

**मैं पुराने रुख पर कायम: भगवंत मान**

बैठक के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि हम अपने पुराने रुख पर कायम हैं। पंजाब का 70 फीसदी क्षेत्र डार्क जोन में है। उन्होंने कहा कि जब पंजाब में पानी ही नहीं है तो नहर निर्माण से मिलेगा क्या? उन्होंने कहा कि जब समझौता हुआ था तब पानी अधिक था। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पानी की स्थिति सुधारने में लगे हैं। मान ने यह भी कहा कि पानी की एक बूंद भी पाकिस्तान नहीं जाती है।

## निर्मल सिंह और चित्रा सरवारा ने छोड़ी आम आदमी पार्टी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** में अगले साल के विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ने की तैयारी में जुटी आम आदमी पार्टी को गुरुवार को तब बड़ा झटका लगा जबकि पूर्व मंत्री निर्मल सिंह और उनकी बेटी चित्रा सरवारा ने आम आदमी पार्टी छोड़ दी है। दोनों नेताओ के कांग्रेस में शामिल होने के कयास लगाये जा रहे है। संभावना है कि 5 जनवरी को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ज्वाइन कराएंगे। निर्मल सिंह आम आदमी पार्टी में राष्ट्रीय संयुक्त सचिव थे। पूर्व मंत्री निर्मल सिंह और उनकी बेटी कांग्रेस में शामिल होते हैं तो गृह मंत्री अनिल विज की अम्बाला कैंट और असीम गोयल की अम्बाला शहर सीट पर दावा ठोकेंगे। निर्मल सिंह एक समय उत्तर हरियाणा में बड़ा नाम होता था। फिलहाल इनको भूपेंद्र हुड्डा के नजदीक माना जाता है। 5 जनवरी को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ज्वाइन करवाएंगे।

**आप को झटका**

**8 दोनों नेताओं के कांग्रेस में शामिल होने के कयास लगाये जा रहे है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ज्वाइन कराएंगे**

पूर्व मंत्री निर्मल सिंह साल 1982, 1991, 1996 और 2005 में नागल सीट से विधायक चुने गए और कई बार मंत्री रहे। कांग्रेस से उन्होंने अपने सियासी सफर की शुरूआत की थी। साल 1976 से 1978 तक वे ब्लाक युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। 1978 से 1980 तक वे युवा कांग्रेस अंबाला के जिला प्रधान रहे। साल 1980 में वे युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बने। 1982 से लेकर 1989 तक रिकार्ड सात वर्षों तक निर्मल सिंह युवा कांग्रेस हरियाणा के प्रधान भी रहे। 1987 से 1989 तक वे हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी रहे जबकि 2000 से लेकर 2005 तक वे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे। महज 33 साल की उम्र में साल 1986 में निर्मल सिंह कैबीनेट मंत्री रहे। निर्मल सिंह को साल 1994 में हत्या के मामले में जेल जाना पड़ा। वे करीब अढ़ाई साल तक जेल में रहे। जेल से ही उन्होंने 1996 में आजाद उम्मीदवार के रूप में नागल विधानसभा से चुनाव लड़ा। निर्मल सिंह के पक्ष में एकतरफा माहौल था। वे विधायक निर्वाचित हुए और अन्य सभी उम्मीदवारों की जमानतें जब्त हो गईं।

# केजरीवाल को हरियाणा और दिल्ली से नहीं कोई लगाव: औमप्रकाश धनखड़

## हरियाणा व दिल्ली में पीने के पानी की जरूरत को पूरा करने के लिए नये वैकल्पिक वाटर चैनल की जरूरत, मौजूदा चैनल 60 साल पुराना

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने झज्जर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को न हरियाणा से प्रेम है, और न ही दिल्ली से कोई लगाव। दिल्ली और हरियाणा के लोगों को पीने के लिए प्रतिदिन 3050 क्यूसिक पानी की जरूरत है। इस पानी की आपूर्ति के लिए मौजूदा चैनल 60 वर्ष पुराना हो चुका है इसलिए नये वैकल्पिक वाटर चैनल की जरूरत है। एसवाईएल वैकल्पिक चैनल की तरह है। जो मौजूदा चैनल की तरह मेन भाखड़ा से निललेगा। हरियाणा व दिल्ली के लोगों की प्यास बुझाने के लिए वैकल्पिक चैनल की जरूरत है। इस पर अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान को राजनीति से नहीं जोड़ना चाहिए।

धनखड़ ने कहा कि एसवाईएल के पानी के हक की बात करें तो हरियाणा को 19 लाख एकड़ फीट पानी कम मिल रहा है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने निर्णय में कहा कि पानी की उपलब्धता को प्रतिदिन, मासिक या वार्षिक आधार पर मापा जा सकता है और पानी की उपलब्धता की मात्रा के अनुसार निर्णय लिया जा सकता है, लेकिन एसवाईएल लिंक नहर के निर्माण को पानी मात्रा के आधार पर रोकने का पंजाब सरकार के पास कोई औचित्य नहीं है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को देश की न्यायिक व्यवस्था में विश्वास रखते हुए एसवाईएल नहर के निर्माण को जल्द पूरा करना चाहिये। केजरीवाल और भगवंत मान एसवाईएल को लेकर राजनीति कर रहे हैं इनको हरियाणा और दिल्ली के लोगों से कोई लगाव या प्रेम नही है।

राहुल गांधी की यात्रा को लेकर पूछे गए सवाल



का जवाब देते हुए भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि राहुल गांधी पहले भारत को जोड़ने चले थे, उनको पता यात्रा से पता चला की भारत तो पहले से ही जुड़ा हुआ है। अब न्याय यात्रा की बात कर रहे हैं। भारत में समतापूर्ण समाज और न्यायपूर्ण व्यवस्था है। मौजूद शासन में हर अच्छे तरीके से लोगों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल रही हैं। बड़े देश में कोई छोटी मोटी घटना हो जाती है तो उससे निपटने के लिए हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली में बहुत ही सुंदर और निष्पक्ष न्यायिक व्यवस्था मौजूद है। राहुल गांधी शायद कांग्रेस के लिए या कांग्रेस से न्याय की मांग कर रहे हो। राहुल गांधी के अखाड़े में दांव पेंच सीखने के सवाल का जवाब देते हुए धनखड़ ने कहा कि 53 की उम्र कुश्ती के दाव पेंच सीखने की नहीं होती। कुश्ती के दाव पेंच बचपन से ही सीखे जाते हैं।

**यात्रा से देशभर में पांच करोड़ लोगों को मिला लाभ:** भाजपा राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने कहा कि पीएम मोदी का संकल्प है कि हर पात्र नागरिक तक योजनाओं का लाभ पंहुचे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लाभार्थियों को ढूंढ ढूंढ कर लाभ दिया जा रहा है। यह मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी स्वयं बार बार यात्रा से जुड़कर समीक्षा कर रहे हैं। यात्रा के माध्यम से देश भर में अभी तक पांच करोड़ से ज्यादा लोगों को लाभ पहुंचाया जा चुका है। मौजूद नागरिकों को विकसित भारत बनाने के संकल्प की शपथ दिलाई। पात्र लाभार्थियों और होनहार छात्रों को सम्मानित किया। उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन वितरित किए। धनखड़ ने कहा कि आगामी 24 वर्षो में भारत को विकसित बनाने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधे पर है। मौजूदा युवा पीढ़ी और भावी युवा पीढ़ी को अमृत काल में देश को विकसित बनाने के संकल्प के साथ कार्य करना होगा। गांवों में पहुंचने पर भाजपा राष्ट्रीय सचिव का क्षेत्र की सरदारी ने जोरदार अभिनंदन किया। इस दौरान रोहतक लोकसभा संयोजक आनंद सागर, चेयरमैन बीडीसी बादली निर्मला देवी, मंडल अध्यक्ष बसंत गुलिया व विनोद बाढ़सा मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची हेमदा व सिरसी गांव में

## ग्रामीणों को दी विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/राजकुमार प्रिंस।** विकसित भारत संकल्प यात्रा वीरवार को जिले के हेमदा व सिरसी गांव में पहुंची। इस अवसर पर हेमदा गांव में पूर्व विधायक सरदार बख्शीश सिंह और विशिष्ट अतिथि ब्लॉक चेयरमैन सुखदेव सिंह पहुंचे। इसी कड़ी में बाद दोपहर सिरसी गांव में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा व विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक सरदार बख्शीश सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके



द्वार पर ही सभी सरकारी योजनाओं का लाभ देना है। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस यात्रा को जनसंवाद के साथ जोड़ कर एक अनूठा रूप दिया है। जिससे लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। इस यात्रा के दौरान न केवल विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही, बल्कि पात्र नागरिकों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। इसके अलावा लोगों के स्वास्थ्य की जांच भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की परिकल्पना है कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र में तब्दील हो जाए। यह एक बड़ा और व्यापक अभियान है। देश के प्रत्येक नागरिक और सभी वर्ग के लोगों को इस अभियान से जुडना चाहिए। यदि सभी लोग इससे जुड़ेंगे तो निश्चित ही भविष्य में भारत वैश्विक मानचित्र पर सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र के रूप में स्थापित हो सकेगा। पूर्व विधायक सरदार बक्शीश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का इस यात्रा के माध्यम से यह प्रयास है कि गरीबों के जीवन स्तर में बदलाव लाने के लिए बनाई गई योजनाएं आम जन तक पहुंचे और पात्र लोगों को उनका लाभ मिले। प्रदेश सरकार अंत्योदय के सपने को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और यह यात्रा इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। एक ही स्थान पर लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।
उन्होंने कहा कि यह संकल्प यात्रा प्रदेश के हर गांव और हर वार्ड में पहुंच कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कारगर साबित हो रही है।

## सीएम फ्लाइंग की टीम ने पान की दुकान पर की रेड



**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/राजकुमार प्रिंस।** करनाल में सीएम फ्लाइंग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। एक तरफ जहां टीम ने गिरड़ा पीर के पास सेवन-इलेवन पान की दुकान से भारी मात्रा में प्रतिबंधित ई-सिगरेट व अन्य तंबाकू प्रोडक्ट बरामद किए हैं। वहीं दूसरी ओर आरटीए कार्यालय में भी रेड की। यहां आरटीए सहित कई कर्मचारी गैर हाजिर पाए गए। कार्यालय में हैवी लाइसेंस, कॉमर्शियल वाहन रजिस्ट्रेशन, डूप्लीकेट लाइसेंस जारी करने आदि संबंधित फाइलों की छानबीन की गई। वहीं जो कर्मचारी गैर हाजिर मिले, उनको नोटिस भेजकर जवाब मांगा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएम फ्लाइंग को गुप्त सूचना मिली थी कि सेवन-इलेवन दुकान पर ई-सिगरेट जैसे प्रोडक्ट बेचे जा रहे हैं। इन प्रोडक्ट पर कोई भी वॉर्निंग नहीं लिखी हुई है और यह तंबाकू न सिर्फ प्रतिबंधित हैं।

## न्यूज फ्लैश

### ज्वेलर्स के घर घुसे बदमाश, दो को मौके पर दबोचा



**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/राजकुमार प्रिंस।** कस्बा घरौंडा में बुधवार रात को 4 बदमाश एक सर्राफ के घर में घुस गए। बाहर से घर लौटे व्यापारी ने इनमें से दो बदमाशों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि दो अन्य बदमाश मौके से फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दुकान मालिक प्रमोद कुमार आर्य ने बताया कि मंडी मनी राम में उसकी ज्वेलरी की दुकान है। बुधवार देर रात करीब 9 बजे वह दुकान से घर पर लौटा था। तभी उसके पोते ने चिप्स लाने की जिद्द की तो वह अपने पोते को स्कूटी पर चिप्स दिलवाने के लिए चला गया। वह दो मिनट में ही वापस घर लौट आया था। उसने देखा कि दो अज्ञात व्यक्ति घर में घुस चुके हैं और दो घर के बाहर खड़े हुए थे। प्रमोद ने बताया कि वह घर के अंदर आया तो उसे देख दोनों व्यक्ति वापस भागने लगे। इसी दौरान छोटा लडका भी बाहर आ गया था। उसने दोनों बदमाशों को मौके पर पकड़ लिया। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जब उनसे घर में घुसने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि उनका एक्सीडेंट हो गया था और वे मोटरसाइकिल खड़ी करने के लिए घुसे थे और कई तरह के बहाने बनाने लगे। इस दौरान दोनों बदमाशों ने बाहर खडें दोनों बदमाशों को भागने के लिए कहा। इसके बाद डायल 112 को कॉल किया और पुलिस मौके पर पहुंच गई। उनके साथ एक बाइक भी थी, वह भी पुलिस के हवाले कर दी गई है।
ऐसे में सवाल यह है कि आखिर ये बदमाश किस इरादे से घर में घुसे थे, लेकिन प्रमोद आर्य ने बड़ी ही बहादुरी से बदमाशों को सामना किया। ऐसी ही बहादुरी प्रमोद आर्य ने कुछ साल पहले भी दिखाई थी। जब उसकी ज्वैलर्स शॉप में पिस्टल के साथ एक बदमाश घुस गया था, उस समय भी प्रमोद ने उसका सामना किया था और अपनी दुकान को लुटने से बचाया था। हालांकि इस दौरान फायरिंग भी की गई थी, लेकिन वह बाल-बाल बच गया था। घरौंडा थाना प्रभारी नसीब सिंह ने बताया कि प्रमोद आर्य के घर में कुछ बदमाश घुसे थे, जिनमे से दो काबू किए गए हैं। किस इरादे से यह लोग घुसे थे, इसकी जांच की जा रही है। वहीं आसपास लगे सीसीटवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

### समाज के हर नौजवान का सपना हो पूरा : क्रिकेटर सुमित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/राजकुमार प्रिंस।** सुमित नरवाल वेलफेयर फाउंडेशन और सीएसआरएल सुपर-30 के सौजन्य से आज गवर्नमेंट स्कूल चिढ़ाओ व जुण्डला के स्कूलों में आईआईटी एंट्रेंस की कोचिंग उपलब्ध करवाने के लिए सेमिनार आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य जो बच्चे आर्थिक तंगी के कारण अपने सपने पूरे करने से वंचित रह जाते हैं, वे सभी इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे । क्रिकेटर सुमित नरवाल ने बताया कि उनके प्रयास हैं कि समाज के हर नौजवान को अपने सपने पूरे करने का अवसर जरूर मिलना चाहिए और उनकी संस्था इस दिशा में हरसंभव प्रयास कर रही है।

## प्रधानमंत्री ने हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर की अनेक योजनाएं शुरू: योगेन्द्र राणा

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/राजकुमार प्रिंस।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव बिलौना में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर नागरिकों को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने कहा कि सरकार ने आयुष्मान कार्ड योजना शुरू करके हर गरीब व्यक्ति के हित में कार्य किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मान निधि के तहत किसानो को 6 हजार प्रति वर्ष सहायता राशि देकर उनका सम्मान किया है। इससे उनका जीवन स्तर भी ऊंचा उठा है । उन्होंने कहा कि सरकार ने बुजुर्गों का सम्मान करते हुए उनकी पेंशन बैंक में डलवा दी ताकि बुजुर्गों को बैंकों के चक्कर ना काटने पड़े और उन्होंने यह



आश्वासन भी दिया के आज जो यह विकसित भारत की यात्रा आप लोगों के बीच में आई है यह मोदी जी का सपना है कि हमने 2047 तक भारत को हर हाल में एक विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर गरीब का ख्याल रखते हुए उनके लिए एक से बढकर एक कल्याणकारी योजनाएं प्रारम्भ की है। पंक्ति के अंतिम मनुष्य को भी इन योजनाओ का लाभ मिले इस लक्ष्य को लेकर यह यात्रा प्रारंभ की गई है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे भाजपा नेता वीरेन्द्र चौहान ने कहा कि अब युवाओं को योग्यता व मेरिट के आधार पर ही नौकरी दी जा रही है। अब बिना पर्ची के और बिना खर्ची के नौकरी मिलती है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को कहा कि आप खूब पढ़े और लिखें ताकि अपना भारत और आपका परिवार विकसित हो जाए।

## ड्यूटी से घर लौट रहे युवक पर बदमाशों ने की फायरिंग

**गन्नौर।** कंपनी में ड्यूटी के बाद घर लौट रहे मोटरसाइकिल सवार युवक पर दो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। हमले में गोली युवक की हाथ पर लगी जिससे वह सड़क पर गिर कर घायल हो गया। हमला करने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल को उपचार के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घायल के पिता ने मामले की शिकायत बड़ी थाना में दी है। शिकायत में राजपुर गांव के रमेश चंद राठी ने बताया कि उसका बेटा अनुप राठी बिग बास्केट में कार्यरत है। 27 दिसंबर को उसका बेटा मोटरसाइकिल पर ड्युटी समाप्त करके घर लौट रहा था। जब वह भिगान गांव के बाद शिव गंगा गार्डन के पास पहुंचा तो इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार हो कर आए दो बदमाशों ने अचानक उसके बेटे अनुप पर जान से मारने की नियत से गोली चला दी।

## प्राथमिक शिक्षक संघ समालखा खंड कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न

**समालखा ( कुलदीप सिंह ) राजकीय** प्राथमिक शिक्षक संघ समालखा खंड की आम सभा राजकीय प्राथमिक पाठशाला, भापरा में जिला महासचिव राजकुमार जांगड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसका संचालन राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संघ संस्थापक सुरेंद्र राठी ने किया। बैठक में निवर्तमान कार्यकारिणी द्वारा पिछले तीन वर्ष के कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया । खंड कार्यकारिणी की ओर से प्रधान प्रेम हुसैन ने सदस्यता एवं संघर्ष फण्ड से प्राप्त आय-व्यय का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत किया,जिस पर सदन ने सहमति जताई । प्रधान ने बताया कि संगठन के कार्यकाल के दौरान काफी संघर्ष किया । इसके बाद नई



खंड कार्यकारिणी के चुनाव करने के तय कार्यक्रम में पूर्व जिला प्रधान राजेंद्र सुरकी व खंड बापौली प्रधान प्रवीण बेनीवाल की देखरेख में सर्वसम्मति से राकेश कुमार, राजकीय प्राथमिक पाठशाला भापरा को प्रधान चुना गया । वहीं राजकीय मॉडल प्राथमिक स्कूल, चुलकाना से रेखा देवी को उप प्रधान, राजकीय प्राथमिक पाठशाला बिलासपुर से लख्मीचंद को सचिव, राजकीय प्राथमिक पाठशाला, बुढ़नपुर से पवन वर्मा को सह सचिव, राजकीय मॉडल प्राथमिक विद्यालय, राकसेड़ा से राजेश कुमार कोषाध्यक्ष, राजकीय प्राथमिक पाठशाला पावटी से हरिओम को प्रेस सचिव चुना गया । पर्यवेक्षकों ने नई कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# लायंस क्लब ने 50 बच्चों में जर्सियां, जूते, जुराबे वितरित की

### - समारोह में जनपदपाल भारत भूषण दुआ, विशिष्ट अतिथि ललित मुटरेजा एवं विजेन्दर गोयल ने शिरकत की

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर लायंस क्ल**ब गनौर गौरव द्वारा आर्य समाज स्कूल गनौर गांव में 50 बच्चों को जर्सियां, 50 बच्चों जूते, जुराबे व 200 गरीब परिवारों को कंबल वितरित किए गए। समारोह में जनपदपाल भारत भूषण दुआ, विशिष्ट अतिथि ललित मुटरेजा एवं विजेन्दर गोयल ने शिरकत की। मुख्यातिथि का स्कूल पहुंचने पर क्लब अध्यक्षा चारू चांदना, मुख्य संरक्षक हरीश वाधवा, परियोजना अध्यक्ष नीरज जग्या, सचिव भावना जगया, अंकित मल्होत्रा, विक्रांत हांडा, मीनू हांडा, कंगना चांदना, शालू वाधवा ने स्वागत किया। जनपदपाल भारत भूषण दुआ ने क्लब द्वारा किए जा रहे कार्यों




की सराहना करते हुए कहा कि सर्दी के मौसम में गरीब व जरूरतमंद को कम्बल, जर्सियां वितरण करना सराहनीय कार्य है। इसके अलावा क्लब समय-समय पर अन्य सामाजिक कार्य कर रहा है। समाज सेवा करने के साथ ही समाज एवं स्वयं को मजबूत करने के लिए क्लब के सभी सदस्यों के अच्छे विचार है और इसके अलावा समाज का हर व्यक्ति सामाजिक सरोकारों से जुड़कर

**समाजसेवा**

> 8 कुछ नया करने के लिए उनकी आत्मा में नेक विचार मन में आएंगे और वह तत्पश्चात समाज में नया बदलाव लाने की सोच सकेंगे

काम करे ओर उन्हें समय समय पर उत्साहवर्धन एंव मार्गदर्शन मिलता रहे, तो लगता है कि कहीं ना कहीं हम सब लोगों के सोच विचार के विकास के लिए भी पर्याप्त संसाधन उपलब्ध है जो समय-समय पर उन्हें मार्गदर्शक के रूप में मिलते रहें जिससे व्यक्ति के विचार,भावना सकारात्मक एवं बदलाव लाने की रहेगी। मुख्य संरक्षक हरीश वाधवा ने कहा कि जब किसी भी काम को करते हुए नए-नए विचार एवं अनुभव प्राप्त होंगे तो कुछ नया करने के लिए उनकी आत्मा में नेक विचार मन में आएंगे और वह तत्पश्चात समाज में नया बदलाव लाने की सोच सकेंगे और कुछ समय बाद वह अपने आप को समाज के प्रति हमेशा सकारात्मक काम करने के लिए रोक नहीं पाएंगे। इस मौके पर आर्य समाज स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओं का संदेश दिया। क्लब द्वारा किए गए कार्य कार्य की शहर के लोगों ने सराहना की।

## इलेक्ट्रोनिक्स शोरूम में हुई लाखों की चोरी



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/राजकुमार प्रिंस।** करनाल के हकीकत नगर में चोर देर रात को धुंध का फायदा उठाकर एक इलेक्ट्रोनिक्स शोरूम से लाखों का सामान लेकर फरार हो गए। चोर शोरूम के ताले तोडकर अंदर घुसे थे। शोरूम के अंदर सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है, लेकिन वह वर्किंग में नहीं था। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और चोरों से जुड़े सबूत तलाशे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शोरूम के मालिक राकेश ने बताया कि बुधवार की देर शाम को ज्यादा धुंध होने के चलते जल्दी ही शोरूम को बंद करके घर निकाल गया था। शटर का भी ताला लगा हुआ था और ग्लास डोर भी लॉक था। चोरों ने पहले शटर तोड़ा और फिर ग्लास डोर तोडकर अंदर घुस गए। चूंकि सामान भारी था, इसलिए किसी एक चोर का काम नहीं है, इसमें कई लोग शामिल हो सकते हैं। चोरी के लिए किसी गाड़ी का इस्तेमाल किया गया है। उसने बताया कि वह आज सुबह शोरूम पर पहुंचा तो उसे दुकान का शटर टूटा हुआ दिखाई दिया। अंदर सामान बिखरा पड़ा था और मशीनें भी गायब थी। चोर करीब पांच लाख का सामान चोरी करके ले गए हैं। राकेश ने बताया के शोरूम से करीब 13 एलइडी, दो-तीन वॉशिंग मशीन, तीन-चार कूलर, आठ-दस कंबल, गीजर, प्रेस व अन्य कीमती सामान चोरी हुआ है। चोर सिर्फ सामान ले गए हैं, जबकि मशीनों के बॉक्स यानी कर्टन मौके पर ही छोडकर गए है। राकेश ने बताया कि सर्दियां शुरू होते ही चोरी की घटनाएं बढ़ जाती है।

## डीएसपी सोनू नरवाल ने खिलाड़ियों के बीच कराया क्रिकेट मैच

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/राजकुमार प्रिंस।** हरियाणा उदय प्रोग्राम के तहत पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में लगातार बच्चों और बड़ों को स्कूल, कॉलेज और सार्वजनिक स्थलों पर सेमिनार लगाकर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में गांव बांसा में खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट मैच करवाकर नशे से दूर रहने बारे जागरूक किया गया। यह सामुदायिक आउटरीच प्रोग्राम सामुदायिक जुड़ाव को मजबूत करने और प्रशासन व आमजन के बीच बेहतर संबंध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किए गए हैं। इन आउटरीच प्रोग्रामों के तहत जिला करनाल सहित प्रदेशभर में समय-समय पर विभिन्न प्रोग्राम जैसे नशे के खिलाफ अभियान, साइकिल रैली व विभिन्न प्रकार के खेल आदि आयोजित करवाए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत हुए डीएसपी ट्रैफिक सोनू नरवाल ने खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने और जीवन में कभी भी नशा न करने का संदेश दिया और नशे से होने वाली हानि के बारे में विस्तार से बताया गया।

## विधायक ने 1600 जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। विधायक** निर्मल चौधरी ने वीरवार को रेलवे रोड स्थित अपने आवास पर हलके के गांव भोगीपूर, राजलू गढ़ी, शेखपुरा, गुमड़, भौरा रसुलपुर गांव की 1600 जरूरतमंद महिलाओं को कम्बल वितरित किए। विधायक ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान की कृपा से वे पिछल्ले साल से सर्दी में जरूरतमंदों को कम्बल वितरण का कार्य कर रही हे। पिछल्ले साल उन्होंने करीब 8000 महिलाओं को और इससे पहले 6000 महिलाओं व पुरूषों को कम्बल वितरित



किए। उनका प्रयास है कि धीरे-धीरे हलके के सभी जरूरमंद व्यक्ति तक उनकों सर्दी में कम्बल की मदद मिले। अब सर्दी में हलके में करीब 15000 कम्बल वितरण करने का प्रयास है। विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि नारी को समानता का अधिकार प्राप्त है, उन्हें अपनी क्षमता पहचान कर समाज के विकास में योगदान देना चाहिए। अपने परिवार को आगे बढ़ाने के साथ हर कार्य में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार का सपना है कि गरीबों को उनका हक मिले। कोई भी गरीब सरकार की योजनाओं से अछूता न रहे। कार्यक्रम में कम्बल लेने आई महिला संतोष ने सामाजिक कार्य करने पर विधायक की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी हलके में विधायक बने है। किसी ने भी अपने वेतन से सर्दी में कम्बल वितरण का कार्य नही किया। विधायक बनने से पहले ही विधायक ने महिलाओं को आश्वाशन दिया था कि वे अपने वेतन का पूरा हिस्सा हलके कीह जरूरतमंद महिलाओं व पुरूषों की सेवा में खर्च करेगी।

## बिजली निगम की टीम के साथ मारपीट के आरोप में दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। भांवर** गांव में बिजली चोरी पकड़ने की गई टीम के साथ हुई मारपीट के मामले में थाना गन्नौर पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रिंकू व राकेश भांवर गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों आरोपितों को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपितों से मारपीट में संलिप्त बाकी लोगों का भी पता लगाएगी। गन्नौर थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि बिजली निगम के ग्रामीण एसडीओ अभिषेक कौशिक ने शिकायत दी थी कि बिजली चोरी पकड़ने के लिए निगम के जेई नीरज, जेई यशपाल, जेई महिपाल, जेई नरेंद्र, लाईनमैन जोगिंद्र, एएलएम



आशीष, एएलएम अंकित, एएलएम सतीश, चालक मुकेश टीम गत 20 दिसंबर की शाम 7 बजे भांवर गांव में चैकिंग करने गई थी। टीम ने मशरूम फार्म संचालकों को बिजली चोरी करते पकड़ लिया। इस दौरान गांव के रोहित व राकेश ने 4-5 व्यक्तियों को भी वहां बुला लिया और उन्होंने सरकारी काम में बाधा डाल कर निगम की टीम के साथ मारपीट की। आरोपितों ने जेई को बंधक बना उनके फोन भी तोड़ दिए। इस हमले में जेई नीरज व लाइनमैन जोगिंद्र घायल हो गए। एसडीओ की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। जल्द ही बाकी आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**काबू**

> 8 रिमांड के दौरान पुलिस आरोपितों से मारपीट में संलिप्त बाकी लोगों का भी पता लगाएगी

**- सातवें दिन भी धरना जारी**

मारपीट की घटना में संलिप्त सभी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए निगम के कर्मचारियों ने सातवें दिन भी अपना धरना जारी रखा। बिजली निगम के कर्मचारी एचएसईबी वर्कर यूनियन के बैनर तले गढ़ी झंझारा रोड स्थित कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे रहे। प्रधान जोगेंद्र ने कहा कि गन्नौर थाना पुलिस ने मामले में दो ही आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जबकि इस मामले में 5-6 और व्यक्ति भी शामिल हैं। जिन्हें अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। यूनिट प्रधान राजेश मलिक व मुरथल सब यूनिट प्रधान राकेश राठी ने चेताया कि यदि सभी आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो वह सभी कार्यालयों की तालाबंदी कर सोनीपत एक्सईएन कार्यालय के सामने धरने पर बैठ जाएंगे।

## ट्रांसफार्मर चोरों ने मारी किसान को गोली, हालत गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/राजकुमार प्रिंस।** जिले के गांव डबरकी कलां में बिजली का ट्रांसफार्मर चोरी करने आए युवकों ने किसान पर फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए। इस दौरान एक गोली किसान के कंधे में लगी। उसको गंभीर हालत में कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। वहीं गोली मार कर भाग रहे चार चोरों में से एक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। रात को ही उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को अल सुबह करीब सवा 2 बजे



किसान देशराज के खेत में चोर ट्रांसफार्मर चोरी करने के लिए घुस गए। इसकी भनक किसान को लग गई। वह अपने परिवार के साथ उनके पीछे ही खेतों में चला गया। वहां पर उसे 4 से चार लोग नजर आए। किसान उनसे टकरा गया तो चोरों ने फायरिंग कर दी और मौके से भाग गए। एक गोली किसान देशराज को लगी। गोली अभी किसान के कंधे में ही फंसी है। गोली चलने की आवाज के बाद आस पास खड़े लोगों में हडकंप मच गया। चोरों को दबोचने का प्रयास किया गया। लोगों ने एक को काबू कर लिया, जबकि तीन मौके से फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि चोर हथियारों से लैस थे।

उनके पास देसी कट्टे भी थे और गंडासी भी। वे पूरी तैयारी के साथ चोरी के लिए पहुंचे थे। काबू किए गए चोर को पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

## संपादकीय

# आपसी शह-मात के खेल में उलझा विपक्षी गठबंधन

**लोकसभा** चुनाव में भाजपा को हरा कर मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने से रोकने के लिए बनाए गए विपक्षी गठबंधन के नेता फिलहाल एक-दूसरे के खिलाफ ही षड़यंत्र रचने में जुटे हैं। सामान्य तौर पर राजनीति में भितरघात कुशल रणनीति माना जाता है, लेकिन इंडी गठबंधन में शामिल दलों के नेता इस सामान्य परम्परा का भी पालन करने को तैयार नहीं हैं। वे खुले मंचों से एक- दूसरे के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। क्षेत्रीय दलों के निशाने पर सबसे ज्यादा कांग्रेस और उसके नेता हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की नेता वृंदा करात, केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन और समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव जिस तरह कांग्रेस की नीतियों और नेताओं पर निशाना साध रहे हैं, उससे राजनैतिक हलकों में इस बात की चर्चा होने लगी है कि विपक्षी गठबंधन के ये नेता भाजपा को हराने के लिए एकजुट हुए हैं या फिर उनका उद्देश्य कांग्रेस को खत्म करना है। लालू प्रसाद यादव के राष्ट्रीय जनता दल और नीतीश कुमार के जनता दल यूनाइटेड को विपक्षी गठबंधन का सबसे मजबूत साथी माना जा रहा था क्योंकि ये पहले से यूपीए का हिस्सा थे लेकिन इंडी गठबंधन में चर्चा के बिना ही इन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बिहार की लोकसभा की सीटों का आपस में बांट कर अपनी मंशा साफ कर दी है। बिहार की लोकसभा की कुल 40 सीटों में से राजद और जदयू ने 17-17 सीटें आपस में बांट ली हैं। बाकी बची छह सीटें कांग्रेस और वामपंथी दलों के लिए छोड़ी गई हैं। लोकसभा चुनाव 2019 में जदयू भाजपा के साथ गठबंधन में शामिल थी और उसने अपने हिस्से की 17 सीटों पर प्रत्याशी उतार कर 16 पर जीत हासिल की थी। इसलिए जदयू 17 से कम सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं है। अब यह देखना काफी रोचक होगा कि क्या कांग्रेस और वामपंथी दल महज छह सीटें पाकर संतुष्ट रह पाएंगे। राजद और जदयू ने जिस तरह बिहार की लोकसभा सीटों को आपस में बांट लिया इसे कांग्रेस पर दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल विपक्षी गठबंधन की बैठक में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव रख दिया। उनके प्रस्ताव का अरविन्द केजरीवाल ने समर्थन कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे दलित समाज से आते हैं इसलिए कोई भी नेता उनके इस प्रस्ताव का विरोध करने का साहस नहीं जुटा सका। लेकिन इस प्रस्ताव पर कोई सहमति भी नहीं बन सकी। फिर भी उनके इस दांव से गठबंधन के तमाम नेता चारों खाने चित हो गए। ममता बनर्जी के इस प्रस्ताव ने राहुल गांधी के प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठे हुए देखने के सोनिया गांधी के सपने को ही नहीं तोड़ा बल्कि नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव को भी गहरी चोट दे दी। पटना में पहली बैठक करवा कर विपक्षी गठबंधन की आधारशिला रखने वाले नीतीश कुमार को उम्मीद थी कि उनको विपक्षी गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार या गठबंधन का संयोजक चुन लिया जाएगा, पटना के बाद कई बैठकें हो चुकी हैं लेकिन अभी तक गठबंधन का संयोजक चुनना तो दूर उनके नाम पर गंभीर चर्चा तक नहीं हुई है।

# भारत को उत्तर और दक्षिण में बांटने की राजनीति



-रोहित माहेश्वरी

> "नीतीश ने अपने संबोधन को अंग्रेजी में अनुवाद करने से मना कर दिया था। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार सीएम नीतीश ने दक्षिण भारत के नेताओं को नसीहत दी थी कि हमारा देश हिंदुस्तान है तो हम सबको हिंदी की जानकारी भी होनी चाहिए। डीएमके इंडिया गठबंधन का हिस्सा है जिसमें जदयू, राजद और समाजवादी पार्टी शामिल हैं। ये बिहार और उत्तर प्रदेश के मुख्य राजनीतिक दल हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने हिंदी-विरोध में आपत्तिजनक बयान दिया है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और राज्य सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन की सनातन धर्म पर टिप्पणी पर भी बड़ा विवाद हुआ था। उन्होंने एक कार्यक्रम में सनातन धर्म को कई सामाजिक बुराइयों के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए इसे समाज से खत्म करने की बात कही थी"

**दक्षिण** भारत के राज्यों में उत्तर भारतीयों के अपमान और उनका तिरस्कार करने की खबरें अक्सर आती रहती हैं। यह तिरस्कार अक्सर आम लोगों के द्वारा किया जाता था। लेकिन अब इसमें वहां के राजनेता और सरकारें भी शामिल होती हुई दिख रही हैं। उत्तर भारत और दक्षिण भारत को लेकर इस साल हुए कई विवादों की सूची में एक और नाम जुड़ गया है। इस बार डीएमके नेता दयानिधि मारन के बयान से राजनीतिक पारा चढ़ रहा है। इसके केंद्र में भी बिहार है। इस बयान को लेकर केंद्र में सरकार चला रही बीजेपी ने विपक्ष के इंडिया गठबंधन पर हमला बोला है। बीजेपी ने मारन के बयान पर कांग्रेस और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जवाब मांगा है। डीएमके सांसद दयानिधि मारन के जिस बयान पर राजनीति हो रही है, वो करीब पांच साल पुराना है। डीएमके नेताओं का यही दावा है। बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया एक्स पर दयानिधि मारन का एक वीडियो शेयर किया है। 24 सेकेंड के इस वीडियो पर अमित मालवीय ने लिखा, ह्लडीएमके सांसद दयानिधि मारन ने कहा है कि बिहार और उत्तर प्रदेश के हिन्दी भाषी लोग तमिलनाडु आकर यहाँ टॉयलेट साफ करते हैं ह्व बीजेपी नेताओं के लगातार बयान के बाद बिहार की सत्ताधारी पार्टी जनता दल यूनाइटेड ने भी मारन के इस बयान की आलोचना की है। बिहार सरकार की तरफ से उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने भी दयानिधि मारन के बयान का विरोध किया था। ऐसा पहली बार नहीं है कि दक्षिण भारत के किसी नेता के बयान को लेकर उत्तर भारत में तीखी प्रतिक्रिया हुई है। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के सहयोगी दल डीएमके के सांसद सेंथिलकुमार ने संसद में चुनाव के नतीजों पर एक टिप्पणी के लिए बाद में माफी भी मांगी थी। इसी महीने लोकसभा में जम्मू-कश्मीर से जुड़े दो विधेयकों पर चर्चा के दौरान सेंथिलकुमार ने कहा, इस देश के लोगों को सोचना चाहिए कि बीजेपी की ताकत बस इतनी है कि यह मुख्य तौर पर हिंदी पट्टी, जिसे हम आमतौर पर गोमूत्र राज्य कहते हैं, वहीं जीत सकती है। उत्तर-दक्षिण बहस तब शुरू हुई जब कांग्रेस ने तेलंगाना में जीत हासिल की और बीजेपी ने राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों में जीत



हासिल की। डीएमके के सेंथिल कुमार ने इसी संदर्भ में उत्तर भारतीय राज्यों के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। हाल ही में इंडिया गठबंधन की बैठक में हिंदी-गैर-हिंदी भाषा पर तब बहस हुई जब नीतीश कुमार ने बोलना शुरू किया और डीएमके नेता टीआर बालू ने इसका अंग्रेजी अनुवाद मांगा। नीतीश ने अपने संबोधन को अंग्रेजी में अनुवाद करने से मना कर दिया था। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार सीएम नीतीश ने दक्षिण भारत के नेताओं को नसीहत दी थी कि हमारा देश हिंदुस्तान है तो हम सबको हिंदी की जानकारी भी होनी चाहिए। डीएमके इंडिया गठबंधन का हिस्सा है जिसमें जदयू, राजद और समाजवादी पार्टी शामिल हैं। ये बिहार और उत्तर प्रदेश के मुख्य राजनीतिक दल हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने हिंदी-विरोध में आपत्तिजनक बयान दिया है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और राज्य सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन की सनातन धर्म पर टिप्पणी पर भी बड़ा विवाद हुआ था। उन्होंने एक कार्यक्रम में सनातन धर्म को कई सामाजिक बुराइयों के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए इसे समाज से खत्म करने की बात कही थी। कुछ द्रमुक सांसदों ने सनातन को डेंगू, एड्स और कोढ़ आदि करार दिया था। यही नहीं तमिलनाडु में बिहार के मजदूरों के साथ हिंसा की भ्रामक खबरें भी इस साल की शुरूआत में सोशल मीडिया पर प्रसारित की गई थीं। हालांकि तमिलनाडु पुलिस लगातार इस तरह की खबरों को गलत बता रही थी. लेकिन इस मुदे को बीजेपी के नेताओं ने बिहार विधान सभा से लेकर सड़कों पर भी खूब उछाला था। बाद में बिहार के एक यू-ट्यूबर मनीष कश्यप पर तमिलनाडु में बिहारी मजदूरों के साथ मारपीट का फेक वीडियो बनवाने और उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित करने का आरोप लगा था और उसे गिरफ़्तार किया गया था। मनीष कश्यप को पिछले हफ़्ते ही सभी मुकदमों में जमानत मिली है और करीब नौ महीने बाद उसकी जेल से रिहाई हुई है। हिन्दी और उत्तर भारतीयों पर दयानिधि मारन का बयान भले ही पुराना हो, पूरी तरह गलत है। बिहार या उत्तर प्रदेश के लोग तमिलनाडु के हर सेक्टर में काम करते हैं। बिहार के लोग सिविल सर्विसेस में भी हैं और आईटी सेक्टर में भी. वहीं तमिलनाडु के लोग भी राज्य में हर तरह के काम करते हैं। हकीकत यह है कि यदि उप्र और बिहार के मानव संसाधन देश के दूसरे राज्यों में न जाएं, तो बहुत कुछ निष्क्रिय हो सकता है। कारोबार और फसलों की कटाई के काम ठप्प हो सकते हैं। कई संदर्भों में हुक्का-पानी तक बंद हो सकता है। शौचालय साफ करने और सडक निर्माण करने वाले मजदूरों के राज्यों का यथार्थ यह है कि उप्र से 13.5 फीसदी और बिहार से 8.5 फीसदी आईएएस अधिकारी देश को मिलते हैं। ये सर्वाधिक आंकड़े हैं। केंद्र सरकार ने साल 2011 के सर्वे के आधार पर देश की जनसंख्या से जुड़े अलग-अलग आंकड़े जारी किए थे। इसके मुताबिक उत्तर भारतीय राज्यों में तमिल, मलयालम, कन्नड़ और तेलुगू बोलने वालों की संख्या साल 2001 की जनगणना के मुकाबले बकम हुई है, जबकि दक्षिण भारत में हिंदी भाषियों की संख्या बढ़ी है। बीते कुछ साल से प्रवासियों के तमिलनाडु आने में तेजी आई है। प्रवासी कामगारों में बिहार के अलावा झारखंड, पश्चिम बंगाल और भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों के लोग भी हैं। तमिलनाडु में करीब 1.5 करोड़ उत्तर भारतीय बसे और काम करते हैं। वहां की सरकार में भी उच्च और मझोले स्तर के अधिकारियों की संख्या भी ज्यादातर उत्तर भारतीयों की है। तमिलनाडु में अकेले बिहार से ही 25 से अधिक आईएएस और आईपीएस अधिकारी सेवारत हैं। तमिलनाडु के कपड़ा उद्योग, मछली उद्योग, कंस्ट्रक्शन, होटल व्यवसाय, पूजा-पाठ, सिलाई और बैग बनाने के काम के अलावा बड़ी संख्या में बिहार के प्रवासी स्ट्रीट फूड के स्टॉल भी लगाते हैं। तमिलनाडु के नेताओं को अपने सामाजिक-आर्थिक विकास और समझदारी का परिचय देते हुए उप्र और बिहार की अर्थव्यवस्था को भी समझना चाहिए। दरअसल देश का संविधान ऐसी गाली, नफरत और भेदभाव की अनुमति नहीं देता। उप्र, बिहार और तमिलनाडु भारत गणराज्य के ही हिस्से हैं। वे एक ही लोकतांत्रिक परिवार के सदस्य हैं। संविधान के मुताबिक, प्रत्येक नागरिक, किसी भी राज्य में, निवास और व्यवसाय कर सकता है। उन पर राज्यों की सीमा और भाषा की कोई पाबंदी नहीं है। भारत की आजादी के 76 साल बाद भी उत्तर बनाम दक्षिण के गालीनुमा बयान सुनने को क्यों मिलते हैं? यदि उप्र, बिहार बनाम तमिलनाडु के बीच विभाजन और नफरत की दरारें हैं, तो भारत विविधताओं वाला देश कहां है? वाराणसी में काशी तमिल संगमम के आयोजन क्यों होते रहे हैं? दक्षिण भारतीय लोग दिल्ली और हिंदी पट्टी के क्षेत्रों में काम क्यों करते हैं? बसे हुए क्यों हैं? क्या भारत एक संप्रभु और संगठित देश नहीं है? देश के विकास में उप्र और बिहार का भी अहम योगदान है, तो तमिलनाडु भी भारत के हिस्से से बहुत कुछ हासिल करता है। मारन सरीखों के बयान निंदनीय और शर्मनाक हैं। चूंकि द्रमुक सरीखी दक्षिण भारतीय पार्टियों के जनाधार उत्तर भारत में नहीं हैं और भाजपा सरीखी हिंदी पट्टी की पार्टियों का विस्तार दक्षिण में नगण्य ही है। कर्नाटक और तेलंगाना में भाजपा के कुछ गढ़ हैं, लेकिन इसी आधार पर उत्तर प्रदेश, बिहार को गाली नहीं दी जा सकती।

## कविता

हमें फकीरी का भी बोझा ढोने दो।।

अपने खून को कई रगों में बहने दो,
कई जिस्मों में उसे जिन्दा रहने दो।

खुदा-खुदा करके जीती है दुनिया ,
मासूमियत को जिंदगी में सांस लेने दो।

रक्त,देह,नेत्र दान तो महान दान है,
अगले पल खुद को जिन्दा रहने दो।

दिलों में भोलापन जिंदा रहने दो,
रिश्तों को कुछ खुशनुमा रहने दो।।

कभी मुफलिसी में भी सांस लेकर देखिए ,
अंदाज अलग है जिंदगी का फना रहने दो ।।

संघर्ष से सदैव तपते इरादे और हौसले,
खुद को विपरीत लहरों में नैय्या खेने दो।।

आजमा कर देखो इन हवाओं फिजाओं को,
बेहतरीन नुस्खा खुशबुओं को बना रहने दो।

यह रिवाज ही है ऊँचा उठने का,
जरा अम्बर को और ऊंचा रहने दो।।

झुक जाना संस्कारों की इबादत है,
हमें फकीरी का भी बोझा ढोने दो।।

संजीव

## स्वच्छ भारत मिशन-साफ होते शहर-गांव

**आर.के. सिन्हा**

करीब नौ साल पहले का वह मंजर यकीनन यादगार था जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं झाडू लेकर राजधानी दिल्ली की सड़कों पर सफाई करने उतरे थे। उनके पीछे- पीछे उनके मंत्रिमंडल के कई मंत्रियों से लेकर सरकारी बाबुओं तक का हुजूम भी सड़कों पर उतर आया था। 2014 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के दिन प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन का आगाज किया था। यकीनन, महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें इससे बेहतर श्रद्धांजलि शायद दी भी नहीं जा सकती थी। आजाद भारत में संभवतः यह पहला मौका था जब देश में स्वच्छता को लेकर सरकार ने इतनी गंभीरता दिखलाई। 140 करोड़ की आबादी का प्रतिनिधत्व करने वाला अगुआ यदि खुद सड़क पर उतर आए, फिर समुद्र किनारे घूम घूम कर कूड़ा उठाने लग जाए, तो यह समझना कतई मुश्किल नहीं कि देश की हुकूमत का साफ सफाई को लेकर नजरिया क्या है। बीते कुछ वर्षों में, जाहिर तौर पर स्वच्छता के मोर्चे पर हमने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। आज शहरों के बीच स्वच्छता को लेकर देश भर में कई प्रतियोगितायें हो रही हैं । उनमें एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ लगी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने अब तक के कार्यकाल में स्वच्छता अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। शायद यही वजह है कि स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत के बाद भारत में स्वच्छता का पुनर्जागरण हुआ है। मिशन ने न केवल शहरों का कायाकल्प किया बल्कि गांवों में भी स्वच्छता की अलख जगाई है। अपने देश को साफ सुथरा रखने की संवेदनशीलता और भावना आज पूरे देश में ही दिखती है। गांधीजी की आजीवन स्वच्छता की अलख जगाते रहे। दक्षिण अफ्रीका प्रवास के दौरान वहां उन्हें श्वेत निवासियों के इस दावे से लड़ना पड़ा कि भारतीयों में स्वच्छता की कमी है और इसलिए उन्हें अलग रखने की जरूरत है। नटाल विधान सभा को लिखे एक खुले पत्र में, गांधी ने कहा था कि जहां तक स्वच्छता के मानकों का सवाल है, भारतीय भी यूरोपीय लोगों के बराबर हो सकते हैं, बशर्ते उन्हें भी उसी तरह का ध्यान और अवसर दिया जाए। 1915 में भारत लौटने पर, उन्होंने स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए अपने कार्यक्रमों के मूल में स्वच्छता के मंत्र को रखा। गांधी जी ने 1941 में कांग्रेस कार्यकताओं के लिए रचनात्मक कार्यक्रम नामक पुस्तिका प्रकाशित की। ग्राम स्वच्छता उन अठारह कार्यक्रमों में से छठा था जो गांधीजी ने उस पुस्तिका में बताए थे। कुछ अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम साम्प्रदायिक एकता, अस्पृश्यता निवारण, आर्थिक समानता, सविनय अवज्ञा आदि थे। आज के दिन गांधी जी के स्वच्छ भारत की परिकल्पना को पीएम मोदी साकार कर रहे हैं। यह दुर्भाग्य ही कहा जायेगा कि गाँधी के नाम पर राजनीति करने वाले किसी कांग्रेसी सरकार ने इसके ऊपर कोई ध्यान तक नहीं दिया कस्वच्छ भारत मिशन इन नौ सालों में जनआंदोलन बन गया है। आज ज्यादातर सडकें साफ सुथरी दिखती हैं।

## विचार

# प्रगतिशील शिक्षा ज्ञान का नया स्वरूप

**संजीव**

**भारतीय** समाज एक बहुभाषी, बहु सांस्कृतिक, बहुजातीय, बहु धार्मिक समाज है। एक नजर में इसकी प्रगाढ़ता और इसके विराट स्वरूप को समझना अत्यंत कठिन है। भारतीय समाज की गहरी और विशाल संरचना को, उसके विभिन्न आयामों को समझना हमारे लिए अत्यंत आवश्यक भी है और अनिवार्य भी। हमारा समाज एक विशिष्ट और उत्कृष्ट समाज है, जो अनेक संस्कृतियों, रीति-रिवाजों, धार्मिक विश्वासों और जीवनशैली में गुथा हुआ है। रोजमर्रा की जीवन शैली में भारतीय समाज की विशिष्ट पहचान दृष्टिगोचर होती है। यह समाज जहां अपनी पुरातन अंधविश्वासी रूढ़िवादिता की बेड़ियों में जकड़ा है, वहीं दूसरी तरफ आधुनिक विकास के साथ अग्रसर होने की चाह में आगे बढ़ रहा है। भारतीय समाज रूढ़िवादिता और आधुनिकता के विकास के बीच अंतर्द्वंद में फंसा हुआ है। एक और भारतीय समाज पश्चिम से प्रेरित होकर भौतिकता की चकाचौंध के पीछे भाग रहा है वहीं दूसरी तरफ अपनी पुरातन आध्यात्मिक परंपराओं का भी बखूबी निर्वाहन करने का प्रयास भी कर रहा है। किंतु समाज में यह अंतर्द्वंद बना हुआ है कि वह योग को अधिक महत्व दे अथवा भोग को, इससे इतर भारतीय समाज आश्चर्यजनक रूप से दोनों को अपनाते हुए आगे की ओर अग्रसर है। भारतीय महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की नई परिभाषाएं लिख रहीं है वही देश में शिशु लिंगानुपात हर जनगणना में घटता जा रहा है। सामाजिक कुरीतियों में कमी तो आई है पर महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों और यौन अपराधों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। हमारे समाज में बेटियां नाम कमा कर माता-पिता का नाम रोशन तो तेजी से कर रही हैं पर भ्रूण हत्या की दरों में अनावश्यक तेजी भी चिंता का कारण बनी हुई है। यही अंतर्विरोध ही समाज को चिंतनीय भी बना रहा है। सबसे ताजा खबरों में हरनाज संधु ने मिस यूनिवर्स का खिताब जीता है, और देश का नाम ऊंचा कर गौरव हासिल किया है। भारतीय लड़कियों ने फैशन में एक नया मुकाम बनाया है आज आधुनिक पेंट, जींस पहन कर लड़कियां आगे बढ़ने को आतुर है। दूसरी तरफ खानपान में जहां भारतीय पारंपरिक व्यंजन डोसा, सांभर, इडली, पंजाबी ,मसालेदार भोजन ग्लोबल स्तर पर छा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि सिर्फ हम पारंपरिक भोजन ही कर रहे हैं हमने पिज्जा, पास्ता, मैक्सिकन, इटालियन, चाइनीस और कॉन्टिनेंटल फूड को भी आमजन का खाद्य पदार्थ बनाया हुआ हैं। भारतीय समाज रूढ़िवादी संस्कारों को पूरी तरह निभाने का प्रयास कर रहा है दूसरी तरफ लिव इन रिलेशनशिप में युवक युवतियां महानगरों में बड़े आराम से जीवन जी रहे हैं। रूढ़िवादिता तथा पश्चिम के खुले पन और उन्मुक्त होता का एक फ्यूजन तैयार हो रहा है। हमारा समाज आधुनिक अनश्वर को अपनाता है वहीं नवीन वैज्ञानिक पद्धति को भी अपना रहा है और नवयुग की ओर आकर्षित हो रहा है। दूसरी तरफ अपने पारंपरिक दार्शनिक धार्मिक मूल्यों जैसे ज्ञान, भक्ति, कर्म मार्ग, अवतारवाद, पुनर्जन्म, आस्था तथा मोक्ष की अवधारणा और अहिंसा के सिद्धांतों पर अभी भी आस्थावान है। धर्म तथा अध्यात्म का आकर्षण कम होने के स्थान पर ज्यादा हुआ है। धार्मिक स्थलों के बढ़ते निर्माण धर्म गुरु के सत्संग, प्रवचन, पूजन, भजन ,कीर्तन, अजान ,अरदास, उपवास, रोजा, तीर्थ स्थलों, दरगाह पर भारी भीड़ यह सब सिद्ध करते हैं कि भारतीय समाज आधुनिक होने के साथ-साथ अंधविश्वास और रूढ़िवादिता पर भी विश्वास रखता है। इन्हीं सब कारको के कारण रूढ़िवादिता तथा पाश्चात्य दर्शन का अंतर्विरोध स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। एक और पर्यावरण संरक्षण को बनाए रखते हुए हम भारतीय समावेशी विकास की बात करते हैं। वहीं दूसरी तरफ विकास के नाम पर खनन, पेडो की बेतरतीब कटाई जारी रख पर्यावरण की धज्जियां उड़ाते हैं। जल, जंगल, जमीन से लेकर हवा तक भ्रष्टाचार का बोलबाला है, इससे रूढ़िवादिता और पश्चिमीकरण मैं द्वंद स्पष्ट उजागर होता है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# तापमान भले शून्य हो पर सहनशक्ति शून्य नहीं होनी चाहिए

**वीरेंद्र बहादुर सिंह**

समाज में जो भी दंपति, परिवार, नौकरी और धंधा टिका है, उसका रहस्य इसमें 'किसी एक का त्याग उर सहनशक्ति होती है'।

एक बार जंगल में हिम वर्षा हुई। इसके बाद वहां इतनी तेज ठंड पड़ी कि उस ठंड में तमाम छोटेमोटे जानवरों की मौत हो गई। इस ठंड में जंगल में रहने वाली साहियां भी हिम्मत हार गईं और उन्हें अपनी मौत सामने दिखाई देने लगी। एक बुजुर्ग साही ने जंगल की तमाम साहियों को बुला कर मीटिंग की। उस बुजुर्ग साही ने एक उपाय सुझाया कि 'हम सभी को एकदूसरे से चिपक कर बैठ जाना चाहिए। इससे हम सभी को गर्मी मिलेगी। दो-तीन दिनों में ठंड कम हो जाएगी।' साहियों को उस बुजुर्ग साही का यह प्रस्ताव उचित लगा। उस बुजुर्ग साही ने जो युक्ति बताई थी, उसी के अनुसार सभी साही एक-दूसरे से चिपक कर बैठ गईं। इससे थोड़ी-थोड़ी गर्मी आने लगी। तभी इस समूह में जो युवा साही थीं, वे भी इस समूह में चिपक कर बैठी थीं, वे समूह से बाहर निकल गईं। उन्होंने बुजुर्ग साही पर रोष व्यक्त हुए कहा कि 'आप के समूह में हमें इस तरह नहीं रहना। ठंडी से बचने का यह बिना बुद्धि का कैसा प्रयोग है। आप सभी को इस तरह चिपक कर बैठने से एक-दूसरे का कांटा नहीं चुभता? हमें तो शूल भोंकने जितनी तकलीफ होती है। देखो न खून भी निकलने लगा है।' यह कह कर युवा साहियों ने समूह से बाहर रहने का निर्णय लिया। अन्य साहियां भी यह सुन कर समूह से बाहर निकल जाना चाहती थीं। तब उस बुजुर्ग साही ने उन्हें समझाया कि 'मैं आप सभी से विनती करता हूं कि कुछ घंटे आप लोग इसी तरह चिपकी रहें। इससे परीक्षा लेने वाला यह समय बीत जाएगा।'

बुजुर्ग साही की विनती सुन कर बाकी की साहियां मान गईं और एक-दूसरे से चिपक कर बैठ गईं। बुजुर्ग साही ने विरोध करने वाली उन युवा साहियों से भी समूह में आने की विनती की, पर वे नहीं मानीं। थोड़ा समय बीता। ठंड तो जान लेने वाली थी। समूह से अलग होने वाली युवा साहियों में कुछ ठंड से कांपने लगीं। पर वे समूह में शामिल नहीं हुईं।

## नया साल उसका उबाल

मदन वर्मा

**मैं वही, दर्पण वही, तुमको न जाने क्या हो गया....!**
**तू चल.....मैं आ रहा हूं नये वर्ष ने दी आवाज !**

तारीखों के बदलने के साथ फिर नया वर्ष आने वाला हैं। समय चक्र के साथ दिन, महीने और साल गुजरते जाते हैं तथा जीवन का कारवां चलता रहता है। वक्त ही तो है जो पुराने को ले जाता है और नए को लाता है। पुरानी खराब यादें भूलना है। हर बार नया संकल्प नयी क्रांति इस नये पायदान से शुरू होती हैं। अब कोई कोरोना, लॉकडाऊन की स्थिति से डरने की जरूरत नहीं। नये क्षेत्रों में आगे बढ़ना है, नई क्रांति जगाना है, पर्यावरण व प्रदूषण का उपचार करना हैं और वायुमंडल से प्रदूषण कम करने हेतु सोलर एनर्जी और इलैक्ट्रिक वाहन क्रांति के नये क्षेत्र में कदम आगे बढ़ाना है इसलिए पुराना समय भूलकर नये साल का स्वागत करने को नया साल पुकार रहा है। तू चल और मैं नया वर्ष आ रहा हूं। मैं वही, दर्पण वही, तुमको न जाने क्या हो गया....! मैं नया साल आया हूं, कल्पनाओं के सागर में सब कुछ लागे नया-नया। नये लक्ष्य, नये सपने, नयी उम्मीदें, और नयी सरकार सब सामने हैं। जन-जन में आशा-अपेक्षाओं का उबाल आया है। ये सब कितनी पूरी होती है यह साल गुजरने-गुजारने पर पता चलेगा। वैसे इसी तरह हर नया साल गुजरते जाता हैं हम सब गिनती करते जाते हैं। नया दौर हैं जब भी आता है, कुछ ना कुछ बदलाव लाता है। यही इस नये साल भी होना है। इस बार नयी सरकार अवश्य
कई नये कार्यों की शुरूआत करेगी जिससे उन्नति की नई पायदान राज्य व देश को हासिल होगी।

नये साल में सब कुछ अच्छा हो देश उन्नति व विकास में आगे बढ़ें, युवा वर्ग को रोजगार मिलें, मातृशक्ति को सुरक्षा मिलें, बुजुर्गों की व्यवस्थित देखभाल हो। हमें अनुशासित व्यवहार
करना हैं, संयमित रहकर ताकि कहीं का भी माहौल हंसी-खुशी
और उल्लास का बना रहे, सभी को आनंद मनाने का समान अवसर मिले। नया वर्ष भरपूर खुशियों के साथ मनायें। नये वर्ष की हार्दिक शुभकामनाओं सहित।

# सर्वसम्मति से सुरेश कुमार बीबीपुर दोबारा बने खण्ड शाहबाद के प्रधान



टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)

**राजकीय** प्राथमिक शिक्षक संघ खंड शाहबाद का चुनाव राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहबाद में संपन्न हुआ ।पर्यवेक्षक के रूप में नरेश फुले व दलीप सिंह ने कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू की। सबसे पहले वर्तमान प्रधान सुरेश कुमार द्वारा अपनी कार्यकारिणी की ओर से सभी साथियों का धन्यवाद किया और पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। उसके बाद अध्यापकों द्वारा सर्व सम्मति से नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू हुई। सबसे पहले प्रधान पद के लिए सदन में सहमति से सुरेश कुमार बीबीपुर को दोबारा प्रधान बनाया गया। उप प्रधान के तौर पर नरेंद्र नारायणगढ़, वरिष्ठ उपप्रधान के तौर पर संतोष रानी बीबीपुर ,महासचिव के रूप मे धर्मवीर बकाना ,कोषाध्यक्ष प्रवीण किशन गढ़, ऑडिटर विनोद मालडा बीबीपुर, सहसचिव बलजीत डकाला, संरक्षक रवींद्र ढाढा, संयोजक सुधीर यारा,सलाहकार के तौर पर योगेश डलामाजरा, प्रेस सचिव रामेश्वर , संगठन सचिव अमित सुरखपुर,सुनीता डकाला आदि को नई कार्यकारिणी के रूप में सर्वसम्मति से जिम्मेदारी दी गई।। यह जानकारी देते हुए प्रधान राजेंद्र टंडन और महासचिव संदीप चौहान ने बताया कि राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्राथमिक शिक्षकों की समस्याएँ प्रत्येक मंच पर उठाता है। उन्होंने सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संगठन के साथ जुड़कर अपनी माँगों को बल दें।इस अवसर पर जसमेर सिंह, अमन पॉल, वरुण शर्मा, अशोक पलवल, जय प्रकाश,राकेश कुमार, रवींद्र कलसाना, रमेश पलवल, देवदत्त आदि उपस्थित रहे।

**जिम्मेवारी**

8 सबसे पहले प्रधान पद के लिए सदन में सहमति से सुरेश कुमार बीबीपुर को दोबारा प्रधान बनाया गया

# धर्मेंद्र ने 10वीं स्ट्रेंथ लिफ्टिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड जीतकर बनाया विश्व रिकॉर्ड

टीम एक्शन इंडिया/लालचंद नांगल चौधरी

गांव भुगारंका के बेटे धर्मेंद्र यादव ने हैदराबाद में आयोजित 10वीं वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश व देश का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर नांगल चौधरी के भाजपा नेता महेंद्र गुर्जर व कृष्ण ने धर्मेंद्र यादव के घर जाकर उनको सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि धर्मेंद्र यादव ने पहले भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। जिले के आसपास में ना ही कोई अच्छा स्टेडियम ग्राउंड है, ना ही अन्य कोई सुविधा। इसके बावजूद धर्मेंद्र यादव की इस उपलब्धि से न केवल उसके परिवार व गांव के सदस्य बल्कि पूरा क्षेत्र गौरवान्वित है। धर्मेंद्र यादव अभी तक कई खिताब व रिकॉर्ड अपने नाम कर चुका है। धर्मेंद्र यादव ने 257.7 किलो हक लिफ्ट उठाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीत कर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया । धर्मेंद्र अब एशियाड की तैयारी में जुट चुका है।



## न्यूज फ्लैश

### देश व प्रदेश का हर परिवार व नागरिक सरकार की योजनाओं का उठा रहा लाभ: प्रमोद विज



**पानीपत/कमाल हुसैन** पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वार्ड 4, 7 व वार्ड 19, 26 में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विभिन्न विभागों की स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा देश के कोने-कोने में समाज के सभी वर्गों विशेषकर वंचित वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है। आज देश का हर परिवार व नागरिक इन योजनाओं का लाभ उठा रहा है। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित लोगों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई और विभिन्न योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। नागरिक होने के नाते देश की एकता को सुदृढ़ करना और रक्षा करने वालों का सम्मान करना हम सबका फर्ज है। इस मौके पर भाजपा नेता हरपाल ढांडा, निगम की संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी, पार्षद विजय जैन सहित विभिन्न गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### जूनियर रैडक्रास प्रशिक्षण शिविर के पांचवे दिन की शुरूआत प्रार्थना, ध्वजारोहण व योग के साथ हुई

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक,)** श्री पावन धरा पर गीता ज्ञान संस्थानम में सात दिवसीय अन्तर्राज्यीय जूनियर रैडक्रास प्रशिक्षण शिविर के पांचवे दिन की शुरूआत प्रार्थना, ध्वजारोहण व योग के साथ हुई इस अवसर पर गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज अपना कीमती समय निकालकर शिविर में आये हुए जूनियर व काउन्सर्ल को आशीर्वाद देने पहुंचे । शिविर निदेशक, श्री रामाशीष मण्डल और संयुक्त शिविर निदेशक, विनीत गाबा ने गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज का शिविर में पहुंचने पर स्वागत व आभार प्रकट किया।

# रविवार को होगा पंद्रह गांवों के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन

टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा

**नारनौल।** पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा ने कहा है कि आगामी 31 दिसंबर रविवार को बहरोड़ रोड स्थित उनके निजी शिक्षण संस्थान पर 15 गांवो का विशेष कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। इस सम्मेलन के जरिए कार्यकर्ताओं को विशेष जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, ताकि वह प्रत्येक गांव में घर घर जाकर लोगों को कांग्रेस और प्रजातांत्रिक गतिविधियों को बारीकी से समझा सके । श्री शर्मा अपने निजी शिक्षण संस्थान में आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार प्रजातंत्र को खोखला और नकारा कर रही है। इस सरकार ने गांव की छोटी सरकारों के अधिकारों का हनन करते हुए उनकी अहमियत को कमजोर बना डाला। जनता के द्वारा चुने गए पंचायती प्रतिनिधियों की हालत चौकीदार से भी बदतर बन चुकी , लेकिन हालातों को जानते हुए भी जनप्रतिनिधि मौन है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के शाशनकाल में जो कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई थी , उन पर विराम लगाते हुए इस सरकार ने ऐसी योजनाओं को मूर्तरूप देने का काम किया को जनविरोधी हो हैं ही, जनता भी इन योजनाओं से परेशान हो चुकी। फैमली आई डी जैसी योजनाओं को जनता पर थोप सरकार ने लोगों को नई मुसीबत में डाल दिया है।

# गांव कारोली की पुत्रवधू ने हैदराबाद में आयोजित 10वीं स्ट्रेंथ लिफ्टिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीता सिल्वर-ब्रॉन्ज

टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल

**गांव** कारोली की पुत्रवधू कविता ने हैदराबाद में आयोजित 10वीं वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल और ब्रांच मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। कविता की इस उपलब्धि पर नांगल चौधरी के युवा भाजपा नेता महेंद्र गुर्जर व कृष्ण ने कविता के घर जाकर उनको सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि कविता ने पहले भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। जिले के आसपास में ना ही कोई अच्छा स्टेडियम ग्राउंड है, ना ही अन्य कोई सुविधा इसके बावजूद कविता की इस उपलब्धि से न केवल उसके परिवार व गांव के सदस्य बल्कि पूरा क्षेत्र गौरवान्वित है। कविता व उसके के पति मोहन दोनों ही बेरोजगार हैं। मोहन के दोनों भाई पुलिस में हैं, जिनके सहयोग से ही इन दोनों का गुजारा चल रहा है। कविता ने अब तक कुल 30 मेडल जीते हैं। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भी कविता ने इसी वर्ष 2023 में सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। कविता वर्ष 2015 और 2017 में भी वर्ल्ड की स्ट्रॉगेस्ट महिला का खिताब अपने नाम कर चुकी है। कविता ने 80 प्लस वेट कैटेगरी में ये मेडल जीते हैं। उन्होंने कई वर्ष बाद स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में वापसी की है। कविता अपनी छोटी उम्र में मां के देहांत के बाद पूरी तरह टूट चुकी थी और उसके बाद में कविता की शादी कर दी गई। जहां कविता के पति व उनके ससुराल पक्ष ने कविता का पूरा मनोबल बढ़ाया और उसे दोबारा से तैयारी करने के लिए प्रेरित किया।



# कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस पर काटा केक



टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत

**प्रदेश** महासचिव राजीव गांधी पंचायती राज संगठन हरियाणा कांग्रेस के एडवोकेट मनोज गोहाना ने आज गोहाना की पुरानी अनाज मंडी में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 139वां स्थापना दिवस केक काट कर मनाया। मनोज गोहाना ने कहा कांग्रेस पार्टी 36 बिरादरी की पार्टी है। कांग्रेस राज में आम जनमानस खुश था। आज स्थापना दिवस के अवसर पर सभी कार्यकर्ता ने कहा कांग्रेस पार्टी के लिए, हम हर गांव में जाकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। सुभाष गोयल,सुरेंद्र जैन, राजेन्द्र जैन, प्रवीण गोयल, दिनेश जैन, राजेश जैन, नवीन जैन, नितेश कुमार,देवेंद्र दुराना,सोनू सैन,कृष्ण दहिया, नरेश कुमार, मोहन सिंह, नवीन कुमार, पंडित सत्येंद्र, सत्यवान, रामकुमार, आदि मौजूद रहे।

# मोबाइल टावर लगाने को लेकर नाहन हाउस में हुआ हंगामा

टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)

अंबाला के नाहन हाउस इलाके में मोबाइल टावर लगाने को लेकर हंगामा हो गया इलाका वासियों का कहना है कि लोगों के पास टावर लगाने के लिए परमिशन नहीं है तो वही टावर लगने की वजह से बच्चे और बूढ़ों को सांस लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा हालांकि इस दौरान नगर निगम और पुलिस प्रशासन की टीम वहां पहुंची। दरअसल नाहन हाउस इलाके में कंपनी द्वारा नया टावर लगाने का काम जोरों शोरों से चल रहा था जिसकी भनक लगते ही इलाकावासी इकट्ठे हो गए और काम को रुकवा दिया गया आम जनता का कहना है कि अपनी दुकान के उपर टावर लगवाने वाले दुकान मालिक ने कहा था कि यहां सिर्फ जनरेटर लगाया जाएगा जबकि रातों रात टॉवर खड़ा करने का काम शुरू कर दिया गया स्थानीय लोगों ने कहा कि पहले से ही आस पास टावर लगे हुए है जिनकी रेडिएशन किरणों से बच्चों बुजुर्गों और खासकर गर्भवती महिलाओं को खासा नुकसान पहुंचता है लोगों ने कहा कि हम अपने इलाके में टावर नही लगने देंगे इसको लेकर हमने नगर निगम में भी लिखित शिकायत दे दी है। वही मामले की सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों को चौकी में बुलाया गया है टावर लगाने को परमिशन संबंधित कागजात भी मांगे गए है जांच के बाद ही आगामी करवाई होगी। टावर लगवा रहे दुकान मालिक ने स्थानीय लोगों पर मिस्त्रीयों से मारपीट करने और उनका सामान उठाकर ले जाने के आरोप लगाए है, दुकान मालिक का कहना है की लोगो ने उनसे पैसे की मांग भी की है उन्होंने ये तक साफ कर दिया है की अगर टावर की परमिशन न हुई तो वो खुद इसे हटवा देगे। मामले में ज्यादा जानकारी देते हुए नगर निगम एक्सीएन महिंदर ने बताया की सुबह कुछ लोग उनके पास टावर की कंप्लेंट लेकर आए थे जिसे सुन उन्होंने कर्मचारियों को मौके पर जा जांच के आदेश दिए इस मामले में नियम अनुसार कारवाई की जाएगी, नियमो की उलंघना करने वालो पर कारवाई की जाएगी।



# दिल्ली पब्लिक स्कूल हिस्ट्री टीवी18 सीबीएसई हेरिटेज इंडिया क्विज 2023 के सेमी-फाइनल में



**नई दिल्ली।** ये प्रतियोगिता ज्ञानवर्धक ही नहीं बल्कि काफी रोमांचक भी थी, जहां दिल्ली पब्लिक स्कूल, नई दिल्ली के विधार्थियों ने एकाग्रता, रणनीति और संयम का प्रदर्शन करते हुए हिस्ट्री टीवी18 सीबीएसई हेरिटेज इंडिया क्विज 2023 में नेशनल विक्टर पब्लिक स्कूल, दिल्ली में हुए रीजनल राउंड में प्रथम स्थान पा कर इस क्विज के सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। सीबीएसई द्वारा 2001 में शुरू की गई हेरिटेज क्विज आज अखिल भारतीय स्तर पर इंटर-स्कूल क्विज में एक बैंचमार्क है और विभिन्न प्रतिष्ठित सीबीएसई स्कूलों के प्रतिभाशाली और प्रखर युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देती है। देश भर के 2300 से अधिक स्कूलों ने क्विज भाग लिया। जी20 के अध्यक्ष के रूप में भारत की सम्मानित भूमिका के सम्मान में इस वर्ष, क्विज का प्रसंग 'भारत: लोकतंत्र की जननी' रखा गया है। प्रारंभिक एलिमिनेशन राउंड के बाद क्षेत्रीय राउंड हुए, जहां 22 स्कूलों के 66 छात्रों ने क्विजमास्टर अजय पूनिया के चुनौतीपूर्ण सवालों का सामना किया। दिल्ली पब्लिक स्कूल, नई दिल्ली का प्रतिनिधित्व करते हुए, अथर्व आनंद, अक्षण सिंह और अराहान गुप्ता की विजेता टीम ने सामंजस्य और टीमवर्क का प्रदर्शन किया जिसने उन्हें शुरू से ही सबसे आगे रखा। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए 22 प्रतिष्ठित स्कूलों की टीमों से मुकाबला करते हुए, दिल्ली पब्लिक स्कूल, नई दिल्ली की टीम ने दबाव का सामना करते हुए अपना हौसला बुलंद रखा और जीत हासिल की।

# सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन को सुगमता से मिले: विधायक

टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)

अम्बाला शहर के विधायक असीम गोयल नन्योला ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का लाभ आमजन को सुगमता से मिले, यह सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। विधायक आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव सेगता, बिशनगढ़, निहारसी व अमीपुर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पंहुचे थे और गोयल ने इस मौके पर उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाते हुए कहा कि इस भूमंडल पर तीन तरह के राष्ट्र हैं, जिनमें एक अविकसित राष्ट्र है, जिसमें किसी प्रकार का कोई काम नही हुआ है, दूसरा विकासशील देश जैसे हमारा भारत देश है, जो निरंतर विकास कर रहा है और तीसरा विकसित देश हैं, जिनमें सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं, ऐसे 37 देश हैं। आज गांव सेगता में 13 आयुष्मान कार्ड, बिशनगढ़ में 10 आयुष्मान कार्ड तथा सामजिक सुरक्षा पैंशन योजना के तहत सेगता व बिशनगढ़ में लाभार्थियों को तथा अन्य गांव में भी आयुष्मान लाभार्थियों व अन्य को सम्बन्धित योजना के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गये।



# उपायुक्त ने ली जिला स्तरीय बैंकर्स तिमाही बैठक

टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा

नारनौल । उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) की अध्यक्षता में बुधवार को लघु सचिवालय में जिला स्तरीय बैंक समीक्षा की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सितंबर से अब तक बैंकों के कार्य की समीक्षा हुई। समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त ने नाबार्ड की अनुमानित ऋण योजना 2024-25 की बुकलेट का विमोचन किया। इस मौके पर डीसी ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के लिए अधिक से अधिक नागरिकों का पंजीकरण करवाया जाए। इस योजना के तहत 18 से 70 वर्ष के बीच की आयु के नागरिक 20 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर बीमा करवा सकते हैं। इसमें दुर्घटना में मौत होने पर परिवार जनों को 2 लाख की आर्थिक सहायता तथा कोई शारीरिक अपंगता होने पर एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता मिलती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 436 रुपए सालाना प्रीमियम पर 2 लाख का बीमा किया जाता है। इसमें 18 से 50 वर्ष के आयु वर्ग के नागरिक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। इसमें किसी भी कारण से मृत्यु होने पर 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता का प्रावधान है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह (आईएएस), लीड बैंक मैनेजर विजय सिंह, सीएमजीवीबी दिवाकर कुमार, पशुपालन विभाग से उपनिदेशक डॉक्टर नसीब सिंह, आरबीआई से एलडीओ विशाल कुमार, डीडीएम नाबार्ड अभिषेक दहिया, सभी बैंक डीसीओ व विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



# सीसीटीवी कैमरों की जद में होगा पूरा शहर: डॉ. वीरेन्द कुमार

## पूरे शहर में नाईटवीजन युक्त 123 कैमरे लगाए जाएंगे। इनसे अपराधों पर अंकुश लगेगा

टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन

**उपायुक्त डॉ.** वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बुधवार को जिला सचिवालय में पत्रकार वार्ता कर जानकारी दी कि जल्द ही पूरा पानीपत शहर सीसीटीवी कैमरों की जद में होगा और इसके लिए जिला के एनवायरमेंट फण्ड से पुलिस विभाग को पैसे रिलिज किए जाएंगे। पूरे शहर में नाईटवीजन युक्त 123 कैमरे लगाए जाएंगे। इनसे अपराधों पर अंकुश लगेगा। लोगों को ट्रेफिक नियमों की पालना करनी होगी और कैमरे शुरू होने से नियम तोडने पर चालान घर पर ही प्राप्त होगा। साथ ही साथ जनवरी माह के अंत तक एलीवेटिड हाईवे के दोनों कट खोल दिए जाएंगे। जिससे लोगों को बहुत बड़ा फायदा होगा। पत्रकार वार्ता में उपायुक्त ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी और कहा बुधवार 27 दिसम्बर तक 105 गांव कवर किए जा चुके हैं और 74 गांव अभी कवर करने बाकि हैं। यह वैन जिला के सभी 179 गांवों को कवर करेगी। बुधवार तक 1 लाख 2 हजार 977 ग्रामीण इसमें भाग ले चुके हैं और लगभग 95 हजार 128 लोगों ने संकल्प शपथ ली है। इसी तरह बुधवार तक निगम के 12 वार्डो को कवर किया जा चुका है और 14



वार्ड बाकी हैं। इनमें करीब 8 हजार लोगों ने भाग लिया है। इसी तरह समालखा के सभी 17 वार्डो को इस यात्रा के माध्यम से कवर किया जा चुका है। शहरी क्षेत्र के वार्डो को 1 जनवरी तक और ग्रामीणा के 20 जनवरी तक सभी गांवों को कवर कर लिया जाएगा। अभी तक कुल 1183 शिकायतें इस संकल्प यात्रा में प्राप्त हुई है, जिन्हें पोर्टल पर डाल दिया गया है। जीटी रोड पर बने करीब 85 अवैध कट होंगे बंद

डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि जीटी रोड पर ढाबों व अन्य प्रतिष्ठानों ने अवैध रूप से कट बना रखे हैं जोकि गैर कानूनी है। इन सबको बंद करवाने की प्रक्रिया जारी है। यदि किसी ने इसमें कौताही बरती तो उसके विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। इन अवैध कटों के कारण दुर्घटना होने का अंदेशा सबसे ज्यादा रहता है। इसके लिए रोड सेफ्टी की बैठक में जगह चिन्हित की गई थी। उन्होंने बताया कि संजय चौक से लेकर सनौली रोड को फोरलेन करने के काम के लिए 72 करोड का टैण्डर किया जा चुका है। इसे पानीपत हरिद्वार हाईवे तक जोडा जाएगा। पानीपत-सफीदो-जींद-भिवानी रोड को फोरलेन करने का कार्य प्रगति पर है और जिले के पराढ़ना गांव की जमीन चिन्हित कर उसे अधिग्रहित करने के लिए पंचायती राज विभाग के निदेशक के पास इसका प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है।

# नारनौल गौ सेवा मंडल की बैठक संपन्न, नव वर्ष पर होगा अन्नकूट का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा

**नारनौल।** निजामपुर रोड श्री अनाथ गौशाला नारनौल में नारनौल गौ सेवा मंडल की बैठक मंडल के प्रधान सत्यपाल यादव की अध्यक्षता में की गई। नव वर्ष पर 1 जनवरी 2024 को मंडल की ओर से गौ सेवक सम्मान व अन्नकूट प्रसाद के आयोजन के उपलक्ष में सभी सदस्यों के साथ मिलकर विचार विमर्श किया गया। उप प्रधान दलीप यादव ने बताया कि सभी की सहमति के बाद 1 जनवरी को जिला महेंद्रगढ़ में जो भी गो सेवा के लिए समर्पित है उनको मंडल और गौशाला की ओर से सम्मानित किया जाएगा व इसके बाद सभी के लिए अन्नकूट प्रसाद का आयोजन किया जाएगा। श्री अनाथ गौशाला के प्रमुख संरक्षक आकाश यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर सभी कार्यकारिणी सदस्यों को अपने-अपने कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई ताकि कार्यक्रम को भव्य रूप दिया जा सके। इस बैठक में प्रधान सतपाल यादव, गौशाला प्रमुख संरक्षक आकाश यादव, उप प्रधान दलीप यादव, मुकेश वालिया, गजेंद्र नंबरदार, रमेश यादव, नितिन गुप्ता, सज्जन सिंह, सुभाष वर्मा, पुरुषोत्तम कौशिक, योगेश शर्मा, जितेंद्र यादव, अमरनाथ सोनी, देवनाथ, अमित, पंकज, सभी सदस्य मौजूद रहे।



## न्यूज फ्लैश

### ट्राली चोर गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार; चोरीशुदा ट्राली व वारदात में प्रयुक्त ट्रैक्टर व बाइक बरामद

**पानीपत, कमाल हुसैन /टीम एक्शन इंडिया**
थाना बापौली पुलिस ने ट्राली चोर गिरोह के दो आरोपियों को खोजकीपुर यमुना पुल के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान सौरभ निवासी नया गांव सहारनपुर यूपी व सुमित निवासी गोयला खुर्द के रूप में हुई।
थाना बापौली प्रभारी सब इंस्पेक्टर अतर सिंह ने बताया कि थाना बापौली पुलिस को बुधवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म के दो युवक स्वराज ट्रैक्टर के पीछे ट्राली जोड़कर खोजकीपुर यमुना पुल के पास खड़े है। ट्राली चोरी की होने की संभावना है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए मौके पर दबिश देकर दोनों युवकों को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान सौरभ पुत्र बिजेंद्र निवासी नया गांव सहारनपुर यूपी व सुमित पुत्र इसमपाल निवासी गोयला खुर्द के रूप में बताई। पुलिस टीम ने गहनता से पूछताछ की तो आरोपियों ने ट्रैक्टर के पीछे बंधी ट्राली 20 दिसम्बर की रात गांव बेगमपुर ताहरपुर में प्लाट से चोरी करने बारे स्वीकारा। चोरी की वारदात बारे थाना बापौली में सतीश पुत्र रणजीत निवासी बेगमपुर ताहरपुर की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया दोनों ने शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाने के लिए ट्राली चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया। दोनों आरोपी बुधवार को चोरीशुदा ट्राली को बेचने के लिए खोजकीपुर यमुना पुल के पास ग्राहक की फिराक में खड़े थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा ट्राली व वारदात में प्रयुक्त ट्रैक्टर व बाइक बरामद कर पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को वीरवार को न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

### जिलाधिकारी जी ठिठुरन लागे!

**-मथुरा में न्यनतम तापमान 7 अधिकतम 22 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज**
**-आदेश के बाद भी विद्यालय संचालकों ने नहीं बदली स्कूल टाइमिंग**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भगवान भाष्कर के दर्शन दुर्लभ होने लगे हैं। लगातार दो दिन से कान्हा की नगरी शीतलहर की चेपेट में है। न्यनतम तापमान लगातार गिर रहा है। 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई है। गुरूवार को राया कृषि फार्म पर न्यतमत तापमान सात डिग्री और अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार को न्यूनतम तापमान आठ डिगी सेल्सियस दर्ज हुआ था। जबकि अधिकतम तामपामन 21 डिग्री सेल्सियस था। मंगलवार को जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह के आदेश के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी करते हुए सभी स्कूलों के खोलने के समय में परिवर्तन करने का आदेश जारी किया गया था। जिलाधिकारी के आदेश के बाद भी विद्यालय संचालकों ने स्कूल टाइमिंग जस की तस रखी है। गुरूवार की सुबह शहर से लेकर गांव तक आठ और साढे आठ बजे ही स्कूल खुले। जो बच्चे स्कूल बस से जाते हैं उन्हें करीब आधा घंटे पहले स्कूल के लिए निकलना पडा। ऐसे में अभिभावकों को भी तमाम कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है। वह अपने पाल्यों को इस स्थिति में विद्यलाय भेजें अथवा नहीं फैसला नहीं ले पा रहे हैं। शीतलहरी और घने कोहरे की वजह से मथुरा के सभी प्राइमरी से इंटर तक के विद्यालयों का समय बदल गया है। मथुरा डीएम के आदेश के अनुसार शीतलहर एवं घने कोहरे के दृष्टीगत जनपद के प्री प्राइमरी से कक्षा आठ तक के समस्त विद्यालयों का खुलने का समय प्रातः 10 से शाम तीन बजे तक किया जाता है।

### बच्चों के आधार कार्ड बनावाने में लोगों की रूचि नहीं

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद मथुरा में आयु वर्ग 0 से 5 वर्ष में आधार नामांकन की प्रगति 33 प्रतिशत है। अतः आयु वर्ग 0 से 5 वर्ष आधार नामांकन की प्रगति को तेजी से बढ़ाया जाना आवशयक है। आयु वर्ग 5 से 18 वर्ष की आबादी के लक्ष्य के सापेक्ष 98 प्रतिषत तथा ओवरऑल जनपद की 100 प्रतिषत आबादी के आधार कार्ड बनाये जा चुके हैं। भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की मंशानुरूप 0 से 5 वर्ष तक की आयु वर्ग के बच्चों का आधार जनरेशन प्रतिशत बढ़ाने के लिये सम्बन्धित रजिस्ट्रार को जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया तथा 5 से 7 वर्ष तक की आयु वर्ग एवं 15 से 17 वर्ष तक आयु वर्ग की आबादी का अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक अपडेशन का कार्य निःशुल्क एवं शीघ्र कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# केजरीवाल को हरियाणा और दिल्ली से नहीं कोई लगाव: औमप्रकाश धनखड़

**राजनीति**

**8 केजरीवाल और भगवंत मान एसवाईएल को लेकर राजनीति कर रहे हैं**



**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने झज्जर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को न हरियाणा से प्रेम है, और न ही दिल्ली से कोई लगाव । दिल्ली और हरियाणा के लोगों को पीने के लिए प्रतिदिन 3050 क्यूसिक पानी की जरूरत है। इस पानी की आपूर्ति के लिए मौजूदा चैनल 60 वर्ष पुराना हो चुका है इसलिए नये वैकल्पिक वाटर चैनल की जरूरत है। एसवाईएल वैकल्पिक चैनल की तरह है। जो मौजूदा चैनल की तरह मेन भाखड़ा से निललेगा। हरियाणा व दिल्ली के लोगों की प्यास बुझाने के लिए वैकल्पिक चैनल की जरूरत है । इस पर अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान को राजनीति से नहीं जोड़ना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि एसवाईएल के पानी के हक की बात करें तो हरियाणा को 19 लाख एकड़ फीट पानी कम मिल रहा है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने निर्णय में कहा कि पानी की उपलब्धता को प्रतिदिन, मासिक या वार्षिक आधार पर मापा जा सकता है और पानी की उपलब्धता की मात्रा के अनुसार निर्णय लिया जा सकता है, लेकिन एसवाईएल लिंक नहर के निर्माण को पानी मात्रा के आधार पर रोकने का पंजाब सरकार के पास कोई औचित्य नहीं है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को देश की न्यायिक व्यवस्था में विश्वास रखते हुए एसवाईएल नहर के निर्माण को जल्द पूरा करना चाहिये। केजरीवाल और भगवंत मान एसवाईएल को लेकर राजनीति कर रहे हैं
इनको हरियाणा और दिल्ली के लोगों से कोई लगाव या प्रेम नही है।
राहुल गांधी की यात्रा को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि राहुल गांधी पहले भारत को जोड़ने चले थे, उनको पता यात्रा से पता चला की भारत तो पहले से ही जुड़ा हुआ है।

## समिति ने समीक्षा बैठक में की प्रकरणों की सुनवाई

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति की प्रथम उपसमिति के सभापति अमित अग्रवाल तथा विधायक, सदस्य महेश त्रिवेदी, गणेश चंद्र, विवेक कुमार वर्मा, भगवान सिंह कुशवाह ने कलेक्टेज्ट सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारीगणों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सर्व प्रथम समिति के सभापति व सदस्यगण का जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात राजस्व, एमवीडीए, लोक निर्माण, समाज, कल्याण, महिला एवं बाल विकास, पर्यटन एवं संस्कृति आदि विभागों के कार्यों की समीक्षा हुई। एमवीडीए की समीक्षा करते हुए सभापति ने निर्देश दिये कि समस्त निमार्णाधीन कार्यों का नक्शा अवश्य पास करवायें तथा नक्शा न पास करवाये निमार्णों पर कार्यवाही करें। भूमाफियों को चिन्हित करते हुए कार्यवाही करें। उन्होंने सचिव से अवैध निमार्णों की ध्वस्तिकरण के संबंध में जानकारी ली, जिस पर सचिव ने बताया कि जनपद में निरंतर ध्वस्तिकरण एवं नोटिस जारी किये जा रहे हैं तथा पूरे साल का रोस्टर बनाकर कार्यवाही की जा रही हैं। सचिव ने लैण्डपूलिंग के संबंध में जानकारी दी। सभापति महोदय ने निर्देश दिये कि एक्सप्रेस वे से मथुरा एवं वृन्दावन जाने वाले रोड़ों का सौन्द्रीयकरण किया जाये। रोड़ों को गढ्ढामुक्त किया जाये। गोवर्धन, बल्देव, बरसाना, गोकुल आदि को विकसित करते हुए लाईटिंग एवं पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाये।

## ऑपरेशन जागृति अभियान से जुड़ी सांसद हेमा मालिनी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
आगरा जोन की अपर पुलिस महानिदेशक अनुपमा कुलश्रेष्ठ द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ को जागरूक करने के लिए शुरू किए गए ऑपरेशन जागृति के 55 वें दिन सांसद हेमा मालिनी इस अभियान से जुड़ी। कार्यक्रम में सांसद हेमा मालिनी ने फिल्म शोले में और सीता गीता में निभाए गए अपने रोल के महत्व के जरिए उपस्थित महिला एवं बेटियों को जागरूक करने का प्रयास किया। हेमा मालिनी ने कहा कि कैसे बसंती तांगा चलाती थी और अपने आसपास किसी को नहीं आने देती थी। वह तांगा चलाकर आजीविका कमाती तो अपने आत्मबल के जरिए किसी को खुद को छुने भी नहीं देती। इसी तरह सीता गीता में सीता सीधी साधी लड़की है जिसे रंजीत जब मन किया तभी पिटाई कर देता था। लेकिन जब सीता की जगह गीता ले लेती हैं तो वह रंजित के थप्पड़ का जवाब थप्पड़ से देती हैं। इसका मतलब कोई भी बिना वजह आपको क्यों मारे,क्यों परेशान करे। वृंदावन शोध संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में हेमा मालिनी ने मौजूद लोगों को फिल्म शोले और सीता गीता में निभाए गए अपने अभिनय की कहानी सुनाकर जागरूक करने का प्रयास किया। जिसका शुभारंभ सांसद हेमा मालिनी, एडीजी आगरा जोन अनुपमा कुलश्रेष्ठ, आईजी आगरा रेंज दीपक कुमार, जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, एसएसपी शैलेश पांडेय ने ठाकुर बांके बिहारीलाल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम के शुभारंभ के पश्चात एसएसपी शैलेश पांडे ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान की शुरूआत एक नवंबर को की गई थी। शुरूआत के 55 दिन बाद जो आंकड़े मिले हैं। उसके अनुसार आगरा जोन में महिला अपराधों में 22 प्रतिशत की गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि छेड़खानी की घटनाओं में 23 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

## पहल: अब राशन डीलर नहीं कर सकेंगे यूनिटों की कालाबाजारी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
अब राशन डीलर यूनिटों की कालाबाजारी नहीं कर सकेंगे। लगातार शिकायत मिलने के बाद प्रशासन स्तर से यह फैसला लिया गया है। विभाग का कहना है कि फरवरी तक सरकारी राशन की सभी दुकानों पर वेटिंग डिजिटल मशीन लगा दी जाएगी। उपभोक्ता का थम्ब मशीन पर अंगूठा लगते ही म शीन की डिसप्ले पर राशन कार्ड में दर्ज यूनिट का विवरण आ जाएगा। इससे राशन कार्ड धारक को पता चल जाएगा कि उसके राशन कार्ड पर कितनी यूनिट का राशन राशन डीलर द्वारा उठाया जा रहा है। मथुरा जनपद सहित दूसरे जनपदों से इस तरह के कई मामले सामने आए थे। आपूर्ति विभाग के एआरओ सुशील तिवारी ने बताया कि मथुरा जनपद में 819 सरकारी राशन की दुकानें हैं।

## शीशम के पेड से टकराई हौडा सिटी कार, दो युवकों की मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
शीशम के पेड़ से अनियंत्रित तेज रफ्तार होंडा सिटी कार टकरा गई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई जबकि अन्य दो युवक घायल हुए हैं। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया जहां से जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। दो युवकों की मौत के से कोहराम मच हुआ है। हादसा गुरुवार की दोपहर करीब तीन बजे हुआ। अल्फेज के यहां नौहझील में कुछ रिश्तेदार आये हुए थे। उनकी होंडा सिटी कार यूपी 32 एचडी 5336 को लेकर अलसेद तीन अन्य युवकों के साथ चला गया। नौहझील कस्बा के मथुरा रोड पर बाघर्रा से नौहझील की तरफ आते वक्त हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई व चारों कार सवार साबिर (23) पुत्र बेनामी व हसन (25) पुत्र जगनी निवासी बरौठ थाना नौहझील, अल्फेज पुत्र सोनू निवासी नौहझील व शाहिद (19) पुत्र पप्पू निवासी शाहजमॉल जनपद अलीगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस ने सभी गंभीर घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी नौहझील भिजवाया। जहां डाक्टरों ने अल्फेज व हसन को मृत घोषित कर दिया वहीं साबिर व शाहिद को प्राथमिक उपचार देने के बाद मथुरा रेफर कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया व गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं पुलिस ने मृतकों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर नौहझील शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि मथुरा रोड पर कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिसमें सवार चार युवकों में से दो की मौत व दो गंभीर रूप से घायल हो गए।

# आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा को लेकर भी लेंगे फीडबैक : तंवर

**समर्थन**

**8 उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा को प्रदेश की जनता से पूरा समर्थन मिला है।**



**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) और राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक 29 दिसंबर को चंडीगढ़ में हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी और सभी जिलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। डॉ. संदीप पाठक बैठक में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों की तैयारियों लेकर चर्चा करेंगे और प्रदेश में आम आदमी पार्टी की आगामी रणनीति को लेकर चर्चा करेंगे। यह जानकारी आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर ने दी। बैठक में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता, चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा और राष्ट्रीय संयुक्त सचिव निर्मल चौधरी और उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा भी मौजूद रहेंगी। इसके अलावा बैठक में प्रदेश के सभी पदाधिकारी सचिव, सह सचिव, लोकसभा अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, ब्लॉक प्रभारी और सर्कल इंचार्ज हिस्सा लेंगे।
डॉ. अशोक तंवर ने बताया कि 5 नवंबर को राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रोहतक में 11 हजार से ज्यादा पदाधिकारियों को शपथ दिलाई थी। इसके बाद आम आदमी पार्टी ने पूरे हरियाणा में 15 दिसंबर से शुरू हुई आम आदमी पार्टी की 10 दिवसीय प्रदेश स्तरीय बदलाव यात्रा निकाली। इस दौरान हजारों की संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं और समर्थकों ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रदेश की भ्रष्ट शासन व्यवस्था को बदलने का प्रण लिया। इसके तहत आम आदमी पार्टी के नेताओं ने 90 विधानासभाओं का दौरा किया और प्रदेश के लोगों की समस्याएं जानी व सरकार के सामने जनता के मुद्दे उठाए।
उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा को प्रदेश की जनता से पूरा समर्थन मिला है। आम आदमी पार्टी प्रदेश की जनता के साथ गठबंधन कर 2024 में सरकार बनाने का काम करेगी। उन्होंने बताया कि डॉ. संदीप पाठक बदलाव रैली को लेकर भी प्रदेश के सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और जींद में होने वाली रैली के लिए चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में आज के समय में आम आदमी पार्टी का संगठन सबसे मजबूत है। आम आदमी पार्टी के संगठन की खास बात यह है कि इसमें लोग साधारण और आम जनता के बीच से हैं। सभी का उद्देश्य 2024 के चुनाव में पूर्ण बहुमत से आम आदमी पार्टी की सरकार बनाना है।

## कांग्रेस ने 139 वां स्थापना दिवस मनाया

**-एक सप्ताह तक ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर होंगे कार्यक्रम**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
28 दिसंबर को जिला कांग्रेस कमेटी ने पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। अध्यक्ष भगवान सिंह वर्मा के द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय सेठवाड़ा मथुरा में कांग्रेस का 139 वां स्थापना दिवस धूमधाम से बनाया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा के द्वारा जिला कार्यालय पर कांग्रेस का ध्वज फहराया गया। तत्पश्चात महानगर कांग्रेस कार्यालय होली गेट पर आकर ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान वंदे मातरम व राष्ट्रगान गया गया। इस दौरान अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि कांग्रेस की स्थापना आज ही के दिन वर्ष 1885 बम्बई में हुई। कांग्रेस की स्थापना देश के गरीब मजदूर किसानों की समस्याओं के निराकरण व उनकी समस्याओं के लिए आवाज उठाने के लिए की गई जो कि स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में आम जनमानस की आवाज बन गई। उसे समय भी कुछ ऐसी ताकतें थी जो कि अंग्रेजी हुकूमत से मिलकर कांग्रेस के स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन को बाधित करने की गरज से देश को जाति धर्म के नाम पर बांटना चाहती थीं। लोग महात्मा गांधी की अगुवाई में देश के की आजादी के आंदोलन में लग गए और कांग्रेस आजादी के लिए सभी धर्मों की एक विचारधारा बन गई। उन्होंने कहाकि एक हफ्ता तक हर ब्लॉक, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत व हर बूथ पर कांग्रेसी कार्यकताओं के द्वारा कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। कांग्रेस का संदेश जन जन तक पहुंचने का कार्य कार्यकताओं के द्वारा किया जाएगा।

## ढाबे पर युवक की हत्या में चार को भेजा जेल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया** जैंत थाना क्षेत्र अंतर्गत एक सप्ताह पूर्व ढाबा पर कर्मचारी की गोली मारकर हत्या के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त पिस्टल व दो कार बरामद हुई हैं। जैंत थाने से 150 मीटर आगे हाईवे स्थित श्रीराधा रानी फेमिली ढाबा पर कर्मचारी की ढाबा संचालक ने गोलीमार हत्या कर दी थी। जैंत थाना क्षेत्र के गांव चौमुहां निवासी मृतक हरिओम पुत्र मूलचंद की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक के भाई सतीश ने पांच नामजद, राम, श्याम, सुनील, विपिन निवासी जैंत व कारीगर दीपक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जैंत पुलिस ने चेकिंग के दौरान सनसिटी जैंत कट पर हत्यारोपी विपिन ठाकुर के साथ सुनील निवासी करोली, थाना इगलास, अलीगढ़, इमाम अली निवासी नगला कंचन थाना ओरछा, मैनपुरी व दीपक निवासी दरियापुर थाना हाथरस जंक्शन, हाथरस को गिरफ्तार कर लिया।

## गोवर्धन क्षेत्र में सड़क हादसे में महिला की मौत, दो गंभीर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
गोवर्धन क्षेत्र में आर्टिका कार ने सवारियों से भरे ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। सडक हादसे में महिला की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वहां करीब आधा दर्जन अन्य घायल हुए हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। सड़क हादसा गोवर्धन बरसाना मार्ग स्थित गांव पलसों के समीप हुआ। पलसों के नगला रामकिशन के निकट तेज रफ्तार टेम्पो और अर्टिका कार में आमने सामने से जबरदस्त टक्कर हो गई। पठान कोट निवासी महिला कृष्णा 65 वर्षीय की दर्दनाक मौत हो गई,



नरेंद्र और मीना की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर में भर्ती कराया गया है।

**ट्रक में घुसी का कार, हादसा टला**
महावन थाना अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे माइलस्टोन 122 पर ट्रक में पीछे से आ रही एक कार अचानक घुस गई। इस दुर्घटना में कार के एयरबैग खुलने की वजह से कार सवार सभी लोग सुरक्षित रहे, कोई जन हानि नहीं हुई। कार चालक ने ट्रक चालक पर अचानक ब्रेक लगाने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत थाना महावन पर की है। थाना प्रभारी आशा चौधरी ने बताया कि संतोष कुमार पुत्र रमेश प्रसाद गुप्ता निवासी अली मिर्जा रोड नया बाजार मुजफ्फरपुर बिहार अपनी जगुआर कर से परिवार के साथ वृंदावन से बिहारी जी के दर्शन कर यमुना एक्सप्रेस मार्ग से अपने घर लौट रहे थे तभी माइलस्टोन 122 पर ट्रक में उनकी जगुआर कार पीछे से घुस गई इस दुर्घटना में कार का आगे का कुछ भाग क्षतिग्रस्त हो गया लग्जरी कार जगुआर के हादसे के समय एयरबैग खुलने की वजह से कोई जन हानि नहीं हुई। शिकायत पर पुलिस द्वारा हादसे की जांच की जा रही है।

# कांग्रेस जनता की लड़ाई लोस, विधानसभा व सड़कों पर लड़ रही है: बजरंग गर्ग

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
- हरियाणा प्रदेश कांग्रेस पार्टी द्वारा कांग्रेस का 139 वां स्थापना दिवस पर कांग्रेस भवन में ध्वजारोहण किया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में कांग्रेस प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मौके पर संगठन विस्तार प्रभारी प्रवेश त्यागी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग ने कहा कि देश की आजादी व विकास में कांग्रेस पार्टी की मुख्य भूमिका है। जिसका संघर्ष, त्याग, सेवा व बलिदान का इतिहास है। 28 दिसंबर 1885 के गुरुकुल संस्कृत कॉलेज के मैदान मुंबई में देश के सभी राजनीतिक व सामाजिक विचारधारा के लोगों को एक मंच पर एकत्रित हुए। यहां से राजनीतिक एकता एक संगठन की पहल हुई। जिसका नाम सब ने मिलकर कांग्रेस रखा गया। श्री डब्ल्यू. सी. बनर्जी कांग्रेस के पहले अध्यक्ष चुने गए। कांग्रेस दल नहीं बल्कि एक विचार और आंदोलन का नाम है। बजरंग गर्ग ने कहा कि बापू महात्मा गांधी जी ने सत्याग्रह और जन आंदोलन के माध्यम से आंदोलन को जन मन का रूप दिया। गांधी जी के नेतृत्व में आजादी का आंदोलन अपने निर्णायक दौर में पहुंचा। कांग्रेस को देश की जनता का पूरा समर्थन मिला। देश की जनता ने आजादी के लिए लाखों वीर जवानों ने व कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अपनी जान की कुबार्नी देकर भारत देश को आजाद करवाने का काम किया। देश आजाद होने पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू बने थे। महात्मा गांधी जी जिन्हें भारत का जवाहर कहते थे। जवाहरलाल नेहरू जी ने सामाजिक, समरसता को अमलीजामा पहनाकर समाज के हर व्यक्ति की तरक्की के लिए काम किया।
नेहरू जी के बाद लाल बहादुर शास्त्री जी ने सत्ता की बागडोर संभाली। जिन्होंने देश में जय जवान जय किसान के नारे से देश में नया जोश भरने का काम किया। शास्त्री जी के बाद इंदिरा गांधी जी ने कांग्रेस पार्टी के संगठन को शक्तिशाली बनाने का काम किया। इंदिरा गांधी जी व राजीव गांधी जी ने कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व संभाल राजीव गांधी ने भारत देश को तेजी से तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ाने का काम किया। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा गरीब, बेरोजगार, किसान, मजदूर व आम जनता के हित में काम किया है। आज भी कांग्रेस पार्टी देश व प्रदेश की जनता के हितों की लड़ाई लोकसभा, राज्यसभा व सड़कों पर लड़ रही है।
बजरंग गर्ग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का मुख्य उद्देश्य बेरोजगारी,महंगाई खत्म हो और देश में आपसी भाईचारे के साथ सब मिलजुल कर रहे।
इस अवसर पर हिसार विधानसभा पर्वेक्ष प्रवेश त्यागी, वशिष्ठ कांग्रेसी नेता अनिल मान, पूर्व आईएएस चंद्रप्रकाश, वीर सिंह दलाल, प्रदेश प्रवक्ता कुलबीर सिंह सोहल, एडवोकेट कमला सहरावत, महिला जिला अध्यक्ष ग्रामीण संतोष जून, अनूप सिंह सरसाना, वरिष्ठ नेता वजीर सिंह पूनिया, पूर्व चेयरमैन सुखबीर डुडी, अजय जाखड, विनय ढूकिया, बिल्लू मैयड़, ईश्वर मोर, चंद्रभान काजला, राजेश यादव, ओम प्रकाश बजाज, कैलाश जांगड़ा ,महिला हल्का अध्यक्ष मनीषा दहिया, कृष्णा दुग्गल, नरेश मलिक, भूप सिंह केमरी, जय सिंह पंघाल, राजेंद्र बंसल, निरंजन गोयल, राहुल गर्ग, पार्षद प्रतिनिधि सुशील शर्मा, जिला पार्षद मनोज टाक माही, जगजीत डूडी,सुरेश पंघाल, ललित बंसल , संदीप ढीनवास, सोनू लंकेश, कृष्ण कुमार ,शिव दयाल , सुरेश कुमार वाल्मीकि, आदि कांग्रेस प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद थे।

# यमुना एक्सप्रेस वे पर हादसे का शिकार, छह हुए घायल

**कोहरे की चादर**

**8 घने कोहरे में लगातार सड़क हादसे हो रहे है। शाम से ही घने कोहरे की चादर पसर गई थी।**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
घने कोहरे में लगातार सड़क हादसे हो रहे है। बुधवार की शाम से ही घने कोहरे की चादर पसर गई थी। जो गुरुवार को दिन भर छाई रही। इस दौरान एक्सप्रेस वे, हाईवे से लेकर दूसरे सडक मार्गों पर कई सडक हादसे हुए। बुधवार की देर रात यमुना एक्सप्रेस वे पर दिल्ली से शव को लेकर पश्चिम बंगाल जा रही एंबुलेंस हादसे का शिकार हो गई। पश्चिम बंगाल के जिला उत्तर दिनाजपुर के कस्बा ईटाहार निवासी मोसिन अली अपने किसी स्वजन के शव को एंबुलेंस में यमुना एक्सप्रेस वे पर होकर अपने घर ले जा रहे थे। उनके साथ बेटा मूसा के अलावा शाहनूर, राहुल और तुलमबीबी थे। जिनमें से दो की हालत नाजुक बनी हुई थी। हादसा था थाना सुरीर क्षेत्र में माइल स्टोन 86 के समीप रात करीब दो बजे हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। टोल चौकी इंचार्ज धीरज कुमार ने बताया कि दुर्घटना में घायल मोसिन अली और उनके बेटे मूसा की हालत चिंताजनक बताई गई है। एम्बुलेंस को अरूण कुमार निवासी बहनौली थाना लौधा जिला अलीगढ़ चल रहे थे। एम्बूलेंस चालक भी दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुआ है। दुर्घटनाग्रस्त एम्बुलेंस और ताबूत में बंद शव को टोल प्लाजा पर लाया गया है।

# देश का गौरव है श्री राम मंदिर का निर्माण: जैन

## एक जनवरी से घर-घर अक्षत बांटकर अयोध्या जी के दर्शन का निमंत्रण दिया जायेगा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**अयोध्या जी** में निर्मित श्रीराम मंदिर को राष्ट्र मंदिर कहें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, श्री राम मंदिर का निर्माण देश का गौरव है। सनातन धर्म को करोना, डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया बताने वाली ताकतों के मुंह पर करारा तमाचा है और मंदिर निर्माण से सनातन की पताका पूरे विश्व में फहराएगी।

उक्त विचार मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने कैलाशपुर, दिल्ली कैम्प, गाँधी आवास योजना, सेक्टर 15 हाउसिंग बोर्ड, शिव कॉलोनी गली नंबर एक और सात, प्रेम नगर टिल्ला तथा ऋषिकुंज कॉलोनी में पांच दीये राम के नाम अभियान के तहत दीये वितरित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि जब हम अपने घर का उद्धाटन करते हैं तो खुशियाँ मनाते हैं, यहाँ तो 22 जनवरी को भगवान श्री राम के घर का उद्धाटन होने जा रहा है, ऐसे में कई गुणा उत्साह से उत्सव मनाना चाहिए।





राजीव जैन ने 15 सेक्टर शिव शक्ति मंदिर से शुरू हुई अक्षत कलश यात्रा में भाग लेते हुए कहा कि एक जनवरी से घर-घर अक्षत बांटकर अयोध्या जी के दर्शन का निमंत्रण दिया जायेगा। उन्होंने आगे सभी से अपील करते हुए कहा कि 21 जनवरी को भव्य श्रीराम शौर्य एवं उत्सव यात्रा तथा 22 जनवरी के मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित कर अपने घरों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर रोशनी अवश्य कर भगवान श्रीराम के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करें एवं मंदिर निर्माण के लिए बलिदान हुए राम भक्तों को श्रद्धांजलि दें। कार्यक्रमों में पार्षद मुकेश सैनी, रामफल कश्यप, महेश जौहर, अजीत सिंह, चंचल अरोड़ा, आनंद प्रकाश, पुरषोत्तम शर्मा, नरेंद्र जोगी, राजबीर सिंह, रेखा गर्ग, सतीश साहनी, राजकुमार, राजेश सैनी, सुभाष गुप्ता, अंजू दहिया, मीनू सैनी, कौशल्या देवी, संजय मिश्रा, सुरजीत दहिया समेत अनेक गणमान्य कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।

## न्यूज़ फ्लैश

### डॉ. सागर अमीर को दो सम्मानों से किया गया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/गोहाना (भंवर सिंह)**

गुरू विद्यापीठ देहरादून, हरियाणा कला परिषद् पर्यटन मंडल एवं सांस्कृतिका एक सार्थक पहल समिति द्वारा पर्यटन बाल भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राजकीय महाविद्यालय बडौता की अंग्रेजी विषय की सहायक प्राचार्या डॉ. सागर अमीर को दो सम्मानों से सम्मानित किया गया। उन्होंने उस क्षेत्र का नाम रोशन किया है। डॉ. सारिआम को सामुदायिक कृष्ण पवांर की उपाधि दी गई। वह स्थानापन्न मुख्य अतिथि थे। डॉ. स्रीद आमिर को शिक्षा, साहित्य, समाज सेवा एवं नारी संप्रदाय के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। अंतिम विलक्षणा समाज सारथी सम्मान 2023 से नवाजा गया। ऑलडे ग्लोबल एजुकेटर आइकॉन स्पोर्ट्स 2023 से भी सम्मानित किया गया है। उत्कृष्टा एक सार्थक पहल समिति की संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. सुलक्षणा अहलावत ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय बडौता में अंग्रेजी की सहायक प्राचार्या डॉ. किरण शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के लिए निरंतर काम कर रही हैं। उन्हें यह सम्मान अलंकृत करते हुए समिति गौरवान्वित अनुभव कराती है। गुरु विद्यापीठ द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा एवं अनुसन्धान के क्षेत्र में अनूठे योगदान के लिए डॉ. सरिता आमिर एवं डॉ. मीना देवी को ग्लोबल एजुकेटर आइकॉन स्टोर्स 2023 से भी सम्मानित किया गया।

### पूरा दिन पसरा रहा कोहरा, धीमी हुई रफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** सुबह से ही जिले के मौसम में ठंडक बनी रही। सुबह से ही सड़कों पर गना कोहरा पसरा रहा। दोपहर के 2 बजे के आस पास हल्की धूप नजर आई थी। लेकिन कुछ देर बाद वह भी चली गई। धुंध के कारण जहां ट्रैफिक भी धीमी गती से चलने को मजूबर हुआ। वहीं रेल यातायात भी बुरी तरह से प्रभावित रहा। कुछ स्थानों पर कोहरा अधिक होने के कारण ट्रेनें कई घंटों तक देरी से चली। कल सुबह घना कोहरा छाने की संभावना। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 18.0 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 7.0 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।30 दिसंबर को बादल छाने की संभावना। दिन का अधिकतम तापमान 18.0 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 8.0 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। 31 दिसंबर को घना कोहरा छाने की संभावना है। दिन का अधिकतम तापमान 19.0 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 8.0 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। पुलिस ने भी लोगो से अपील करते हुए कहा है कि धुंध में अपने वाहनों को धीमी गती से चलाए जिससे कोई हादसा न हो और न ही कोई दूसरा हादसे का शिकार हो।

### 4 वर्षीय मासूम बच्ची आग के तसले में गिरने से झुलसी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला शहर के कंचघर में साढ़े 4 साल की बच्ची आग के तसला में झुलस गई। गंभीर हालत में बच्ची को शहर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। यहां, डॉक्टर ने बच्ची का प्राथमिक उपचार करने के बाद पीजीआई सेक्टर-12 चंडीगढ़ रेफर कर दिया। घटना अंबाला शहर के विश्वकर्मा मंदिर के पास कंच घर के नजदीक सुबह साढ़े 9 बजे की है। जानकारी के मुताबिक, कंच घर के पास रहने वाले सोहेल और उसकी पत्नी खुशीर्दा काम पर चली गई थी। ठंड से बच्चों को बचाने के लिए तसला में अलाव जला गए थे। पीछे से खेलते हुए साढ़े 4 साल की खुशबू आग की चपेट में आ गई।

## संदीप सैनी रेलवे स्टेशन की सलाहकार समिति के सदस्य बने

**एक्शन इंडिया/गोहाना/भोर सिंह**

**गांव** मुंडलाना स्थित रेलवे स्टेशन की सलाहकार समिति का विस्तार किया गया है। जिसमें संदीप सैनी को समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। संदीप सैनी गोहाना के गांव गढ़ी उजाले खां का निवासी है। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए बेहतर सुविधा सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए रेलवे के उच्च अधिकारियों से भी सलाह लें। संदीप सैनी भाजपा के व्यवसायिक उद्यम के प्रदेश उपभोक्ताओं के सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर रेलवे रेलवे पर सलाहकार समितियां मौजूद हैं।



गांव मुंडलाना स्थित रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति में मुझे शामिल किया गया है। रेलवे स्टेशन के सुधार के लिए जो सुझाव देंगे वह उत्तर रेलवे के अधिकारों के साथ सांझ जाएंगे।

## अक्षत लेकर पहुंची यात्रा का पुष्प वर्षा से किया स्वागत

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** अयोध्या से लाए गए पूजित अक्षत को निमंत्रण के रूप में घर-घर पहुंचाने से पहले धर्मनगरी में एक भव्य यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा के जरिए पूजित अक्षतों के कलश को विभिन्न कॉलोनियों के मंदिरों में पहुंचाया गया। यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश रखकर शामिल हुई, तो लोगों ने श्रीराम की तस्वीर और जयश्रीराम लिखे भगवा झंडों को लेकर यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान जयश्रीराम के उद्घोषों से धर्मनगरी गूंज उठी और पूरा माहौल राममयी बन गया। जगह-जगह स्वागत के लिए शहर के लोग उमड़े। शास्त्री नगर



पहुंचने पर यात्रा का शास्त्री नगर सुधार सभा के प्रधान जितेंद्र शर्मा, सचिव सुभाष अरोड़ा, कैशियर प्रवीण गोयल, मीडिया प्रभारी तरुण वधवा, सदस्य पवन गुप्ता, वीरेंद्र शौरी, भूदेव, विमल गर्ग, बीआर पुंज, चेतराम शर्मा, बंटी रजावत, शमशेर, सुभाष गुप्ता, राजेश गोयल, शुभम गोयल व दीपक बंसल सहित शास्त्री नगर निवासियों ने ढोल धमाकों व फूलों की वर्षा से जोरदार स्वागत किया। महिलाओं ने कलश को सिर पर रखा और शास्त्री नगर में

**भव्य**

**8 पूजित अक्षत को निमंत्रण के रूप में घर-घर पहुंचाने से पहले धर्मनगरी में एक भव्य यात्रा निकाली**

हरिओम मंदिर तक भव्य यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान रामभक्ति में डूबे लोग लगातार राम के भजन गाते रहे। अक्षत के कलश को मंदिर में ले जाकर एक विशेष स्थान पर रखा गया। मंदिर के पुजारी अरुण मिश्र ने कलश की पूजा की और राम भक्तों को लड्डू का प्रसाद वितरित किया।

## मांगों को लेकर कॉलोनीवासियों ने किया जोरदार प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन**

**कांग्रेस नेता** महिपाल सूबेदार द्वारा पानीपत ग्रामीण की देशराज कॉलोनी स्थित बनियों वाले शमशान रोड़ को बार-बार धरने प्रदर्शनों के बाद बनाया जा रहा है लेकिन उसमें ना तो पानी की पाइपलाइन बिछाई गई है ना ही सीवर के कनेक्शन किए गए हैं इसी के विरोध में आज कालोनीवासियों ने इकट्ठे होकर के विरोध प्रदर्शन किया सूबेदार ने आगे बताया कि कॉलोनी में और भी मुख्य रास्ते व गलियां सालों से उखड़ी पड़ी है सरकार हरी नगर में रामस्वरूप चौक से 33 फूटा रोड़ आधा बनाया आधा बाकी है जो बनाया है उसमें ना शिवर के कनेक्शन दिए गए और ना ही पानी के कनेक्शन दिए गए। हरी नगर व सैनी कॉलोनी की



बहुत सी गालियां सालों से उखड़ी पड़ी है। हरि सिंह चौक से भैंसवाल मोड़ ,काबड़ी रोड़ स्थित गोपाल कॉलोनी की मुख्य गली अर्जुन नगर में भारत नगर में गलियां उखड़ी पड़ी। सनौली रोड स्थित विद्यानंद में कॉलोनी में धूप सिंह नगर की भारत नगर में बहुत सी गालियां उखड़ी पड़ी हैं उखाड़ करके दोबारा अब तक नहीं बनाया गया है जिन्हें2- 2 साल उखड़ी को हो गए हैं ना तो विधायक ना ही ऐम सी और ना ही नगर निगम द्वारा इन की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है मैं माननीय मुख्यमंत्री से निवेदन करता हूं की इन पानीपत ग्रामीण की कॉलोनीयों की

**विरोध**

**8 पीने के पानी की दिक्कत है लोगों को गलियां उखड़ी होने के कारण लोगों को आने-जाने की दिक्कत है**

सूंध ली जाए और इनमें जहां भी पानी की निकासी की दिक्कत है। पीने के पानी की दिक्कत है लोगों को गलियां उखड़ी होने के कारण लोगों को आने-जाने की दिक्कत है प्रॉपर्टी आईडी में समस्या आ रही है बुढ़ापा पेंशन विधवा पेंशन विकलांग पेंशन में लोगों को बनवाने में दिक्कत आ रही है जरूरतमंद लोगों के राशन कार्ड अब तक नहीं बनाए गए हैं इनकी और जल्द से जल्द ध्यान दिया जाए और गरीब लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द निवारण हो इस तरह की मांग हम माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी से करते हैं अगर नजदीक समय में इन समस्याओं का स्थाई समाधान नहीं होता है तो इसके बाद कोई बड़े आन्दोलन का निर्णय कॉलोनी वासियों से परामर्श कर लिया जाएगा।

इस मौके पर जीत सूबेदार प्रजापत, पूर्ण प्रजापत,चंद्र प्रजापत,मनोज लाल,शमशेर वाल्मीकि ,बिसंबर गुर्जर ,चंद्र श्याम शर्मा ,रामकुमार कोरी, ,टिंकू जोगी ,सुधीर शर्मा , बृजमोहन मित्तल, बिजेंद्र कश्यप, सुख सरदार ,कासिम खान ,ईश्वर पूनिया ,तेजवी,कॉलोनी, बलवान शर्मा,प्रकाश दुबे, वासी मौजूद रहे।

## 'परिवार पहचान पत्र योजनाओं के क्रियान्वयन का सशक्त माध्यम'

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल** । विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा बृहस्पतिवार को नारनौल खंड के गांव कारोता व नांगल शालू, नांगल चौधरी खंड के गांव शहबाजपुर व दताल, कनीना खंड के गांव मौड़ी व मानपुरा तथा महेंद्रगढ़ खंड के निहालावास व गडानिया गांव में पहुंची। गांव शहबाजपुर में नांगल चौधरी विधायक डा. अभय सिंह यादव, मौड़ी में अटेली विधायक सीताराम यादव व गडानिया में सीएमजीजीए दिवाकर कुमार मौजूद थे। विधायक डॉ अभय सिंह यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार तक पहुंचाने का काम किया है।

## देश की प्रगति एवं उन्नति में कांग्रेस पार्टी का सबसे बड़ा योगदान: संजय अग्रवाल

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**

**भारतीय** राष्ट्रीय कांग्रेस के 138 वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल द्वारा पार्टी का झंडा फहराया गया। कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल ने बताया कि जिस प्रकार से 138 वर्षों में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने देश की तरक्की के लिए दिन रात मेहनत कर भारत को एक सर्वश्रेष्ठ देश बनाने के लिए बलिदान दिया। आज देश के अंदर बड़ी से बड़ी शिक्षा संस्थान से लेकर स्वास्थ्य संस्थानों तक सभी कांग्रेस की देन है देश की तरक्की व उन्नति के लिए कांग्रेस पार्टी ने सदैव बढ़ चढ़ के कार्य किए है। परंतु आज देश की स्थिति देखकर बड़ा ही दुख होता है आज देश प्रगति के रास्ते से भटक चुका है।



जिस प्रकार से भाजपा कि गलत नीतियों एवं जुमलो के कारण देश के अंदर बेरोजगारी एवम् एवं भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। वही देश की आजादी के बाद से कांग्रेस पार्टी ने दिन-रात मेहनत कर देश को बड़ी-बड़ी सौगाते दी। आज मौजूद भाजपा सरकार उन सब को ध्वस्त करने का कार्य कर रही है। आज 138 वर्ष कांग्रेस पार्टी को पूरे होने पर अपने साथियों के साथ पार्टी का झंडा फहराते हुए कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल ने कहा कि हम देश के हित व उन्नति के लिए हमेशा प्रयास करते रहेंगे चाहे हम सत्ता में हो या ना हो।

## अवैध कॉलोनी पर चला डीटीपी का पंजा

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़**। जिला नगर योजनाकार, नारनौल की टीम द्वारा नियन्त्रित क्षेत्र जाट व पाली में महेन्द्रगढ से दादरी रोड़ पर लगभग 2 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही अवैध कालोनी में तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई। राजस्व सम्पदा पाली, तहसील व जिला महेन्द्रगढ में कुछ लोगों द्वारा लगभग 02 एकड़ में महानिदेशक, नगर तथा ग्रम आयोजना विभाग, हरियाणा, चण्डीगढ़ से बिना लाईसेंस अनुमति लिए अवैध कालोनी बनाई जा रही थी व रोड नेटवर्क बिछाए जा रहे थे जिसे जिला प्रशासन की मदद से तोड दिया गया।

## 'नशा करने से बुरा है, नशे का व्यापार करना'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**

नशा कोई करने से बुरा है, नशे का व्यापार करना। ऐसे पाप की कमाई से अच्छा है, मजदूरी करके पेट भरना। न नशा न नशे का व्यापार रहेगा। दुनिया में कुछ रहेगा तो बस सदाचार रहेगा। उठो तुम मिलकर सबको बता दो। हर एक घर में ये संदेश पहुंचा दो। मय रहते जागो और सबको जगा दो। जगा दो। अफीम चरस हैरोईन का नशा बुरा है। न जाने कितनों के प्राण हरा है। कितनों की पत्नियां छोड़ चली गई। बच्चों की भी बहुत दुर्दशा हुई। मां बाप का भी सहारा छिन गया। बुढ़ापे में उनको दु:ख बहुत हुआ। सोचा था क्या और क्या हुआ है। सोचो तुम इसका उत्तरदायी कौन है। समय सब देख रहा खड़ा मौन है। मानो पूछ रहा हो चोर कौन है। नशे



की आपूर्ति कौन कर रहा। मानव की नसों में नशे का विष भर रहा। तभी नभ से ईश्वर बोल पड़ा, माया का लोभ पाप का बाप है। कर्तव्य से विमुख मानव एक श्राप है। नशे से घृणा करो नशेड़ी से नहीं। उसके सुधार का प्रयास करो। ये शब्द हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापोली में विद्यार्थियों एवं जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कही। वे पानीपत जिले में नशे के विरुद्ध जागरूकता कायक्रम आयोजित कर रहे थे। आज यह पानीपत में 49 वां और 50 वां एक दिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम था। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन साहब के आदेशानुसार ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा प्रतिदिन नशे के विरुद्ध युवा पीढ़ी को जागरूक कर रहे हैं।

**जागरूक किया**

**8 ऐसे पाप की कमाई से अच्छा है, मजदूरी कर- के पेट भरना। न नशा न नशे का व्यापार रहेगा: डॉ. अशोक कुमार वर्मा**

## एक प्रतिशत लोगों का 57 प्रतिशत धनसंपदा पर कब्जा: पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह

### देश पर 205 लाख करोड़ का कर्ज के सवाल पर उन्होंने कहा कि कर्ज है तो देश में भी शामिल हो रहा है।

**टीम एक्शन इंडिया/गोहाना (भंवर सिंह)**

**पूर्व** केंद्रीय मैत्री वीरेंद्र सिंह ने कहा कि देश में एक प्रतिशत लोग 57 प्रतिशत धन आपूर्ति को पकड़ चुके हैं। जिस देश में आर्थिक अर्थशास्त्र बना हुआ है। जो धन देश की जनता के हित में जाना चाहिए। उसे एक प्रतिशत लोग दबाए बैठे हैं। आर्थिक व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। दो अक्टूबर को आयोजित सफल रैली में वह न्यूयॉर्क रोड स्थित आशीर्वाद गार्डन में अपने सहयोगियों का धन्यवाद करने के लिए आए थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष बिरेन्द्र के मित्र संगठन के जिला अध्यवसायी प्रदीप चहल ने की। देश पर 205 लाख करोड़ का



कर्ज के सवाल पर उन्होंने कहा कि कर्ज है तो देश में भी शामिल हो रहा है। हरियाणा में करीब आठ राष्ट्रीय राजमार्ग बने हैं या रास्ते हैं। जब सभी राष्ट्रीय राजमार्ग चालू हो जायेंगे तो हरियाणा का विकास आपका हो जायेगा। हरियाणा की अर्थिक स्थिति में एक दम से उछाल आया। बिरेन्द्र सिंह ने कहा कि चुनाव में जितने भी उनके साथी हैं, उनमें से अधिकतर को विधानसभा में जीत हासिल करना उनकी जिम्मेदारी है। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन टूट जाएगा। गठबंधन नहीं चाहिए तो बिरेन्द्र सिंह भाजपा से जुड़ेंगे। वे अगले साल होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होने की संभावना व्यक्त करते हैं। इनमें दलबीर फोगाट, चैयरमैन जोगेंद्र, धर्मबीर दहिया, धर्मबीर छतेहरा, सिकंदर गंगाना, पूर्व सरपंच राममेहर राठी, रमेश आमिर, नेता जयसिंह साहिब, रामबिलास चहल, सुरंद्र नाथ, सचिन दहिया, रमेश लाठ, इंद्र सिंह आदि मौजूद हैं।

**साधा निशाना**

**8 जिस देश में आर्थिक अर्थशास्त्र बना हुआ है। जो धन देश की जनता के हित में जाना चाहिए। उसे एक प्रतिशत लोग दबाए बैठे हैं**

## कोहरे की चादर में लिपटा नारनौल शहर , किसान खुश

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल**। शहर में आज कई दिनों बाद कोहरा छाया और इसका प्रकोप सुबह नौ बजे तक देखने को मिला । सूचना है कि इसी प्रकार की स्थिति आस पड़ोस के क्षेत्रों में भी देखी गई ।वैसे दो दिन से यहां आसमान पर हल्के बादल भी छाए रहे थे , जिसके कारण अन्य दिनों की तुलना में ठंड का अहसास भी अधिक महसूस किया गया। इस ठंडक से मौसम का तापमान भी अब घटने लगा है । नारनौल क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



नारनौल के आसपास दो दिन से मौसम में बदलाव बना हुआ है , वहीं नांगल चौधरी में बीती रात हल्की बूंदाबांदी भी हुई ,लेकिन इसे मामूली ही समझा गया। इसके बाद दिनभर सूर्यदेव की चमक बरकरार रही ।इस कारण अधिकतम तापमान में 2.7 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई और अधिकतम तापमान 22.7 डिग्री दर्ज किया गया।वहीं रविवार सुबह 9 बजे तक घना कोहरा छाया रहा।

# कांग्रेस सिर्फ एक पार्टी नहीं बल्कि विचारधारा है: आदेश भारद्वाज







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** सिर्फ एक पार्टी नहीं बल्कि विचारधारा है और विचारधारा सदैव जीवित रहती हैं। समय के शीशे पर भाप रूपी धुंध बेशक जम जाए लेकिन विचारो की धूप रूपी चमक अंततः शीशे के पार हो ही जाती है। यह कहना है करावल नगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आदेश भारद्वाज का। कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस पर जिला कार्यालय पर पूर्व चेयरमैन नरेंद्र त्यागी की अध्यक्षता में हुए ध्वजारोहण कार्यक्रम में कांग्रेस के मूल्यों को याद करते हुए जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस देश की वह धुरी है जिसके बिना देश नहीं चल सकता क्योंकि मौजूदा सत्ताधारी नफरती विचारों से ओतप्रोत होकर देश चलाना चाहते है लेकिन वह ये नहीं जानते नफरती बोलों से नुकसान के अलावा कुछ नहीं प्राप्त हो सकता। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी व कादीपुर ब्लाक अध्यक्ष खेमचंद सैनी, बुराड़ी ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र त्यागी, अशोक चौधरी, सुजीत कुमार, सुखबीर सैनी, संजीव भारद्वाज, कालीचरण पंवार, कपूर सिंह सिसोदिया, श्याम सिसोदिया, चंदन चौबे, बीना भट्ट, मीना रावत, डॉक्टर अनुवर, देवेंद्र मिश्रा, रवीन्द्र चौहान, सबदल खान, पीएस रावत, विजय नारायण तिवारी, देविंदर शर्मा, मनोज शर्मा, सुरेन्द्र चौधरी कोच, परवीन बढ़ाना, राम चेतन, यूथ कांग्रेस के अमित डेढा, शैलेन्द्र चौधरी अध्यक्ष, सुनील चौधरी, संजय वर्मा, रामबीर वालिया, सुशीला बघेल, शहाबुद्दीन मंसूरी, डॉक्टर इफ चौधरी, अध्यक्ष मुकेश पाल, रामबिलास शर्मा, डॉक्टर अकरम, मुनेश कुमार, रोहित शर्मा, बहन सरदार कौर राठी, स्नेह शास्त्री, अशोक चौधरी, ननवा प्रधान, राजेश धीकोलिया, संजीव मिश्रा, सजीत, ओमप्रकाश कुशवाहा मौजूद रहे।

## कमेटी ने मनाया माता गुजर कौर व छोटे साहिबजादों का शहीदी दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने माता गुजर कौर जी व छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह का शहीदी दिवस पूर्ण श्रद्धा व आदरपूर्वक मनाया। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने माता गुजर कौर व छोटे साहिबजादे का शहीदी दिवस श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया। इस दौरान मुख्य कार्यक्रम गुरुद्वारा माता सुंदरी जी में आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मत्था टेका और शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार





जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह साहिब जी ने पंथ के लिए अपना पूरा वंश कुर्बान कर दिया। गुरु तेग बहादुर साहिब से शहादत का सफर शुरू हुआ तथा चार साहिबजादों की शहादत तक जारी रहा। साहिबजादों की शहादत के बाद गुरु साहिब ने कहा कि भले ही उन्होंने चार बेटों को कुर्बान कर दिया मगर उनके हजारों बेटे अभी भी जीवित हैं। माता गुजर कौर जी व छोटे और बड़े साहिबजादों का शहीदी दिवस सिख समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। समूची कौम को इस बात पर गर्व है कि हम इन शहीदों के वंशज हैं और हमें अपने कौम और संप्रदाय के लिए शहादत देने में सदैव गर्व महसूस होता है।

उन्होंने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम अपने बच्चों को इतिहास के बारे में नहीं बता सके,यदि हम बच्चों को गुर इतिहास से जोड़ते तो हमारी युवा पीढ़ी सिखी से कभी दूर नहीं जाती। उन्होंने सभी माताओं से अनुरोध करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को गुरु इतिहास से जोड़ें।



सिविल लाइन जोन की नवनियुक्त डीसी आकांक्षा शर्मा से मुलाकात करते हुए निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा।



लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पश्चिमी ज़िला भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिसमें भव्य श्री राम मंदिर के लिये घर-घर संपर्क, विस्तारक योजना, विश्वकर्मा योजना, भारत संकल्प विकसित यात्रा, मन की बात विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार ग्रोवर ने की। इस मौके पर बैठक को पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल ने संबोधित किया।

## काम तो करवाएंगें लेकिन सुविधा नही देंगेः अजयवीर यादव

**नई दिल्ली। दो सप्ताह पूर्व** राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ ने उपराज्यपाल दिल्ली, शिक्षा मंत्री व शिक्षा निदेशक को पत्र लिख कर माँग की थी की बढ़ती महंगाई के कारण शिक्षकों को दी जाने वाली टेबलेट की कीमत पंद्रह हजार से बढ़ाकर तीस हजार कर दी जाए।

**जीएसटीए ने एलजी को लिखा पत्रः** इस पर राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजय वीर यादव ने पुनः पत्र लिखकर टेबलेट खरीदने हेतु तीस हजार राशि आवंटित करने के आदेश जल्द जारी करने की माँग की है।

## केंद्र शासित प्रदेशों में आयुष्मान भारत योजना हुई लागू तो दिल्लीवासी क्यों वंचित: सोनम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जहां एक ओर** तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली के लोगों को गुमराह करने के लिए हमेशा से ही राग अलापते रहें कि मैं तो दिल्ली वासियों के लिए काम तो करना चाहता हूं लेकिन प्रधानमंत्री मोदी मुझे काम नहीं करने देते है। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आयुष्मान भारत योजना देश के सभी केंद्र शासित राज्यों में लागू है और लोगों को इसका फायदा भी मिल रहा है, तो फिर दिल्ली में केजरीवाल सरकार ने योजना को क्यों नहीं



लागू होने दिया। वहीं राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ की सामाजिक समरसता नगर टोली महिला प्रमुख सोनम चड्ढा ने कहा कि केजरीवाल ने विधानसभा सत्र के अपने एक भाषण के दौरान खुद यह स्वीकार किया था कि वह है केंद्र की आयुष्मान भारत योजना को दिल्ली में लागू करेंगे। चूंकि अब सालों बाद भी यह योजना दिल्ली में आज तक लागू नहीं हो पाई है। उन्होनें कहा कि मोहल्ला क्लिनिकों के नाम पर केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में बहुत बड़ा घोटाला किया हैं।

**मोहल्ला क्लीनिक घोटाला करने के लिए लागू नहीं की आयुष्मान भारत योजनाः** सोनम ने बताया कि यदि आयुष्मान भारत योजना दिल्ली में लागू कर दी जाती तो मोहल्ला क्लीनिक के नाम पर केजरीवाल सरकार जो घोटाला कर रही है वह कैसे हो पाता, दिल्ली सरकार की पोल खुल जाती और मोहल्ला क्लीनिक बंद हो जाते।

**भाजपा की छवि खराब करने के लिए नहीं लागू होने दी केंद्र की योजनाः** उन्होनें यह भी कहा कि यदि दिल्ली की आम गरीब जनता जो सरकारी अस्पतालों के चक्कर काटती है यदि वह 5,00000 तक का मुफ्त इलाज प्राइवेट अस्पतालों में इस योजना के तहत करवा पाएंगे तो उनके दिलों में केंद्र सरकार और मोदी की छवि और अधिक मजबूत और अधिक दृढ़ हो जाएगी।

## शराब बहाई पानी की तरह और पानी को तरसी दिल्ली: संजय शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**चुनाव से पूर्व केजरीवाल** सरकार ने पीने के पानी का अहम चुनावी मुद्दा बनाकर खुब भुनाया था, और दिल्ली की जनता को बीस लीटर फ्री पानी देंगे इसके साथ ही कई सारी बुनियादी सुविधाएं देने का वादा कर-के दिल्ली की सत्ता में काबिज़ तो हो गए, लेकिन अपने किए हुए सभी वादों को भूल गए। त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र स्थित वार्ड-63 से भाजपा नेता संजय शर्मा ने बताया कि वार्ड-63 में वैसे तो अनेकों समस्याएं है, लेकिन अहम समस्या जो है, वह है पीने के पानी व पार्किंग की। उन्होनें बताया कि क्षेत्र में पीने का पानी कभी भी टाइम से नहीं आता है, और कभी आता है तो वह सिर्फ एक या दो घंटो के लिए ही आता है, जिससे सभी



लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है।

**गंदा पानी पीनें को मजबूर लोगः** वैसे तो कभी समय से पानी नहीं आता है, और अगर आ भी जाए तो इतना गंदा व बदबूदार होता है जिससे पीना तो दूर की बात हाथ भी न धोया जाए। केजरीवाल सरकार ने दिल्ली की भोली भाली जनता से विश्वासघात किया है।



वजीरपुर वार्ड में कार्यकर्ताओं के साथ डोर-टू-डोर अभियान चलाते हुए वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

## मॉडल टाउन: रक्तदान से दे सकते हैं किसी को प्राणदान: सुरजीत सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मॉडल** टाउन पार्ट-तीन में रहने वाले व प्रसिद्व समाज सेवी सुरजीत सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान होता है और रक्तदान से हम किसी जरूरतमंद को प्राणदान भी दे सकते है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। क्योंकि रक्तदान करना एक प्रकार से पुण्य का कार्य होता है, तो वहीं हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी मरीज को समय रहते मिल जाए तो उसके लिए किसी मृत संजीवनी से कम नहीं होगा, इसलिए इस पुण्य के कार्य में हिस्सा ले और सभी रक्तदान जरूर करें।



**समय-समय पर करते रहे रक्तदानः** सुरजीत सिंह ने कहा कि इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले और अधिक से अधिक बार रक्तदान करें और दूसरे लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें।

**रक्तदान से शरीर में नहीं आती कमज़ोरीः** रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं हैं कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है।

# अग्रवाल भवन में आदर्श नगर बस्ती की बैठक हुई संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अयोध्या में** श्री राम मंदिर जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर आदर्श नगर बस्ती की बैठक आदर्श नगर स्थित अग्रवाल भवन में सम्पन्न हुई। यह बैठक राम करण कंसल प्रधान शिव मंदिर की अध्यक्षता में हुई। इसमें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ झंडेवालान विभाग के अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि अयोध्या से पूजित अक्षत, श्रीराम जी का चित्र व पत्रक श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा पूरे देश भर में दिये जा रहे है। इस मौके पर लक्ष्मी नारायण मंदिर से हरि किशन गुप्ता, राकेश जुनेजा, आर्य समाज मंदिर संजय सोनी, मूलचंद कॉलोनी शिव मंदिर







से प्रदीप राणा, विजय तालरा, मधु प्रकाश, प्रदीप जिंदल, विजय पालीवाल, ओम खुराना, रिंकू साहनी, सुरेन्द्र पुनियानी, राजेश रावत, विकास गोयल, विपिन गुप्ता, आदर्श नगर रामलीला कमेटी से संजय गोयल, रमेश चौहान, मनीष कंसल, नवीन गुप्ता, विश्व हिन्दू परिषद से प्रेम जी, आदर्श नगर बस्ती प्रमुख अरूणोदय गुप्ता, विमल अग्रवाल, संजय सेठी, गुरदीप ओबराय, हरीश त्यागी, शशि राज चौहान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर अरूणोदय गुप्ता ने आदर्श नगर की धार्मिक संस्थाओं के पूजनीय संत, आदरणीय अध्यक्ष, महामंत्री, शास्त्री, ग्रन्थी, आचार्य जी से अपील करते हुए कहा कि आगामी पौष शुक्ल, द्वादशी, विक्रम संवत् 2080, सोमवार दिनांक 22 जनवरी 2024 के शुभदिन प्रभु श्रीराम के बाल रूप नूतन विग्रह को श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर भूतल के गर्भगृह में विराजित करके प्राण-प्रतिष्ठा की जायेगी। इस अवसर पर अयोध्या में अभूतपूर्व आनन्द का वातावरण होगा। आप भी प्राण-प्रतिष्ठा के दिन (पूर्वाह्न 11: 00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे के मध्य) अपने मठ, आश्रम, मंदिर, जैन स्थानक, आर्य समाज, गुरूदारों में आस-पडोस के राम भक्तों को एकत्रित करके भजन कीर्तन करें। टेलिविजन अथवा कोई पर्दा एलईडी स्क्रीन लगाकर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को दिखाये। शंखध्वनि, आरती करें और प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन करें। इस मौके पर अन्य गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम से प्रतिदिन जुड़ रहे प्रदेश के हजारों लोग: गुर्जर

**कार्यक्रम**

**8 यात्रा के 28वें दिन तक पूरे प्रदेश में हजारों की संख्या में हुए कार्यक्रम**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और विकसित भारत के संकल्प को लेकर निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा से प्रतिदिन प्रदेश के हजारों लोग जुड़ रहे हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने इस यात्रा को जनसंवाद के साथ जोड़ कर एक अनूठा रूप दिया है जिससे लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। इस यात्रा के दौरान न केवल विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही बल्कि पात्र नागरिकों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। इसके अलावा लोगों के स्वास्थ्य की जांच भी की जा रही है। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर आज वीरवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद के तहत फरीदाबाद की स्प्रिंग फील्ड कॉलोनी के कम्युनिटी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर लोगों को संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के पूरे प्रदेश में आज तक हजारों की संख्या में कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। यात्रा के दौरान आज तक पूरे प्रदेश में 25 लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। यात्रा के दौरान आज तक 4 लाख से ज्यादा लोगों ने हेल्थ कैंपों में पहुंचे और अपनी स्वास्थ्य संबंधी स्क्रीनिंग करवाई। 3 लाख से अधिक लोगों की टीबी की स्क्रीनिंग की गई। यात्रा के दौरान 5 लाख से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड व 5956 किसान क्रेडिट कार्ड जारी किये गए। आयुष्मान चिरायु योजना के तहत एक लाख 28 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। 22531 स्वामित्व कार्ड बांटे गए। हजारों की संख्या में लोगों ने पीएम स्वनिधि योजना के लिए जानकारी ली। इस दौरान 6809 लोगों आधार कार्ड कैंप में पहुंचे और 3038 लोगों ने नेचुरल फार्मिंग से संबंधित जानकारी ली। यात्रा के दौरान 20326 महिलाओं को, 32510 विद्यार्थियों, 4492 स्थानीय खिलाड़ियों तथा 4293 स्थानीय कलाकारों को अवार्ड भी वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की परिकल्पना है कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र में तब्दील हो जाए। यह एक बड़ा और व्यापक अभियान है।

# मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर रबी फसलों का पंजीकरण अति आवश्यक: डीसी विक्रम सिंह

**अनुरोध**

**8 फरीदाबाद जिले के सभी किसान समय रहते अपनी फसल का पंजीकरण पोर्टल पर करा लें।**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि विभाग की किसान हितेषी योजना ह्वमेरी फसल मेरा ब्यौराह्व के अर्न्तगत किसानों को अपनी फसल का पंजीकरण करना अति आवश्यक है। क्योकि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा किसानो का विभागीय लाभ प्राप्त करने के लिये मेरी फसल मेरा ब्यौरा पंजीकरण का होना अनिवार्य है। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि केवल पंजीकृत किसानो की रबी फसलों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की जायेगी इसलिये किसी भी असुविधा से बचने एवं रबी फसलों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचने के लिये अपनी फसल का पंजीकरण करायें। हरियाणा सरकार द्वारा रबी फसलो के पंजीकरण के लिये पोर्टल 12.11.2023 से खोल दिया गया था। डीसी विक्रम सिंह ने किसानों से अनुरोध किया है कि फरीदाबाद जिले के सभी किसान समय रहते अपनी फसल का पंजीकरण पोर्टल पर करा लें। मेरी फसल मेरी ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण के लिये ओटीपी आधार से जुडे हुए मोबाईल नंबर को अपडेट करा लें। जिससे मेरी फसल मेरा ब्यौरा पंजीकरण में परेशानी का सामना ना करना पड़े। कृषि विभाग द्वारा किसानो को जागरूक करने के लिये विभाग के कर्मचारियों द्वारा भी जागरूक किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस पार्टी नहीं बल्कि है एक विचारधारा : लखन सिंगला

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के 139वें स्थापना दिवस के अवसर पर ओल्ड फरीदाबाद स्थित कांग्रेस कार्यालय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष जेपी नागर ने शिरकत की। इस दौरान जेपी नागर ने कांग्रेसजनों के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया और सभी को कांग्रेस स्थापना दिवस की बधाई दी। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए लखन सिंगला ने कहा कि कांग्रेस एक पार्टी नहीं बल्कि विचारधारा है, कांग्रेस इतिहास बहुत ही पुराना और स्वर्णिम रहा है, कांग्रेस ने देश की आजादी के लिए कुर्बानियां दी है और इन्हीं कुर्बानियों की बदौलत हमें आजादी मिली और आजादी मिलने के बाद उन्नत भारत की नींव भी कांग्रेस ने ही रखी। उन्होंने कहा कि पिछले 70 सालों के दौरान कांग्रेस ने देश को मजबूत बनाने में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ी, देश में सुई से लेकर जहाज तक का निर्माण कांग्रेस पार्टी की ही देन रही है। परंतु आज भाजपा सरकार लोकतंत्र का हनन करने में जुटी है,जिसे कांग्रेस किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री सिंगला नेकहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कार्यकाल में कांग्रेस ने फरीदाबाद सहित हरियाणा को विकास के शिखर पर पहुंचाने का काम किया, लेकिन आज भाजपा सरकार में लोग मौलिक सुविधाओं से वंचित है और त्राहि-त्राहि कर रहे है और बदलाव चाहते है। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में देश व प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनेगी, उसके बाद सही मायनों में देश व प्रदेश का विकास होगा। कार्यक्रम कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर डोनेट फॉर आईएनसीसी अभियान के तहत 225 लोगों ने 138 रूपए का योगदान पार्टी को दिया, जिनके सर्टिफिकेट भी ऑनलाइन इश्यू किए गए और लखन सिंगला ने इन सभी कार्यकताओं को सर्टिफिकेट सौंपे। इस अवसर पर रेनू चौहान, वेदपाल दायमा, बालकिशन वशिष्ठ, प्रदेश प्रवक्ता नीरज गुप्ता, राव बलवीर यादव,ओमप्रकाश शर्मा, विरेद्र वशिष्ठ, सुभाष पांचाल गुलाब सिंह गुड्डु, हरिलाल गुप्ता, खुशबू खान, रचना भसीन, प्रियंका कक्कड, महेंद्र सिंह, लाला शर्मा, सत्यवति देवी, राकेश जैन, इशांत ठाकुर, संजय शर्मा, संतलाल रावत, कर्मवीर खटाना, विजय कुमार, अरविंद गोयल, नितिन सिंगला, हाजी इरफान, जनरल हुसैन, अजब सिंह सूरज ढेडा, बंटी चौधरी सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

### भगवान की शरण में जाने वाले व्यक्ति के सभी दुख दर्द दूर होते है- मुरारी लाल बृजवासी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

श्रीराम मंदिर तालाब वाली गली ओल्ड फरीदाबाद में आयोजित श्रीमद. भागवत कथा में कथा व्यास परम परम श्रद्धेय श्री मुरारी लाल बृजवासी जी महाराज ने देवहूति कदर्भ विवाह एवं श्री कपिलावतार का सुन्दर वर्णन प्रस्तुत कर वहां मौजूद सभी भक्तों को भाव विभोर कर दिया। मुरारी लाल बृजवासी जी महाराज ने कहा कि संसार में लोगों को तारने के लिए लोगों को उपकार करना चाहिए। उन्होनें बताया कि उपकार के साथ अपने जीवन का लक्ष्य परम धर्म यानि की भागवत में जीना चाहिए क्योकि भागवत ही भगवान श्री कृष्ण का स्वरूप है जोकि स्वंय श्रीकृष्ण के स्वरूप से सभी को कलियुग में दर्शन कराके मोक्ष देने वाली है। उन्हानें कहा कि मनुष्य को ईमानदारी से धर्म का पालन करना चाहिए तभी वह सभी सुख सुविधाओं से परिपूर्ण हो सकता है। उन्होनें कहा कि भगवान की शरण में जाने वाले व्यक्ति के सभी दुख दर्द दूर होते है। इस मौके पर अतिथि के रूप में पधारे नवीन भाती,रिंकु यादव,दिनेश सरदाना,के डी शर्मा,एस के सेनी,सतीश आहूजा,हेमंत खुराना,एडवोकेट दीपक ठुकराल,राकेश भाटिया ,टोनी पोशाक वाले,(सेंट्रल मार्केट के प्रधान)रिंकु,(उप-प्रधान)शुभम अरोड़ा,(केशियर) गौरव नस्सा,(सेक्रेटरी) कृष्ण चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे जिनका मंच पर संस्था ने सम्मान किया। संस्था के प्रधान परविंदर मल्होत्रा ने बताया की कथा को लोगो से बहुत प्रेम मिल रहा है। इस अवसर पर परविन्द्र मल्होत्रा(शंटी) ने कहा कि भागवत की परिक्रमा करने से घर में सुख शांति,धन प्राप्ति,रोग निवृति व गृह कलेश दूर होते है।

### युवती के साथ दुष्कर्म को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए महिला थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर सविता की टीम ने दुष्कर्म के मुकदमे में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नौशाद सेक्टर-58 एरिया का रहने वाला है। आरोपी पीडिता के आस-पास ही रहता है। आरोपी ने युवती के साथ दुष्कर्म की वारदात को 25 दिसम्बर को मौके देखकर अंजाम दिया था। आरोपी ने पीडिता के घर पर वारदात को अंजाम दिया था।

# खेल में जीतने से ज्यादा अच्छा है खेल को अच्छी भावना से खेलना: प्रो. सचदेवा

**शुभारंभ**

**8 केयू में नॉर्थ-ईस्ट जोन एवं साउथ वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी (महिला व पुरुष) शूटिंग चैम्पियनशिप का शुभारंभ**



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि खेल में जीतने से ज्यादा अच्छा है खेल को अच्छी भावना से खेलना। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षा व संस्कृति के क्षेत्र में पूरे देशभर में अच्छा कार्य कर रहे हैं वहीं खेल के क्षेत्र में विश्वविद्यालय पूरे देश में माका ट्रॉफी में लगातार दूसरी बार तीसरे स्थान पर रहा है। वहीं खेलो इंडिया में पूरे भारत में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने छठा स्थान प्राप्त कर खेलों के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता का परिचय दिया है।वे गुरुवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के खेल विभाग में आयोजित नॉर्थ-ईस्ट जोन एवं साउथ वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी (महिला व पुरुष) शूटिंग चैम्पियनशिप के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के मानसिक, बौद्धिक एवं व्यक्तित्व विकास में सहायक है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया व शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम के गेस्ट ऑफ ऑनर केयू कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने सभी खिलाड़ियों से खेल को हमेशा ईमानदारी व अनुशासन के साथ खेलने का आह्वान किया। खेल परिषद के प्रधान डॉ. नितिन सहगल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यवाहक खेल निदेशक डॉ. राजेश सोबती ने कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा सहित सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में 60 यूनिवर्सिटी से 224 टीमों के करीब 700 खिलाड़ी राईफल व पिस्टल प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।इस मौके पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय खेल परिषद के प्रधान डॉ. नितिन सहगल, खेल निदेशक डॉ. राजेश सोबती, पूर्व केडीबी सदस्य सौरभ चौधरी, डॉ. पवन दिवान, डॉ. सलोनी दिवान, खेल परिषद के उप-प्रधान डॉ. विनोद चहल, बाक्सिंग कोच राजेश राजौंद, कोच नरेश कुमार, कोच रमेश चंद, नरेश सहित खिलाड़ी, कोच व मैनेजर मौजूद रहे।

# विधायक महिपाल ढांडा ने उपस्थित जनसमूह को संकल्प शपथ दिलाई



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत बुधवार को गांव बबैल व निंबरी में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा ने उपस्थित जनसमूह को संकल्प शपथ दिलाई और उपस्थित जन समूह को संबोधित भी किया। विधायक महिपाल ढांडा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने देश-प्रदेश में अंत्योदय व गरीब कल्याण और उत्थान से संबंधित योजनाएं चलाकर अंत्योदय के सपने करने के साथ-साथ गरीबों को समाज की मुख्यधारा में लाने का काम किया है।उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न स्टॉल व प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा हमारा संकल्प-विकसित भारत का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ लेने के लिए जन संवाद कार्यक्रमों में नागरिकों की भीड़ उमड़ रही है। पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा ने कहा कि यह सब केंद्र व प्रदेश की आमजन के लिए चलाई गई योजनाओं का ही परिणाम है कि लोग इन योजनाओं का लाभ ले रहे हैं।

### कांग्रेस ने हमेशा देश को एकजुटता में बांधा :- शारदा राठौर

**बल्लभगढ़/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 138 वां स्थापना दिवस मोहना रोड स्थित पूर्व विधायक शारदा राठौर के कार्यालय पर पार्टी का झंडा फहरा कर मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक शारदा राठौर ने कहा कि कांग्रेस एक ऐसा आंदोलन है जो विविधता से भरपूर एक महान देश को एकजुटता के सूत्र में बांधता है। कांग्रेस की पहचान न्याय, स्वतंत्रता, समानता व संघर्ष से की जाती है, जो देश के हर नागरिक के प्रति समर्पित है। इसलिए कांग्रेस का स्थापना दिवस राष्ट्र के प्रति निष्ठा

# विकसित भारत संकल्प यात्रा योजनाओं का लाभ देने का बन रही सशक्त माध्यम



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ आज फरीदाबाद के गाँव लहडोला व बदरोला पहुँचने पर ग्रामवासियों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लहडोला गाँव के सरपंच अजब नागर तथा गाँव बदरोला के सरपंच जयवीर सिंह उपस्थित रहे। ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए सरपंच अजब नागर ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में आमजन तक सरकार की नीतियों का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित ना रहने पाए और उसे मौके पर ही लाभ प्रदान किया जा सके। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे कार्यक्रम के दौरान उपलब्ध स्टालों पर योजनाओं की जानकारी अवश्य लें, साथ ही अपने परिवारजनों, पड़ोसियों और मित्रगण को सूचित करें। यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी बनती है। उन्होंने कहा कि सरल हरियाणा पोर्टल के माध्यम से व्यक्ति घर बैठे विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना की जानकारी सांझा करते हुए कहा कि इस तरह की योजनाएं विपत्ति में व्यक्ति का बड़ा सहारा बनती हैं। कोई भी व्यक्ति मात्र 20 रुपए का भुगतान के साथ दो लाख रुपए का बीमा करवा सकते हैं, साथ केवल 436 रुपए जमा करवाते हुए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अंत्योदय परिवारों को पांच लाख रुपये तक कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। गाँव बदरोला के सरपंच जयवीर सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार गरीबों और वंचितों के विकास के लिए प्रयत्नशील है।

# राई गांव में 1 करोड़ की लागत से सीवरेज लाईन कार्य का शिलान्यास

**जताया आभार**

**8 - वार्ड नं 8 के गांव राई में जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई का जताया आभार**



**टीम एक्शन इंडिया/राई**

वार्ड नं 8 के गांव राई में जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई के द्वारा 1 करोड़ 7 लाख की लागत से सीवरेज लाईन के कार्य का शिलान्यास जयभगवान कौशिक के द्वारा नारियल तोड़ कर शुभारंभ किया गया। यह कार्य गांव के हाई स्कूल से लेकर राठधना रोड ईश्वर के मकान तक लाइन दबाई जाएगी। पुनीत राई ने संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने वार्ड में विकास के लिए कोई कसर नही छोड़ रहे है। गांव में गंदे पानी की निकासी की समस्या से निजात मिल जाएगी। यह मांग काफी लंबे समय से गांव के लोगों द्वक्षरा की जा रही थी। पुनीत राई ने कहा कि केन्द्र प प्रदेश सरकार विकास में कोई कसर नही छोड़ रही है। इसके अलावा गरीब लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर वर्ग का ध्यान रखते है। गरीब व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए गांव- गांव में यात्रा जा रही है। इस अवसर पर जिला पार्षद देवेंद्र मुकीनपुर, सुंदर जठेड़ी, विनोद चोपड़ा, रमेश कौशिक, राजकुमार कौशिक, सुरजीत कौशिक, संजीव त्यागी, राकेश कौशिक, दीपक, शोरव, छोटे लाल, रामकरण जेई, सचिन जेई आदि उपस्थित रहे

# कुरुक्षेत्र में कांग्रेस का 139 वां स्थापना दिवस पूरे हर्षोल्लास से मनाया



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**

पूर्व मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा तथा लाडवा के विधायक मेवा सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस का 139 वां स्थापना दिवस जिला कांग्रेस भवन में मनाया गया। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने मिलकर ध्वजारोहण किया तथा कार्यकताओं को बधाई दी।अपने संबोधन में अशोक अरोड़ा तथा लाडवा के विधायक मेवा सिंह ने कहा कि कांग्रेस की स्थापना ऐसे समय में हुई जब देश गुलाम था और अलग अलग भाषाओं और जातियों में बंटा हुआ था । आजादी की लड़ाई कांग्रेस के नेतृत्व में लड़ी गई । महात्मा गांधी ने लंबे समय तक आजादी की लड़ाई लड़ी और देश को आजाद करवाया । उन्होंने कहा कि देश की आजादी के पश्चात जब देश अनेक भाषाओं , अनेक प्रदेशो व जातियों में बंटा हुआ था, खाने के लिए अनाज बहार से मंगवाना पड़ता था। ऐसे समय में कांग्रेस ने देश की बागडोर संभाली और पंडित जवाहरलाल नेहरू प्रथम प्रधानमंत्री बने । नेहरू ने संविधान तैयार करने की जिम्मेवारी बाबा साहब अंबेडकर को दी और देश के संविधान में प्रत्येक व्यक्ति को समान अधिकार दिया गया । पहले वोट का अधिकार भी कुछ गिने-चुने लोगों को होता था लेकिन बाबा साहब अंबेडकर के नेतृत्व में तैयार किए गए संविधान में प्रत्येक नागरिक को वोट का अधिकार दिया गया । उन्होंने कहा कि जब अंग्रेज भारत छोड़कर गए देश के सामने अनेक चुनौतियां थी । कांग्रेस ने इन चुनौतियों को स्वीकार किया और देश को अनाज के मामले में आत्मनिर्भर बनाया । बड़े-बड़े बांध और उद्योग स्थापित किए । पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में देश ने खूब तरक्की की । उन्होंने कहा कि देश का संविधान बाबा साहब अंबेडकर के नेतृत्व में कांग्रेस की ही देन है। जो संविधान बाबा साहब ने देश को दिया, आज उस संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने का काम मौजूदा सरकार द्वारा किया जा रहा है। मौजूदा सरकार प्रजातंत्र को खत्म कर रही है और देश के संविधान को कमजोर कर रही है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा चुनौती को स्वीकार किया है और आज भी कांग्रेस इस चुनौती को स्वीकार करती है और देश के संविधान और प्रजातंत्र की रक्षा करने का संकल्प लेती है। आज के दिन सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता शपथ ले रहे हैं कि देश के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करेंगे। इस अवसर पर लाडवा के विधायक मेवा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 दिसंबर को लाडवा में आयोजित जन आक्रोश रैली को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान संबोधित करेंगे।

# खेवड़ा में पार्टी का झंडा फहराकर 139वां भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस स्थापना दिवस मनाया



**टीम एक्शन इंडिया/राई**

जसपाल आंतिल खेवड़ा पी सी सी डेलीगेट हरियाणा प्रदेश कांग्रेस ने अपने खेवड़ा कार्यालय पर कार्यकताओं के साथ मिलकर पार्टी का झंडा फहराकर 139वां भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस स्थापना दिवस मनाया और पार्टी के झंडे को कार्यालय के ऊपर लगाया। जसपाल आंतिल ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी कार्यकताओं के लिए गर्व व खुशी है कि कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी में भूमिका निभाई, जब 1885 में पार्टी की स्थापना हुई थी, तब हमारे स्वर्गीय नेताओं ने लोकतंत्र के लिए लड़ाई लड़ी थी। कांग्रेस का उद्देश्य लोक कल्याण करना है। कांग्रेस पार्टी भारत के निर्माण के लिए पूरी ईमानदारी से संघर्ष कर कर रही है। सभी साथियों ने पार्टी के अभियान के तहत डोनेशन करने के लिए प्रेरित किया। आंतिल ने कहा कि खुशी की बात है कि टीम दीपेंद्र हुड्डा राई ने लगभग 6 लाख रुपए से ज्यादा पार्टी के लिए चंदा डोनेट किया। इस मौके पर विशाल चौहान हल्का अध्यक्ष यूथ कांग्रेस, अमित नाहरा हल्का उपाध्यक्ष, इन्द्र आंतिल मीडिया कोर्डिनेटर लोकसभा सोनीपत, प्रवीन खापरा जिला प्रवक्ता यूथ कांग्रेस सोनीपत, राम जंगाला हल्का उपाध्यक्ष एस सी सेल, आदि मौजूद रहे।

फास्ट न्यूज

## बीएचयू के शोधकर्ताओं ने की रस्ट फंगस के एक नए फैमिली की खोज

**वाराणसी:** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के शोधकताओं को बड़ी सफलता मिली है। विभाग के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. राघवेन्द्र सिंह, डॉ. आरएन खरवार एवं उनकी टीम ने रस्ट फंगस (जंग कवक) के एक नए फैमिली निसोप्सोरेसी की खोज की है। शोधकर्ताओं में संजय यादव, सौम्यदीप राजवर, संजीत कुमार वर्मा, गार्गी सिंह (गोरखपुर विवि), डॉ. शैलेंद्र गुप्ता (गोरखपुर विवि) एवं केरला वन अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शंम्भू कुमार शामिल हैं। शोधकर्ताओं ने उत्तराखंड के चमोली जिले से दिसंबर 2018 में टूना साइनेंसिस की जीवित पत्तियों पर खोजी गई जंग कवक निसोप्सोरा टूना की एक नई प्रजाति का वर्णन और चित्रण किया है। इसमें कोशिकाओं की एक विस्तृत शृंखला और विविध टेलियोस्पोर आकार पाया गया। रस्ट फंगस की किसी अन्य प्रजाति में ऐसी विशेषताएं रिपोर्ट नहीं की गई हैं। आणविक डेटा पर आधारित फाइलोजेनेटिक विश्लेषण में और रूपात्मक अंतर के आधार पर सभी निसोप्सोरा को एक साथ क्लस्टर किया गया और एक अलग एवं स्वतंत्र मोनोफाइलेटिक वंशावली को समायोजित करने के लिए नया परिवार निसोप्सोरेसी स्थापित किया गया है। निसोप्सोरा की सभी वैध रूप से स्वीकृत प्रजातियों की रूपात्मक विशेषताओं और भौगोलिक वितरण की तुलना भी की गई है। यह शोध कार्य प्लांट पैथोलॉजी बीएंडआर इंटरनेशनल साइंस एंड टेक्नोलॉजी कोऑपरेशन बेस, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, गुइझोउ यूनिवर्सिटी, पीआर चीन की ओर से मशरूम रिसर्च फाउंडेशन द्वारा जर्नल ऑफ फंगल बायोलॉजी में 26 दिसंबर 2023 को प्रकाशित हुआ है। जंग कवक विश्व स्तर पर 7000 से अधिक प्रजातियों वाला एक मोनोफिलेटिक समूह हैं।

## पूर्व राष्ट्रपति कोविंद की फ्लाइट की भोपाल में इमरजेंसी लैंडिंग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पर बीती रात दो फ्लाइट्स की इमरजेंसी लैंडिंग हुई। इनमें से एक फ्लाइट में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद भी सवार थे। इमरजेंसी लैंड के बाद उनको सुरक्षित उतार दिया गया। करीब डेढ़ घंटे रुकने के बाद फ्लाइट त्रिवेंद्रम रवाना हुई। बता दें कि त्रिवेंद्रम से दिल्ली जा रही फ्लाइट में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद सफर कर रहे थे। एयरपोर्ट डायरेक्टर राम जी अवस्थी ने मामले पर जानकारी दी कि पूर्व राष्ट्रपति को कुछ समय वीआईपी लाउंज में ठहराया गया था जब विमान ठीक हो गया तो उन्होंने उड़ान भरी।

**बेंगलुरु से दिल्ली आ रही फ्लाइट को भोपाल किया गया डायवर्ट:** वहीं, बेंगलुरु से दिल्ली जा रही फ्लाइट 6ए 509 को डायवर्ट कर भोपाल एयरपोर्ट पर उतारा गया। उड़ान रद्द कर दी गई और उड़ान में यात्रा कर रहे सभी 161 यात्रियों को विमान से उतार दिया गया। 59 यात्री टर्मिनल बिल्डिंग से बाहर चले गए जबकि 102 यात्री टर्मिनल बिल्डिंग के अंदर ही रह गए। एयरलाइंस कम्पनी ने टर्मिनल भवन के अंदर रहने वाले यात्रियों को टर्मिनल भवन के अंदर स्थित फूड काउंटर और प्राइम लाउंज में खाने की सुविधा मुहैय्या करवाई।

# अविस्मरणीय होगा प्रधानमंत्री का राममय अयोध्या में आगमन: योगी

प्रधानमंत्री के अयोध्या आगमन से धर्मनगरी में होगा 'विकास के नए युग का सूत्रपात': मुख्यमंत्री

रामोत्सव

- धर्मनगरी अयोध्या से देश को मिलेगा एक नया एयरपोर्ट, अयोध्या को हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उपहार





**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आगामी 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धर्मनगरी अयोध्या आगमन को 'अविस्मरणीय समारोह' बनाने के लिए सभी प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री सूर्य प्रताप शाही व दयाशंकर सिंह तथा महापौर अयोध्या सहित स्थानीय प्रशासन के साथ वर्चुअल बैठक कर मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए प्रमुख दिशा-निर्देश..

वर्ष 2023 की विदा वेला पर धर्मनगरी अयोध्या में आदरणीय प्रधानमंत्री का आगमन अयोध्या में विकास के नए युग के प्रारंभ करने वाली होगी। इस अवसर पर देश को न केवल एक नए अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का उपहार मिलने जा रहा है, बल्कि अयोध्या को हजारों करोड़ की परियोजनाओं के उपहार भी मिलेगा। प्रधानमंत्री के रोड शो के लिए तय रूट पर सुरक्षा और साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था हो। पूरी अयोध्या राममय हो। स्थानीय मठ-मंदिरों को सजाएं। भव्य तोरण द्वार तैयार कराएं। जगह-जगह सांस्कृतिक मंडलियों द्वारा रुचिकर प्रस्तुतियां हों। प्रधानमंत्री के स्वागत हेतु अयोध्यावासी भी उत्सुक हैं। उन्हें यथोचित स्थान दें। साधु-संतगणों द्वारा पुष्पवर्षा कर प्रधानमंत्री का अभिनन्दन किया जाना है। उनसे संवाद बनाएं। यह रोड शो जनता के लिए है, ऐसे में जनभावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री का यह अयोध्या दौरा अयोध्या को हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उपहार देने वाला होगा। यह आयोजन अति महत्वपूर्ण है, इसके दृष्टिगत भारत सरकार के सहयोग से स्थानीय प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगे। जनसभा में आसपास के जनपदों से डेढ़ से 2 लाख आम नागरिकों के आने की संभावना के दृष्टिगत सभी तैयारियां और अयोध्या को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गो पर पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था एवं जनसभा में आने वाले नागरिकों की आधारभूत सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

## अयोध्या के 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में शराब बिक्री पर प्रतिबंध

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
भगवान राम की नगरी अयोध्या के 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में शराब की बिक्री को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। परिक्रमा क्षेत्र में स्थित सभी शराब की दुकानें हटाई जाएंगी। ये शराब बंदी सिर्फ 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर रहेगी। श्रीराम मंदिर क्षेत्र में पहले ही शराब बंदी लागू हो चुकी है। राज्य के आबकारी एवं मद्य निषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने बुधवार शाम को पत्रकारों को बताया कि श्रीराम मंदिर क्षेत्र में पहले ही शराबबंदी लागू हो चुकी है।
अब 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में भी शराब नहीं बिकेगी। इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में शराब की दुकानों को हटाने के निर्देश दिए गए हैं। कुछ दुकानें हटा भी दी गई हैं। 84 कोसी परिक्रमा पांच जिलों बस्ती, गोंडा, अयोध्या, बाराबंकी और अंबेडकरनगर से होकर गुजरती है। परिक्रमा पथ पर एनएच-28, एनएच-27, एनएच-135 और एनएच-330 पड़ते हैं। इस क्षेत्र में 600 से ज्यादा शराब की दुकानें हैं जिन्हें अब हटाया जाएगा।



दिल्ली कैंट में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान बुजुर्ग महिला सेल्फी प्वाईट में फोटो क्लिक करवाती हुई।

## झारखंड में इस वर्ष 397 नक्सली हुए गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/रांची**
झारखंड पुलिस ने इस वर्ष जनवरी से अबतक तक कुल 397 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, इसमें एक सैक सदस्य, एक आरसीएम, पांच जोनल कमांडर, 11 सब जोनल कमांडर, नौ एरिया कमांडर शामिल हैं। इन गिरफ्तार नक्सलियों के खिलाफ राज्य सरकार की ओर से कुल एक करोड़ एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। माह जनवरी 2023 से अबतक तक 26 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष सरेंडर किया है, इसमें तीन आरसीएम, दो जोनल कमांडर, नौ सब जोनल कमांडर, दो एरिया कमांडर शामिल हैं। सरेंडर नक्सलियों के खिलाफ राज्य सरकार की ओर से कुल 80 लाख का इनाम घोषित है। इस दौरान वर्ष 2023 में अबतक नक्सलियों से कुल 152 हथियार बरामद किये गये हैं। इसमें पुलिस से लूटे गए 27, रेगुलर 16 और 109 देशी हथियार शामिल हैं।

# हिमाचल को कांग्रेस सरकार ने महंगाई के बोझ तले दबाया: अनुराग



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
**केंद्रीय** सूचना एवं प्रसारण और खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर दो दिनों के हिमाचल प्रवास पर हैं। 28 दिसंबर और 29 दिसंबर को अनुराग ठाकुर हिमाचल में हैं। प्रवास के पहले दिन यानी 28 दिसंबर को अनुराग ठाकुर बड़सर विधानसभा में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। सर्वप्रथम होटल के स्टार में सेक्टर प्रभारीयों संग बैठक की। इसके पश्चात ग्राम पंचायत सोहारी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए और शाम में हरसौर के होटल पुष्पम में सेक्टर प्रभारियों से मिले। इस दौरान मीडिया कर्मियों से वातार्लाप करते हुए अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा ज़िले स्थित पौंग डैम के आस पास प्रस्तावित इको सेंसेटिव जोन और उससे उत्पन्न होने वाली स्थानीय चिंताओं पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव जी के साथ परिचर्चा की जानकारी देते हुए बताया, "मैंने पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से मिलकर पौंग डैम के आस पास के इलाकों में इकोसेंसेटिव जोन के प्रस्ताव और उससे जुड़े स्थानीय मुद्दों को उनके समक्ष प्रमुखता से रखा था। हमारे आग्रह पर और स्थानीय लोगों की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए

कांग्रेस निशाने पर

- राम के अस्तित्व पर सवाल उठाने वाले अब निमंत्रण पर कर रहे राजनीति: अनुराग ठाकुर

पर्यावरण मंत्री ने इस मुद्दे पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की बात की और इसके साथ हीं फिलहाल पौंग डैम के आसपास के इलाकों को इको सेंसेटिव जोन बनाने के प्रस्ताव पर रोक लगा दी है।" आगामी 22 जनवरी को अयोध्या नगरी में भव्य राम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रण पर हो रही राजनीति को बेफिजूल बताते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा, "आज कोई निमंत्रण स्वीकार कर रहा है, कोई अस्वीकार कर रहा है और कोई बोल रहा है कि नियंत्रण ही नहीं मिला।

निमंत्रण देने का कार्य जिसे कमेटी का है वह उसे कर रहे हैं। लेकिन ऐसे लोग जो कभी भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते थे, उन्हें काल्पनिक बताते थे, राम मंदिर का विरोध करते थे और कटाक्ष करते हुए मंदिर निर्माण की तारीख पूछा करते थे, वे आज निमंत्रण को लेकर राजनीति कर रहे हैं।"

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नवा सुरुज कवि सम्मेलन में हुए शामिल




**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
**मुख्यमंत्री** विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित नवा सुरुज कवि सम्मेलन में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ महतारी और बलिदानी वीर साहिबजादों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव सहित सभी अतिथियों ने कवि सम्मेलन का आनंद लिया। देश के प्रख्यात कवि पद्मडॉ सुरेंद्र दुबे और डॉ कुमार विश्वास की पंक्तियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

कवियों की वीर, श्रृंगार और हास्य रस की कविताओं से पूरा स्टेडियम झूम उठा। कवि सम्मेलन में मनवीर मधुर, गोविंद राठी, सपना शर्मा ने अपनी मौलिक रचनाओं का वाचन किया।
कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव, विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, ओ पी चौधरी, विधायक अनुज शर्मा, विधायक खुशवंत साहेब, विधायक अजय चंद्राकर, विधायक धरम लाल कौशिक भी उपस्थित रहे।

हास्य रस

- देश के प्रख्यात कवि कुमार विश्वास और पद्मडॉ सुरेंद्र दुबे की पंक्तियों से झूम उठा स्टेडियम, उपमुख्यमंत्री भी रहे मौजूद

## 'छत्तीसगढ़ में भाजपा लोकसभा की 11 सीटें जीतेगी'



**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
**प्रदेश** पदाधिकारी बैठक नितिन नबीन ने कहा कार्यकर्ता हमेशा कहता था हमे अपनी सरकार चाहिए आज वो बात हो चुकी है आपको आपकी अपनी सरकार मिल चुकी है उसकी सभी को बधाई। सभी को बधाई देते हुए कहा आज छत्तीसगढ़ का सरल आदिवासी आज इस प्रदेश का मुख्यमंत्री बन कर कार्य कर रहा है यह एक बेहद सुखद अनुभव है। नितिन नबीन ने कहा वातावरण ऐसा बना दिया गया था जिससे भाजपा नही जीतेगी ऐसा बताया जाता था लेकिन हम तेज गति से कार्य करते रहे। आंदोलन पे आंदोलन करते रहे जनता का साथ मिल रहा था सभी आंदोलनों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने जब नारा दिया था अऊ नही सहिबो, बदल के रहिबो तब तय हो गया था भाजपा की सरकार आके रहेगी। लोकसभा चुनावो को लेकर अपना मार्गदर्शन देते हुए उन्होंने कहा हमे 11 सीटे जीतना हैं कार्य में लग जाना है पूरी मेहनत करना है। 30 सीटों में हम 51 प्रतिशत से ज्यादा मत हासिल करने में सफल हुए है। हमे इससे भी ज्यादा वोट हासिल करने है।

## कोलकाता में छापेमारी के दौरान ईडी ने बरामद किए दो करोड़ रुपये

**कोलकाता:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को यहां एक आवास पर मैराथन छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया है। इस दौरान भारी मात्रा में नकदी जब्त की गई है।

सूत्रों के मुताबिक, बरामदगी दो करोड़ रुपये से ज्यादा हो सकती है, लेकिन सही रकम गिनती की प्रक्रिया खत्म होने के बाद ही पता चलेगी। ये घर रॉबिन यादव का है जिसने कोलकाता के केस्टोपुर इलाके के रवीन्द्र पल्ली में इस घर को किराए पर लिया था।

# गुना हादसा: सीएम मोहन ने दिए जांच के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल/गुना**
**मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने डंपर से टकराने के बाद बस में आग लगने की घटना के संबंध में कथित लापरवाही के लिए गुरुवार को गुना के एक परिवहन अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निलंबित करने का आदेश दिया है। बुधवार रात गुना जिले में हुए इस हादसे में 13 लोगों की जलकर मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। यह जांच का विषय है कि ऐसी आग कैसे लगी, सीएम यादव ने पीटीआई से कहा कि वे सुनिश्चित करेंगे कि ऐसी दुर्घटना दोबारा न हो।



**मृतकों के परिजनों को मिलेंगे 4-4 लाख रुपए:** अधिकारियों के मुताबिक बुधवार रात करीब 9 बजे गुना-आरोन रोड पर डंपर से टकराने के बाद निजी बस में आग लग गई। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की है। सीएम यादव ने कहा, गुना बस हादसा भयावह है। मैं और मेरी सरकार इस घटना से बेहद दुखी हैं। मैं पहले ही कह चुका हूं कि घटना की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएंगे कि ऐसी दुर्घटना दोबारा न हो। गुना के एक अस्पताल में घायलों से मिलने के बाद यादव ने मामले में लापरवाही के आरोप में गुना के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रवि बरेलिया और मुख्य चिकित्सा अधिकारी वी डी कतरोलिया को निलंबित करने का आदेश दिया है।

RENU VIDYA MANDIR
(An Institute of Special Education, Vocational Rehabilitation Training & Research)
Recognised by: Rehabilitation council of India (A Statuary Body of MSJE, Govt. of India)
Affiliated by: Deenbandhu Chhotu Ram University of Science and Technology (DCRUST) Murthal, Sonipat
Managed by: Shri Rameshwar Sewa Sansthan (Regd.) Kheora-Meerut Road Bahalgarh Sonipat-131021

POSITION VACANT

Applications are invited from the eligible candidates for the following posts:

| Name of Post | No. of Post | Eligibility/Essential Qualification & Experience | Salary |
| --- | --- | --- | --- |
| Associate Professor | 01 (HI) | 1. Master Degree in any discipline with 55% of marks 2. M.Ed. Degree in Specific Disability area with not less than 55% of Marks 3. Ph.D in Special Education or Education with Research emphasis on Special Education. 4. Should have 8 Years of Teaching Experience, or as per RCI Norms. | as per RCI Norms. |
| Assistant Professor | 01 (HI) 01 (ID) | 1. Master Degree in any discipline with 55% of marks 2. M.Ed. Degree in Specific Disability area with not less than 55% of Marks | as per RCI Norms. |

Intersted candidates may send their resume on our email id rvmharyana@gmail.com apply within 21 days from publishing of the advertisement.

Send your Resume: rvmharyana@gmail.com

More Information: 9896083388/8572899973 www.renuvidyamandir.in

कानून व्यवस्था

मिट्टी में मिल गये माफिया, 60 हजार पुलिस पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू

# योगी राज में इस साल माफिया के मकड़जाल से मुक्त हुआ उत्तर प्रदेश

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**वर्ष** 2023 उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था के मोर्चे पर काफी अहम साल साबित हुआ है। यूपी को माफिया, अपराध और भयमुक्त प्रदेश बनाने के लिए संकल्पबद्ध योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति का ही परिणाम रहा कि दशकों तक राज्य में आतंक का पर्याय रहे छोटे-बड़े सभी माफिया डॉन और उनका आपराधिक साम्राज्य पूरी तरह से मिट्टी में मिल चुका है। प्रदेश में व्यापारियों से रंगदारी ओर महिलाओं से छेड़खानी करने वाले तत्व या तो सलाखों के पीछे पहुंचा दिये गये या पुलिस मुठभेड़ में ढेर किये जा चुके हैं। इसके अलावा यूपी पुलिस को मजबूत बनाने के लिए इस साल 60 हजार से अधिक कांस्टेबल की भर्ती प्रक्रिया भी शुरू की गई है।



नेस्तनाबूद हुए माफिया, शोहदों की आई शामत, उद्योगों का बना फेवरेट डेस्टिनेशन

2023 माफिया मुक्त उत्तर प्रदेश के लिए जाना जाएगा। योगी सरकार की अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति ने प्रदेश के माफिया साम्राज्यों को नेस्तनाबूद कर दिया है। दशकों तक आतंक का पर्याय रहे यूपी के सबसे कुख्यात माफिया मुख्तार अंसारी को इस साल सबसे बड़ी चोट मिली है। माफिया मुख्तार को 2023 में एक के बाद एक 4 मामलों में सजा सुनाई गई है, जिसमें आजीवन कारावास जैसी अधिकतम सजा भी शामिल है। माफिया के आर्थिक 604 करोड़ से अधिक के साम्राज्य को भी पूरी तरह से मिट्टी में मिलाया जा चुका है। इसके अलावा प्रयागराज के अतीक गैंग का भी समूल विनाश हो चुका है।

इन दोनों दुर्दांत माफिया के प्रयागराज और लखनऊ में स्थित अवैध कब्जों को मुक्त कराते हुए गरीबों के लिए आवास बनाए जा रहे हैं।

वहीं माफिया विजय मिश्रा, अनुपम दूबे, सऊद अख्तर, धर्मेन्द्र व संजय सिंघला जैसे बड़े माफिया को योगी राज में कानून के जरिए उनके गुनाहों की सजा मिल चुकी है। बड़े माफिया के अलावा इलाकाई गुंडे-बदमाश और शोहदों के खिलाफ भी ताबड़तोड़ कार्रवाइयां हुई हैं।

## विजयवर्गीय ने बीजेपी राष्ट्रीय महासचिव पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली:** मोहन यादव मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री बनाए गए कैलाश विजयवर्गीय ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से त्यागपत्र दे दिया है। उन्होंने इस मामले की जानकारी देते हुए कहा,"आज मैं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से मिला। हमारी पार्टी के सिद्धांत 'एक व्यक्ति एक पद' के अनुसार मैंने महासचिव पद से उन्हें इस्तीफा सौपा। उन्होंने दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा से मिलकर उन्हें अपना इस्तीफा सौंपा।